**जबलपुर**

**गुरुवार, 26 जून 2025**

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–15
वर्ष : 20, अंक : 57
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 23

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



04 एआई से बनाएं आर्थिक-सैन्य मजबूती


मैट्रो
14 पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को ...


**रॉकेट की ज्वाला में दिखी भारत की शक्ति: स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी**

**अंतरिक्ष में लहराएगा तिरंगा, 41 साल बाद भारत की वापसी, राकेश शर्मा ने 1984 में भरी थी उड़ान**

# शुभांशु की 'शुभ-यात्रा'

अंतरिक्ष से तिरंगे के साथ संदेश...

## यह मेरी नहीं, 140 करोड़ भारतीयों की यात्रा

शुभांशु ने अंतरिक्ष से तिरंगे के साथ संदेश दिया-नमस्कार मेरे प्यारे देशवासियों! जय हिंद! जय भारत! मेरे कंधों पर तिरंगा है, जो मुझे यह अहसास दिलाता है कि मैं अकेला नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के साथ हूं। यह सिर्फ मेरी अंतरिक्ष यात्रा नहीं है, बल्कि भारत की मानव अंतरिक्ष यात्रा की शुरुआत है।



प्रक्षेपण 1



रॉकेट ने जैसे ही अंतरिक्ष में प्रवेश किया, भारत समेत दुनियाभर में इस ऐतिहासिक पल का जश्न शुरू

अंतरिक्ष में 2




3 अंतरिक्ष यात्री अब 14 दिन तक आईएसएस पर रहेंगे और इस दौरान 60 साइंटिफिक प्रयोग करेंगे

## माना जा रहा है शुभांशु आईएसएस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी संवाद कर सकते हैं

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा/नई दिल्ली

भारत ने अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रच दिया है। लखनऊ के रहने वाले शुभांशु शुक्ला (39) ने बुधवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की ओर उड़ान भरकर भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में 41 साल बाद वापसी कराई। वह अमेरिका की प्राइवेट कंपनी एक्सिओम मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए हैं। इस मिशन में भारत के अलावा हंगरी और पोलैंड के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल हैं। शुभांशु ने अंतरिक्ष से तिरंगे के साथ संदेश दिया कि यह केवल मेरी नहीं, 140 करोड़ भारतीयों की यात्रा है। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। रॉकेट ने जैसे ही अंतरिक्ष में प्रवेश किया, भारत समेत दुनियाभर में इस ऐतिहासिक पल का जश्न शुरू हो गया। लॉन्च के 10 मिनट बाद ही रॉकेट ने पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश कर लिया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने उत्साह में कहा कमाल की राइड थी। यह सुनते ही देशवासियों के चेहरे खिल उठे।



### परिवार ने की सत्यनारायण भगवान की कथा



शुभांशु के माता पिता की खुशी से आंखें भर आईं

शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला, जो कि एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी हैं, ने बताया कि परिवार ने उनके सफल मिशन के लिए सत्यनारायण भगवान की कथा और हवन का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि अब डर नहीं लग रहा, हम बस खुश हैं कि बेटा इतिहास रचने जा रहा है। उनकी मां आस्था शुक्ला ने कहा कि वह खुद बहुत उत्साहित हैं कि वह भारत के लिए कुछ नया करने जा रहे हैं। हम तो बस यही चाहेंगे कि वो मिशन पूरा कर के जल्दी लौट आएं। उनकी पत्नी डॉ. कामना शुभा शुक्ला और उनका पांच साल का बेटा इस वक्त फ्लोरिडा में ही है। उन्होंने वहीं से लांच देखा और सबको थैंक्स कहा।

### अपने नए स्पेसक्राफ्ट का नाम 'ग्रेस' रखा

एक्सिओम मिशन में शुभांशु शुक्ला के साथ अमेरिका की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोस उजनांस्की-विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू भी शामिल हैं। यह मिशन इन तीनों देशों के लिए भी खास है, क्योंकि ये देश लंबे समय बाद अंतरिक्ष में मानव भेज रहे हैं। अंतरिक्ष में पहुंचते ही चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने अपने नए स्पेसक्राफ्ट का नाम ग्रेस रखा।

### आमरस, गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और चावल पहुंचे अंतरिक्ष

खास बात यह है कि इस मिशन में वैज्ञानिक प्रयोगों के अलावा अंतरिक्ष यात्री अपने-अपने देश की सांस्कृतिक झलक भी लेकर गए हैं। शुभांशु शुक्ला भारतीय करी, चावल गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम का रस लेकर गए हैं, जबकि हंगरी से स्पाइसी पपरिका पेस्ट और पोलैंड से फ्रीज-फ्राइड पिरोगीज अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। यह मिशन केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है।









**खबर संक्षेप**

### कतर में फंसी मनीषा सीएम से की बात

**उज्जैन।** ईरान-इजराइल युद्ध के बीच कतर की राजधानी दोहा में उज्जैन की बहू मनीषा फंसी हुई हैं।



मनीषा कतर एयरवेज में सीनियर केबिन क्रू के पद पर कार्यरत हैं। ईरान ने जिस बेस पर मिसाइल दागी थी, वह इलाका उनके पास ही था। घबराई मनीषा की सुरक्षित वापसी के लिए परिवार ने सीएम डॉ. मोहन यादव से गुहार लगाई। सीएम निकालने का भरोसा दिलाया।

### सेंसेक्स 700 अंक चढ़ा निफ्टी में 25200 बढ़त

**मुंबई।** कारोबार के अंत में सेंसेक्स 700.40 अंक यानी 0.85 फीसदी की बढ़त के साथ 82,755.51 के



स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 200.40 अंक यानी 0.80 फीसदी की बढ़त के साथ 25,244.75 के स्तर पर बंद हुआ सीजफायर का जश्न बाजार में बरकरार रहा और सेंसेक्स-निफ्टी दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी रही। मिडकैप इंडेक्स लगातार चोथे दिन बढ़त पर बंद हुआ। आईटी, ऑटो शेयरों में खरीदारी रही।

**बड़ा फैसला : पहला चरण फरवरी में आयोजित किया जाएगा, दूसरा चरण मई में होगा**

# 2026 से साल में 2 बार होगी 10वीं की बोर्ड परीक्षा, सीबीएसई ने दी 'मानदंडों' को मंजूरी




**इस फैसले से छात्रों को यह होगा फायदा**

इस फैसले के बाद छात्रों को अपने अंकों में सुधार का मौका मिल पाएगा। यदि किसी छात्र के अंक पहले चरण में कम रह जाते हैं, तो वह दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करके सुधार कर सकेगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई शैक्षणिक सत्र 2026 से साल में दो बार 10वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाला है। बोर्ड ने मानदंडों को मंजूरी दे दी है। अगले वर्ष से परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण फरवरी में आयोजित किया जाएगा, दूसरा चरण मई में होगा। पहला चरण सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगा।

यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने दी है। कक्षा 10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में उपस्थित होना अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक रहेगा। आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा। इस फैसले के बाद छात्रों को अपने अंकों में सुधार का मौका मिल पाएगा। यदि किसी छात्र के अंक पहले चरण में कम रह जाते हैं, तो वह दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करके सुधार कर सकेगा।

### पहला चरण सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगा

- *आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा*
- *दोनों चरणों के परिणाम क्रमश: अप्रैल और जून में घोषित होंगे*



### किन्हीं 3 विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) ने कक्षा 10वीं के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसित एक कदम है। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे। छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति होगी।

**फरवरी और मई में होगी सीबीएसई की परीक्षा**

पहले फेज की परीक्षा फरवरी में शुरू होगी, 17 फरवरी 2026 से ये परीक्षाएं शुरू होगी और 7 मार्च तक खत्म हो जाएगी। रिजल्ट संभावित तारीख 20 अप्रैल 2026 तय की गई है, हालांकि रिजल्ट की तारीखों में बदलाव हो सकता है। वहीं दूसरे फेज की परीक्षा 5 मई 2026 से शुरू होगी ।

### स्वीकृत मानदंड मंगाई गई प्रतिक्रियाओं पर आधारित

स्वीकृत मानदंडों के अनुसार शीतकालीन सत्र में भाग लेने वाले स्कूलों के कक्षा 10वीं के छात्रों को किसी भी चरण में बोर्ड परीक्षा में बैठने का विकल्प मिलेगा। शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा। सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी। बाद में इन पर हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए इसे सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था। यह निर्णय नई शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसके अनुसार बोर्ड परीक्षाओं के उच्च-दांव पहलू को खत्म करने के लिए, सभी छात्रों को किसी भी स्कूल वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

**इंदौर-इच्छापुर नेशनल हाईवे पर हादसा**



# महू के पास निर्माणाधीन सुरंग ढही, दो की मौत

### देर रात से काम कर रहे थे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू

महू के पास इंदौर-इच्छापुर नेशनल हाईवे पर चोरल में निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। मलबे में दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह करीब 4 बजे हुआ। पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी मौके पर हैं। उन्होंने प्राथमिक तौर पर इसकी वजह बारिश को बताया गया है। झारखंड निवासी विकास राय (29) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सिंगरौली निवासी लालजी कौल (26) ने इंदौर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार के मुताबिक, हादसा इंदौर से करीब 35 किलोमीटर दूर चोरल इलाके में टनल नंबर 3 में हुआ।

- हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है काम

### पत्थर गिरने से युवक गाड़ी में चिपक गया

मृतक विकास के जीजा और प्रत्यक्षदर्शी सुदामा सिंह के मुताबिक रात 3.30 से 4.00 बजे के बीच टनल के ऊपर से पत्थर और मिट् टी गिरने से घटना हुई। पत्थर गिरने से एक लड़का वहीं गाड़ी में चिपक गया था। वह गाड़ी में खड़ा होकर काम कर रहा था। हादसे में वह गाड़ी पर ही चिपका रह गया। हम लोग 8 दिन पहले ही यहां काम करने आए थे। मृतक विकास मेरा साला था।

## 38 जिलों में बारिश से नदियां-नाले उफान पर, आज और बढ़ेंगी मानसून की गतिविधियां



### बिजली गिरने से 16 बकरियों की मौत, भोपाल में दिनभर रिमझिम

# टीटी नगर के एमएलए क्वार्टर्स का जर्जर हिस्सा गिरा, दबने से एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार को मध्यम और कुछ जिलों में तेज बारिश का दौर चला। भोपाल में मानसून आने के बाद पहली बार पूरे दिन रिमझिम और बीच-बीच में तेज बौछारें पड़ीं।

प्रदेश में बारिश से कई जिलों में हालात बिगड़ गए। भोपाल के टीटी नगर इलाके में पुराने एमएलए क्वार्टर्स में बने एक जर्जर मकान का हिस्सा अचानक गिर गया। इसके मलबे में दबने से एक युवक की मौत हो गई।



टीटी नगर में जर्जर मकान ढह गया

### आष्टा के बुधवारा में एक फीट तक पानी भरा

इंदौर में भी कई इलाकों में तेज बारिश हुई। आष्टा के बुधवारा में एक फीट तक पानी भर गया। कटनी के पान उमरिया में लगातार बारिश से बेलकुंड नदी का पानी गर्राघाट पुल पर करीब 10 फीट ऊपर से बह रहा है। खरगोन में नर्मदा तटों पर पानी बढ़ रहा है।

### 4 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को करीब 45 जिलों में सामान्य और 4 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट है। बुधवार को सुबह से शाम तक 38 से अधिक जिलों में मध्यम से सामान्य बारिश हुई। इनमें रायसेन, टीकमगढ़, छतरपुर, विदिशा, निवारी, पन्ना, मंडला, डिंडोरी, श्योपुर कलां, खरगोन, सतना, सागर, सीहोर, देवास, राजगढ़, नर्मदापुरम, खंडवा, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, हरदा, इंदौर, बुरहानपुर, भोपाल, अशोकनगर, शिवपुरी, बैतूल, छिंदवाड़ा, झाबुआ में भी सामान्य से मध्यम बारिश हुई है।

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंडः नहर में गिरी कार, बच्चे समेत 4 की मौत



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। हल्द्वानी में बुधवार सुबह मूसलधार बारिश के बीच एक बड़ा हादसा हो गया है। हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र स्थित फायर ब्रिगेड दफ्तर के पीछे बहने वाली सिंचाई नहर में एक कार अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसके बाद वह बहने लगी। कार में कुल सात लोग सवार थे। हादसे में एक मासूम बच्चे समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर

### महिला पुलिस अधिकारी से छेड़छाड़, केस दर्ज



**पुणे।** पुणे में एक महिला पुलिस अधिकारी से छेड़छाड़ करने के आरोप में भाजपा की पुणे इकाई के एक पदाधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी प्रमोद कोंधरे भाजपा की पुणे इकाई के महासचिव हैं और उनके एक वरिष्ठ सहयोगी ने बताया कि कोंधरे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से कथित घटना का पता चला।

### हाईवे पर केमिकल टैंकर में आग, ड्राइवर जिंदा जला

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में एक केमिकल टैंकर हादसे का शिकार हो गया। हादसे के कारण टैंकर पलट गया और उसमें भीषण आग लग गई। टैंकर में मौजूद ड्राइवर जिंदा जल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। इस घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। सभी लोग गाड़ियों से उतरकर भागने लगे, जिससे हाईवे पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया।

---

यात्रियों के लिए 'बड़ी सौगात'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया एग्जीक्यूटिव लाउंज का उद्घाटन, कहा-11 वर्षों में भारतीय रेलवे में हुआ क्रांतिकारी बदलाव

# सिर्फ 50 रुपए में 'भोपाल के रेलवे स्टेशन' पर मिलेंगी 'लग्जरी सुविधाएं'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को रुकने में अब बोरियत नहीं होगी। यात्रियों को सिर्फ 50 रुपए में वीआईपी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की नई बिल्डिंग में आइआरसीटीसी द्वारा एग्जीक्यूटिव लाउंज बनाया गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एग्जीक्यूटिव लाउंज का उद्घाटन किया। नए लाउंज में 50 रुपए में एसी हॉल, चाय-कॉफी, एलइडी टीवी और म्यूजिक सिस्टम का आनंद उठाने की सुविधा मिलेगी। साथ ही 200 रुपए में अनलिमिटेड खाना भी मिलेगा। लाउंज में यात्रियों के साथ-साथ उनके बच्चों के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं।

### सिर्फ 50 रुपए में ये सब सुविधाएं

1. एसी हॉल और आरामदायक सोफे
2. चाय-कॉफी, कुकीज
3. न्यूज पेपर और मैगजीन
4. फ्री वाई-फाई और मोबाइल चार्जिंग पॉइंट
5. एलईडी टीवी और म्यूजिक सिस्टम
6. ट्रेन की जानकारी के लिए डिजिटल डिस्प्ले
7. 200 रुपए में अनलिमिटेड खाना

स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की नई बिल्डिंग में आइआरसीटीसी द्वारा एग्जीक्यूटिव लाउंज बनाया गया है।



» *लाउंज में यात्रियों के साथ-साथ उनके बच्चों के लिए भी खास इंतजाम*

» *लाउंज में लूडो, कैरम और सांप-सीढ़ी जैसे इंडोर गेम्स की व्यवस्था*

### 300 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली ट्रेन भी देखेंगे : डॉ. यादव

भोपाल रेलवे स्टेशन पर एग्जीक्यूटिव लाउंज के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रेल हमारे देश का वह माध्यम है जिससे जुड़ाव आजादी से पहले से रहा है, लेकिन बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने जो क्रांतिकारी बदलाव देखा है, वह अद्वितीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण से लेकर उनके संचालन तक सब कुछ 'मेक इन इंडिया' के तहत हो रहा है। हाई स्पीड बुलेट ट्रेन पर भी तेजी से काम चल रहा है और जल्द ही हम 300 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली ट्रेन भी भारत में चलते देखेंगे।

### भोपाल में अक्टूबर में शुरू हो जाएगी मेट्रो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेट्रो ट्रेन का इंदौर में संचालन प्रारंभ हो चुका है और भोपाल में भी अक्टूबर तक यह सुविधा शुरू हो जाएगी। वहीं, भोपाल के पास रायसेन जिले के उमरिया गांव में रेल कोच फैक्ट्री की स्थापना का कार्य भी शीघ्र आरंभ होने जा रहा है। यह भेल जैसी एक और विशाल इकाई के रूप में विकसित होगी।

### अनलिमिटेड बुफे में यह मिलेगा

यात्रियों के लिए लाउंज में 200 रुपए में अनलिमिटेड वेज बुफे की व्यवस्था है। मेन्यू में इडली-सांभर, बड़ा, छोले-भटूरे, वेज बिरयानी, पास्ता, फ्रेंच फ्राइज, पूरी-सब्जी, खीर, सलाद और सूप जैसे तमाम विकल्प शामिल हैं। इसके अलावा पिज्जा, बर्गर और अन्य स्नैक्स ऑन डिमांड मिलेंगे।

### 100 रुपए में शॉवर और रीक्लाइनर चेयर भी

लंबी यात्रा के बाद तरोताजा होने के लिए 100 रुपए में आपको नहाने की सुविधा मिलेगी। जिसमें तौलिया, शैंपू और साबुन शामिल हैं।

---

जम्मू में चोरी के आरोपी की सरेआम परेड

## पुलिस ने गाड़ी के बोनट पर बैठाकर घुमाया, जूतों की माला भी पहनाई



एजेंसी ▶▶ जम्मू

- एसएसपी ने जांच के आदेश दिए
- आरोपी इश्फाक कश्मीर का निवासी

जम्मू के बख्शीनगर में चोरी के आरोपी को पुलिस ने जूतों की माला पहनाकर गाड़ी के बोनट पर बैठाकर परेड कराई, जिसका वीडियो वायरल हो गया। घटना पर विवाद के बाद एसएसपी ने जांच के आदेश दिए हैं और पुलिस की कार्रवाई पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप भी लग रहे हैं। जम्मू के बख्शीनगर थाने की पुलिस ने मंगलवार को चोरी के एक आरोपी को अपनी गाड़ी के बोनट पर बैठाकर परेड करवाई। उसे जूतों की माला भी पहनाई गई। आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था। इस पूरे घटनाक्रम में बड़ी संख्या में लोग पुलिस की गाड़ी के साथ चलते रहे। आरोपी इश्फाक कश्मीर का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बोनट पर बैठाये गए चोरी के आरोपी के हाथ बंधे हुए थे, उसे जूतों की माला पहनाया और लोग अपने मोबाइल से वीडियो बनाते रहे।

### हाल ही में इन आरोपियों की हुई परेड


- गंग्याल गोलीकांड में पकड़े गए चार आरोपियों को पुलिस ने गत दिनों सरेआम सड़क पर पीटते हुए परेड की थी।
- गुम्मट में ठगी के मामले में पकड़े गए आरोपी की परेड करते हुए पुलिस पैदल ही थाने ले गई।
- दोमाना में महिला से चेन छीनने के मामले में पकड़े गए दो आरोपियों को पुलिस ने नंगे पांव परेड करवाई थी।

---

5 हजार 317 पदों के लिए 61 भर्ती प्रक्रिया जारी

## मप्र लोकसेवा आयोग ने की 3,756 पदों पर भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में अब तक में मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) ने 3 हजार 756 पदों पर भर्ती की है। मौजूदा समय में 5 हजार 317 पदों के लिए 61 भर्ती प्रक्रियाएं जारी हैं। आयोग की ओर से जारी किए गए वार्षिक परीक्षा कैलेंडर का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेश लाल मेहरा ने बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक जारी 75 विज्ञापनों में शामिल 4 हजार 492 पदों के लिए 3 हजार 756 उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए संबंधित विभागों को अनुशंसा पत्र भेजे गए हैं।

## अचानक बिगड़ी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत

एजेंसी ▶▶ नैनीताल



कुमाऊं विश्वविद्यालय का कार्यक्रम खत्म होने के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अचानक तबीयत खराब हो गई। उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हल्द्वानी पहुंचे। हल्द्वानी आर्मी हैलीपेड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने उनका स्वागत किया। नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह कार्यक्रम में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि थे। अपने 45 मिनट के संबोधन में उन्होंने बार-बार कार्यक्रम में उपस्थित 1989 में अपने साथ सांसद रहे डॉ. महेंद्र सिंह पाल का जिक्र किया। कार्यक्रम के बाद मंच से उतरकर उन्होंने डॉ. पाल को गले लगाया। पांच मिनट तक पुरानी बातें करते रहे। डॉ. पाल बहुत भावुक होकर रोने लगे। बाद में डॉ. पाल को गले लगाए हुए ही उप राष्ट्रपति धनखड़ भी रोने लगे। तभी धनखड़ का स्वास्थ्य बिगड़ गया। मौके पर चिकित्सकों की टीम ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। जिसके बाद वे राज्यपाल गुरमीत सिंह के साथ राजभवन को रवाना हो गए।

---


## डॉ. मोहन यादव सरकार का भागीरथी प्रयास सफल




उपलब्धि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जल क्रांति

# सिंचाई का रकबा बढ़ने के साथ ग्रामीणों की बढ़ेगी आय

2334.55 करोड़ रुपये की लागत से मनरेगा से हो रहा जल संरचनाओं का निर्माण कार्य



### सिपरी साफ्टवेयर से किया स्थल का चयन

तकनीक के साथ बारिश के पानी को संचय किया जा सके, साथ ही नई जल संरचनाओं के निर्माण के लिए स्थल चयन में भी आसानी हो, इसके लिए मनरेगा परिषद द्वारा सिपरी सॉफ्टवेयर बनाया गया। यह सॉफ्टवेयर (सॉफ्टवेयर फॉर आइडेंटीफिकेशन एंड प्लानिंग ऑफ रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर) एक उन्नत तकनीक का साफ्टवेयर है, जिसे महात्मा गांधी नरेगा, मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल द्वारा एमपीएसईडीसी और इसरो के सहयोग से तैयार कराया गया है। इस साफ्टवेयर का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के लिए उपयुक्त स्थलों की सटीक पहचान कर गुणवत्तापूर्ण संरचनाओं का निर्माण सुनिश्चित करना है। इसके अलावा यह भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित वैज्ञानिक पद्धतियों से जल सरंचना स्थलों के चयन को अधिक सटीक बनाता है। सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रदेश में बड़ी संख्या में नई जल संरचनाओं जैसे खेत तालाब, अमृत सरोवर और डगवेल रिचार्ज के निर्माण के लिए स्थल का चयन किया गया।

### प्रदेश में पहली बार एआई, सिपरी और प्लानर सॉफ्टवेयर जैसी तकनीक का उपयोग



### जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को मजबूती देने के साथ ही प्रकृति, पर्यावरण, जल संरक्षण की दिशा में देश भर में चलाए जा रहे अभियान को मध्यप्रदेश सरकार मिशन के रूप में चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल क्रांति हो रही है। इस क्रांति के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा खेत तालाब, अमृत सरोवर, डगवेल रिचार्ज बनाए जा रहे हैं। इन कार्यों से प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, साथ ही भू-जल स्तर में भी सुधार होगा और ग्रामीण आजीविका को भी बढ़ावा मिलेगा।

### प्लानर सॉफ्टवेयर से बनाई कार्ययोजना

बारिश के पानी का संचयन बड़े स्तर पर किया जा सके, इसके लिए मनरेगा परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू होने के तीन माह पहले जनवरी से ही तैयारी प्रारंभ कर दी गई थी। इसके लिए परिषद द्वारा प्लानर सॉफ्टवेयर तैयार कराया गया जिसमें कम से कम प्रविष्टि करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर योजना को अंतिम रूप दिया जा सके। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लिए जाने वाले नवीन कार्यों को इस प्लान में शामिल किया गया। इसके अलावा पिछले वर्ष के प्रगतिरत कार्यों को पूरा करने के लिए उन कार्यों को भी कार्ययोजना में जोड़ा गया गया। प्लानर सॉफ्टवेयर का मुख्य उद्देश्य था मनरेगा के उद्देश्यों एवं प्रावधानों का पालन कराते हुए कार्ययोजना को आसान तरीके से बनाया जाना। परिषद द्वारा साफ्टवेयर के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर कराए जाने वाले कार्यों की वार्षिक कार्ययोजना तैयार कराई। खास बात यह रही कि मध्यप्रदेश इस तरह का नवाचार करने वाला देश का पहला राज्य भी है।

## 2 लाख 30 हजार से अधिक जल दूतों ने कराया पंजीयन

प्रदेश में जल संरक्षण के प्रति अधिक से अधिक लोग जागरूक हों, इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा 1 लाख 62 हजार 400 जल दूत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह लक्ष्य भी निर्धारित लक्ष्य से अधिक हो गया है। प्रदेश में अब तक 2 लाख 30 हजार से अधिक जलदूतों ने पंजीयन कराया है।

### 82 हजार 310 खेत तालाब, 1 हजार 283 अमृत सरोवर, 1 लाख 3 हजार कुओं में बनाया जा रहा रिचार्ज पिट



प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में 77 हजार 940 खेत तालाब, 1 लाख 3 हजार 900 डगवेल रिचार्ज और 992 अमृत सरोवर बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था। इसे समय रहते पूरा कर लिया गया है। प्रदेश में 21 जून की स्थिति में 82 हजार 310 खेत तालाब, 1 हजार 283 अमृत सरोवर और 1 लाख 3 हजार कुओं में रिजार्च पिट (डगवेल रिचार्ज विधि) बनाने का काम चल रहा है। इसके अलावा 19 हजार 949 पुराने कार्य भी पूरे किए गए हैं। जबकि, जल गंगा संवर्धन अभियान को पूरा होने में एक सप्ताह का समय शेष है। यह सभी कार्य मनरेगा योजना से कराए जा रहे हैं, जिसमें 2334 करोड़ रुपये खर्च की जा रही है।

### नियमित मॉनिटरिंग के लिए बनाया गया डैशबोर्ड

*जल गंगा संवर्धन अभियान में मनरेगा योजना के तहत होने वाले कार्यों की पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही नियमित तौर पर इसकी मॉनिटरिंग भी की जा सके, इसके लिए परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का डैशबोर्ड बनाया गया। डैशबोर्ड के माध्यम के प्रत्येक जिले में क्या-क्या कार्य हो रहे हैं उसकी राशि कितनी है। यह सब आसानी से देखा जा सकता है। साथ ही कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रत्येक सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट भी कलेक्टर को उपलब्ध कराई जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए बनाए गए डैशबोर्ड को नियमित 1 लाख 27 हजार से अधिक लोग देख भी रहे हैं।*

### 30 मार्च से शुरू हुआ था जल गंगा संवर्धन अभियान

*प्रदेश में बारिश के पानी का संचयन करने और पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन देने के लिए 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत हुई थी। इसका समापन 30 जून को खंडवा में होगा। 90 दिन तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से की थी।*

D-16048/25




## खबर संक्षेप

### अनिल की कंपनी ने की 600 करोड़ की डील

**मुंबई।** अनिल अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस डिफेंस को जर्मनी की प्रमुख रक्षा और गोला-बारूद मैन्युफैक्चरिंग राइनमेटल वैफे म्यूनिशन जीएमबीएच से 600 करोड़ रुपए का निर्यात ऑर्डर मिला है। रिलायंस समूह के संस्थापक चेयरमैन अनिल अंबानी ने कहा कि अत्याधुनिक गोला-बारूद क्षेत्र में यह अबतक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। यह ऑर्डर रिलायंस डिफेंस की वैश्विक रक्षा और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



### विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने वाले की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सेना के स्पेशल सर्विस ग्रुप के बड़े अफसर मेजर मुईज के मारे जाने की खबर है। दक्षिण वजीरिस्तान में टीटीपी ने मेजर मुईज को मारने का दावा किया है। दरअसल मोइज अब्बास वही पाकिस्तानी अधिकारी हैं, जिसने फरवरी 2019 में भारतीय वायु सेना के पायलट विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने का दावा किया था। अभिनंदन का फायटर जेट्स पाकिस्तान में क्रैश हो गया था, जब वे पाकिस्तान के फाइटर जेट की घुसपैठ को नाकाम कर रहे थे।



### कोर्ट में एनआईए का बड़ा

# पीएफआई की हिट लिस्ट में थे 950 लोग, पूर्व



एजेंसी ▶▶ कोच्चि

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एनआईए ने बताया है कि प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने केरल में 950 लोगों की एक 'हिट लिस्ट' तैयार की थी। इस लिस्ट में एक रिटायर्ड जिला जज का नाम भी शामिल है। यह खुलासा उस वक्त सामने आया जब एनआईए ने इस महीने की शुरुआत में केरल के एक विशेष अदालत में यह जानकारी पेश की। यह मामला 2022 में पलक्कड़, केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से जुड़ा है, जिसमें चार आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई हो रही थी। एनआईए की जांच में 51वें आरोपी सिराजुद्दीन से जब्त किए गए आठ दस्तावेजों में 240 लोगों की सूची मिली, जो अलग-अलग समुदायों से ताल्लुक रखते थे।

#### पीएफआई हथियारों की ट्रेनिंग दे रहा

एनआईए की जांच में यह भी सामने आया कि पीएफआई ने श्रीनिवासन की हत्या के पीछे गहरी साजिश रची थी। इस हत्याकांड की तहकीकात के दौरान पीएफआई का लिंक सामने आया है। जांच में पता चला कि संगठन देश में अशांति फैलाने की योजना बना रहा था। एनआईए ने यह भी खुलासा किया कि पीएफआई अपने कैडरों को फिजिकल और हथियारों की ट्रेनिंग दे रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि उनके पास वॉयस क्लिप्स और गवाहों के बयान हैं, जो पीएफआई के 'इंडिया 2047 प्लान' की बात करते हैं। इस योजना में भारत में इस्लामिक शासन स्थापित करने की साजिश थी। इन सबूतों ने पीएफआई के खौफनाक मंसूबों को और साफ कर दिया।

#### चारो आरोपियों की जमानत याचिका

एनआईए ने चार आरोपियों (मुहम्मद बिलाल, रियासुद्दीन, अंसार के.पी. और सहीर के.वी.) की जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। ये चारों 2022 में पलक्कड़ में श्रीनिवासन की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए थे। विशेष अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और पेश किए गए दस्तावेजों का जायजा लेने के बाद फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया सच्चाई के आधार मौजूद हैं। इसके बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। इस खुलासे ने देश भर में सुरक्षा एजेंसियों को और सतर्क कर दिया है।

### मर्चेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वेबिनार में मंत्री गोयल बोले

# अगले तीन वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा भारत

*केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। सरकार, व्यापार जगत, उद्योग, व्यापारी समुदाय और 140 करोड़ भारतीय पीएम के 'विकसित भारत 2047' के विजन के साथ एकजुट हैं*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत आने वाले तीन वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अस्थिरता और चुनौतियों के बावजूद भारत अपनी दिशा से डिगने वाला नहीं है। 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार, व्यापार जगत, उद्योग, व्यापारी समुदाय और 140 करोड़ भारतीय पीएम के 'विकसित भारत 2047' के विजन के साथ एकजुट हैं। गोयल ने यह बात कोलकोता में मर्चेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कही, जिसका विषय 'भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर यात्रा : वैश्विक चुनौतियों के बीच मार्गदर्शन' था। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार एक बड़े बदलाव पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और ईमानदार विकास है।

#### भारत की मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद काफी मजबूत

#### कई देशों के साथ एफटीए बेहतरीन अवसर लाएंगे

#### देश तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा

तकनीक के क्षेत्र में भारत की ताकत पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और 3डी प्रिंटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में भी अग्रणी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से डरने के बजाय नए अवसरों को अपनाने की अपील की। गोयल ने कहा कि यह विकास का चक्र है, जिसमें पैमाना बढ़ने से प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और यही निर्यात और समृद्धि को गति देता है। भारत की विकास गाथा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

#### विदेशी मुद्रा भंडार 698 अरब

पीयूष गोयल ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 698 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद मजबूत है। हमारा बैंकिंग सिस्टम सशक्त और भरोसेमंद है, जिसकी कर्ज देने की क्षमता भी बहुत अच्छी है। महंगाई फिर से 3 प्रतिशत तक नीचे आ गई है, जो भारत के इतिहास में सबसे कम स्तरों में से एक है।'

#### एमसीसीआई के काम को सराहा

पीयूष गोयल ने एमसीसीआई की 124 वर्षों की यात्रा की भी सराहना की और इसे सरकार, उद्योग और व्यापार समुदाय के बीच एक सेतु बताया। उन्होंने कहा कि एमसीसीआई को 'मोबलाइज कॉमर्स एंड कनेक्टिंग इंडस्ट्रीज' कहना बिल्कुल सही होगा, क्योंकि यह संस्था वास्तव में यही काम करती है।

#### सेवा, सुशासन और नवाचार पर ध्यान

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान ऐसे विकास पर है जो भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप हो और जो 'सेवा, सुशासन और नवाचार' पर आधारित हो। 'अमृत काल' में इस लक्ष्य को पाने के लिए एमसीसीआई की भूमिका बेहद अहम रहेगी। ऐसे संवाद सरकार को यह समझने में मदद करते हैं कि वैश्विक अस्थिरता और अनिश्चितताओं के बीच उद्योगों को कैसे बेहतर समर्थन दिया जाए। मंत्री गोयल ने कहा कि इतिहास हमें याद दिलाता है कि महान अर्थव्यवस्थाएं शांत पानी में नहीं, बल्कि उथल-पुथल भरे समुद्रों में बनती हैं। यह भारत के लिए सुनहरा मौका है और हमें इसे गंवाना नहीं चाहिए।*

### ब्रिटेन के पीएम स्टारमर का बड़ा ऐलान

# नाटो के साझा परमाणु मिशन में होगा शामिल, यूएस से खरीदेगा परमाणु हथियार ले जाने वाले जेट

एजेंसी ▶▶ हेग

ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर ने बुधवार को बड़ा ऐलान किया कि यूनाइटेड किंगडम अब अमेरिका से 12 ऐसे एफ-35 फाइटर जेट खरीदेगा जो परमाणु बम ले जाने में सक्षम हैं। इसके साथ ही ब्रिटेन अब नाटो के साझा हवाई परमाणु मिशन में भी शामिल होगा। यह कदम देश की परमाणु ताकत को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। ब्रिटिश सरकार ने इस फैसले को एक पीढ़ी में यूके की परमाणु स्थिति की सबसे बड़ी मजबूती बताया है। पीएम स्टारमर ने यह घोषणा नीदरलैंड में चल रहे नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान की। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह ब्रिटेन की ओर से गठबंधन को मिला एक और मजबूत समर्थन है। पीएम स्टारमर ने यह भी घोषणा की कि ब्रिटेन यूक्रेन को 350 वायु रक्षा मिसाइलें देगा। इन मिसाइलों की फंडिंग रूस की जब्त संपत्तियों से मिले ब्याज से की जाएगी।

#### ब्रिटेन की परमाणु क्षमता बढ़ेगी

*ब्रिटेन ने 1990 के दशक में एयर से गिराए जाने वाले परमाणु हथियारों का उपयोग बंद कर दिया था। फिलहाल उसकी परमाणु ताकत केवल पनडुब्बियों से चलने वाली मिसाइलों तक सीमित है। अब यह नया कदम ब्रिटेन की परमाणु क्षमता को और मजबूत बनाएगा। वहीं नाटो में केवल तीन देश अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ही परमाणु शक्ति संपन्न हैं। सात अन्य देश अमेरिकी बी61 बम ले जाने में सक्षम विमान उपलब्ध कराकर इस मिशन में भाग लेते हैं। किसी भी स्थिति में परमाणु हथियारों के उपयोग की अनुमति ब्रिटेन के पीएम, अमेरिकी राष्ट्रपति और नाटो के परमाणु योजना समूह को देनी होगी।*

#### सुरक्षा पर खर्च बढ़ाकर जीडीपी का 5% करने की योजना

यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब ब्रिटेन और नाटो के अन्य सदस्य देश 2035 तक अपनी सुरक्षा पर खर्च बढ़ाकर जीडीपी का 5% करने की योजना बना रहे हैं। इसमें से 3.5% रक्षा पर और 1.5% अन्य सुरक्षा और आपदा से निपटने की तैयारी पर खर्च किया जाएगा। फिलहाल ब्रिटेन अपने जीडीपी का 2.3% रक्षा पर खर्च करता है, जिसे 2027 तक बढ़ाकर 2.6% किया जाएगा।

### ईरान ने आईएईए से तोड़े संबंध

# सुरक्षा की गारंटी दिए बगैर नहीं देंगे परमाणु निगरानी रिपोर्ट, संसद में बिल पारित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान की संसद ने बुधवार को एक बिल पारित किया। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था यानी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ संबंध तोड़ने और सहयोग निलंबित करने का फैसला किया है।

मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई का हवाला देते हुए बताया कि विधेयक के अनुसार, निगरानी कैमरे लगाना, निरीक्षण की अनुमति देना और आईएईए को रिपोर्ट पेश करना तब



तक निलंबित रहेगा, जब तक परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती। हालांकि, इस संबंध में संसद को अभी भी एक पूर्ण सत्र में विधेयक को मंजूरी देनी है। वहीं ईरान ने दावा किया कि हमले की वजह के परमाणु बम बनने वाले सारे मैटेरियल बर्बाद नहीं हुए हैं।

#### तो हम फिर मारेंगे: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर ईरान ने फिर से अपना परमाणु कार्यक्रम शुरू करने की कोशिश की तो हम फिर उस पर हमला करेंगे। ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय सामने आई है, जब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अमेरिकी हमले में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से तबाह नहीं हुआ है। हालांकि ट्रंप ने इस खबरों को फर्जी करार दिया है।

### रूस के ड्रोन-मिसाइल व तोपखाने से हुए हमलों में 26 की मौत, 100 घायल

**कीव।** यूक्रेन में रूस के ड्रोन, मिसाइल व तोपखाने से हुए हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 घायल हुए हैं। यह जानकारी यूक्रेनी अधिकारियों ने दी। इन हमलों के बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से और सैन्य मदद की मांग की है। रूस-यूक्रेन युद्ध अब चौथे साल में पहुंच चुका है। इस दौरान 12,000 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिक मारे जा चुके हैं। रूस ने लगातार यूक्रेनी शहरों व गांवों पर हमले किए हैं। यूक्रेन ने भी जवाब में रूस के कई इलाकों पर ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें आवासीय इलाकों को नुकसान पहुंचा है।

### पंजीकरण बहाल कर पार्टी का चिन्ह दिया

# बांग्लादेश में चुनाव लड़ सकेगी कट्टरपंथी पार्टी जमात ए इस्लामी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने कट्टरपंथी पार्टी जमात ए इस्लामी के पंजीकरण को बहाल कर दिया है और पार्टी का चुनाव चिन्ह भी दे दिया है, जिससे जमात ए इस्लामी का अगला आम चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर बांग्लादेश चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने यह



जानकारी दी। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने बीती एक जून को चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि जमात ए इस्लामी के पंजीकरण को बहाल किया जाए। इससे आठ माह पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने जमात ए इस्लामी पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था।

बता दें, जमात ए इस्लामी ने साल 1971 में बांग्लादेश की पाकिस्तान से आजादी का विरोध किया था। चुनाव आयोग ने दिसंबर 2018 में उच्च न्यायालय के एक फैसले के बाद जमात ए इस्लामी के पंजीकरण को खत्म कर दिया था।

साल 2013 में बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने भी जमात ए इस्लामी के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई थी। बीते साल शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए कथित छात्र आंदोलन को जमात ए इस्लामी से भी समर्थन मिला।



## चिंतन

# लोकतंत्र पर काले धब्बे की तरह है आपातकाल

कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो भर तो जाते हैं, लेकिन उनका दर्द दशकों तक टीस देता रहता है। भारतीय लोकतंत्र पर ऐसा ही एक घाव है आपातकाल, जो न केवल दशकों बल्कि शताब्दियों तक दर्द का अहसास करवाता रहेगा। महज प्रधानमंत्री पद पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र पर ऐसा काला धब्बा लगाया जिसने न केवल देशवासियों पर जुल्म किए बल्कि संविधान निर्माताओं को भी शर्मिंदा कर दिया। देशवासियों के अधिकारों पर हमला करने वाला यह आपातकाल 25 जून 1975 को लागू किया गया और 21 मार्च 1977 को इसे वापस लिए जाने तक 21 महीने तक रहा। इस आपातकाल के आदेश ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को शासन करने का अधिकार दिया और नागरिक स्वतंत्रता पर बड़े पैमाने पर अंकुश लगाया। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने विशेष रूप से पाकिस्तान के साथ युद्ध और बांग्लादेश की मुक्ति के बाद आंतरिक अशांति से भारत की सुरक्षा को आसन्न खतरे का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा की। यह केवल और केवल राष्ट्रपति द्वारा दिया गया आदेश मात्र था, जबकि इसके पीछे की सूत्रधार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थी। यह आपातकाल इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा समाजवादी नेता राज नारायण द्वारा दायर एक मामले में चुनावी कदाचार के लिए दोषी ठहराए जाने के कुछ ही दिनों बाद लगाया गया, जिसमें उन्होंने रायबरेली लोकसभा सीट से उनकी जीत को चुनौती दी थी। दोषसिद्धि के कारण उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया और आपातकाल के कारण उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में बने रहने की अनुमति मिल गई। आपातकाल के दौरान दमनकारी आंतरिक सुरक्षा अधिनियम भी पारित किया गया था, जिससे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का बड़े पैमाने पर निलंबन हुआ, विपक्षी नेताओं और आलोचकों को हिरासत में लिया गया और प्रेस सेंसरशिप की गई। 1975 के 38वें संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा को न्यायिक समीक्षा से मुक्त कर दिया। इसे बाद में 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया। हाईकोर्ट के फैसले के बाद नैतिकता का तकाजा था कि इंदिरा इस्तीफा देकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करतीं पर 12 जून को ही भीड़ ने उनके आवास के समक्ष जस्टिस सिन्हा को सीआइए एजेंट बताकर नारेबाजी की। उन दिनों इंदिरा के बेटे संजय गांधी की सक्रियता बढ़ गई थी। वे आरके धवन, चौधरी बंसीलाल आदि से मिलकर विरोधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहे थे। दिल्ली से प्रकाशित होने वाले अखबारों के कार्यालयों की बिजली काट दी गई। तमाम लोग 26 जून के बजाय 27 जून को जान पाए कि आपातकाल लग गया है। आपातकाल में सेंसरशिप के चलते कई संपादक-पत्रकार भी गिरफ्तार हुए और सरकार विरोधी समाचार छपने बंद हो गए। आपातकाल का विरोध करने वाले लगभग सभी नेता जेल में डाल दिए गए। आपातकाल को आज 50 साल पूरे हुए हैं। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार की तरफ से लगाई गई इमरजेंसी एक काला अध्याय है, जो सदियों तक दर्द देता रहेगा। हां, हमें सजग भी रहना होगा कि कोई शासनतंत्र दोबारा ऐसा करने की हिम्मत न करे। हम सबसे बड़ा और शानदार लोकतंत्र हैं। दुनियाभर में हमारे संविधान के तहत मिले अधिकारों को सम्मान से देखा जाता है। फिर कभी ऐसा न हो कि कोई इस पर काला धब्बा लगाने का प्रयास करें।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# एआई से बनाएं आर्थिक-सैन्य मजबूती

इजरायल-ईरान युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दी है। अब युद्ध में जीत आर्थिक शक्ति और हथियारों की ताकत के साथ-साथ एआई के इस्तेमाल से भी निर्धारित होती है। यद्यपि हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने एआई की कुशलता से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, लेकिन अब भारत को पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से सभी प्रकार से मुकाबले के लिए और अधिक तैयार रहने तथा वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए एआई की नई शक्ति के साथ सुसज्जित होकर आगे बढ़ना होगा।

यकीनन विगत 12 दिनों लड़े गए इजरायल-ईरान युद्ध में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका उभरकर दिखाई दी है। जहां इजरायल ने ईरान के खिलाफ एआई की मदद से सटीक हमले किए और मोसाद ने ईरान पर हमले की योजना बनाने में एआई का अभूतपूर्व इस्तेमाल किया है, वहीं ईरान ने भी एआई के उपयोग से ड्रोन टेक्नोलॉजी का सफल प्रयोग किया है। इस युद्ध में जिस वैश्विक आर्थिक महाशक्ति अमेरिका का इजरायल को अपार समर्थन रहा है, वह अमेरिका भी ग्लोबल एआई रैंकिंग में दुनिया में सबसे आगे है। ऐसे में इस युद्ध से यह रेखांकित हो रहा है कि अब युद्ध में जीत आर्थिक शक्ति और हथियारों की ताकत के साथ-साथ एआई के इस्तेमाल से भी निर्धारित होती है। यद्यपि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई की कुशलता से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, लेकिन अब भारत को पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से सभी प्रकार से मुकाबले के लिए और अधिक तैयार रहने तथा वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए एआई की नई शक्ति के साथ सुसज्जित होकर आगे बढ़ना होगा।

इसमें कोई दो मत नहीं कि भारत एआई कुशलता की डगर पर लगातार आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 11 जून को बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बाजार 2027 तक 3 गुना से ज्यादा बढ़कर 17 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में एआई में बढ़ता निवेश , स्टार्टअप्स की लहर, डिजिटल तंत्र और दमदार प्रतिभा आधार एआई बाजार की रफ्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग-कारोबार स्थानीय चुनौतियों को हल करने, नवाचार को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा लाभ बढ़ाने के लिए एआई तेजी से अपना रहे हैं। निसंदेह बढ़ती हुई वैश्विक औद्योगिक और कारोबारी चुनौतियां के बीच एआई विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है। ऐसे में भारतीय कंपनियां परंपरागत विकास की डगर को पार करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एआई का उपयोग लगातार बढ़ा रही हैं। यही कारण है कि इन दिनों एआई विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि जहां भारत में तेज आर्थिक विकास में एआई की भूमिका प्रभावी हो गई है, वहीं भारतीय एआई पेशेवरों की जरूरत देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ नई दिल्ली में कहा कि एआई को अपनाने वाले उद्योग भारत को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के मुताबिक 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इसी तरह केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आयटी मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'भारत की एआई क्रांति, विकसित भारत के लिए एक रोडमैप नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत को 23-25



ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर एआई पेशेवरों की अहम भूमिका होगी। गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट के अनुसार इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में फरवरी 2025 में आयोजित एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करते हुए कहा कि यद्यपि दुनिया में यह आशंका है कि एआई की वजह से नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण नौकरियां खत्म नहीं होती, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को हाईस्किल्ड बनाते हुए नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है। निश्चित रूप से भारत की नई पीढ़ी डिजिटल दौर के एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन के मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस समय जहां भारत की प्रतिभा संपन्न एआई से सुसज्जित नई पीढ़ी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रही है, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत की एआई हाईस्किल्ड नई पीढ़ी सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) से विदेशी मुद्रा की बड़ी कमाई करने वाली आर्थिक शक्ति के रूप में भी उभरकर दिखाई दे रही है। एआई हाईस्किल्ड मैनपावर के सरल और किफायती रूप से उपलब्ध होने के कारण भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के साथ सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि अब तक भारत में उत्पादकता उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है जितनी तेजी से विकास की महत्वाकांक्षा है।

इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए, उन क्षेत्रों की पहचान करने का प्रयास किया गया है जहां सरकार और निजी क्षेत्र दोनों द्वारा धन के उपयुक्त निवेश से एआई का उपयोग किया जा सके। यद्यपि देश में भारतजेन, देविका, सूत्र, ऐरावत, सर्वम-1, चित्रलेखा, एवरेस्ट-1 जैसे कई एआई मॉडल्स के लिए पेशेवर काम कर रहे हैं। पर अब भारत के द्वारा शीघ्रतापूर्वक खुद का जनरेटिव एआई मॉडल विकसित करना जरूरी हैं। हमें देश की नई पीढ़ी को एआई हाई-स्किल्स डेवलपमेंट की विशेषज्ञता के लिए और अधिक तेजी से प्रवृत्त करना होगा। कंप्यूटर विज्ञान, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग साइबर सुरक्षा, डाटा विज्ञान, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसे संबंधित क्षेत्रों के लिए बड़ी संख्या में दक्ष इंजीनियर तैयार करना होंगे। उम्मीद करें कि सरकार जहां इजरायल-ईरान युद्ध से निकले इस संदेश पर अवश्य ध्यान देगी कि पाकिस्तान और चीन की किसी भी आतंकी और सैन्य चुनौती से निपटने के लिए सैन्य ताकत को एआई से और अधिक सुसज्जित करेगी, वहीं देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नई पीढ़ी को दुनिया की कुशलतम एआई पीढ़ी के रूप में संवारने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## पुण्यतिथि

रवीन्द्र रंजन



# आधुनिक भारत के संपूर्ण नायक हैं स्वामी सहजानन्द

विश्व के ज्ञात कृषि परंपरा के पांच हजार सालों के इतिहास में किसानों को पहली बार नेतृत्व करने व संगठित करने का कार्य करने वाले दंडी स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने आडंबर के खिलाफ धर्म के क्षेत्र में नवप्रवर्तन, शास्त्र के क्षेत्र में वेदों को सबको पढ़ने का हक दिलाने की सफल लड़ाई और समाज सुधार में अंतिम व्यक्ति को संगठित करने का श्रेयस्कर योगदान देकर यह साबित किया है कि आधुनिक भारत के किसी भी महानायक की तुलना में वे ज्यादा बहुआयामी और प्रभावशाली हैं। धर्म, राजनीति और समाज के बीच संघर्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाले सहजानन्द को आधुनिक भारत का संपूर्ण नायक कहा जाए तो इसमें किसी को कोई गुरेज नहीं होना चाहिए। खासकर ग्रामीण स्तर पर संगठन कला के विकास का पूरा श्रेय इन्हें ही जाता है। यही कारण है कि पं. राहुल सांकृत्यायन ने इन्हें 'नये भारत का नया नेता' कहा है। किसानों का देश कहे जाने वाले भारत में राष्ट्रीयता का बीज बोने का पूरा श्रेय भी सहजानन्द को ही जाता है। जब देश में राष्ट्रवाद एक वर्ग विशेष के बीच सिमटा था, तब सहजानन्द उसे सुदूर तक ले गये। महात्मा गांधी से प्रभावित होकर 1920 में राजनीति में प्रवेश करने वाले सहजानन्द की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका गांधी, नेहरु, पटेल, बोस के बराबर की है। कांग्रेस में रहते हुए महात्मा गांधी से वैचारिक विरोध प्रकट करने और उनके व्यक्तित्व को खुली चुनौती देने का साहस स्वामी सहजानन्द सरस्वती में ही था। आजादी के दौर में गांधीवाद के समानांतर स्वामी सहजानन्द की कृषक राष्ट्रवाद की धारा ही सबसे सशक्त धारा थी। सहजानन्द ने नारा दिया था 'अंग्रेजी शासन मूर्दाबाद, लट्ठ हमारा जिंदाबाद।' उनके इस नारे ने देश भर के किसानों को वर्ग के तौर पर आंदोलित किया और आजादी की ज्योति गांव तक पहुंच सकी। गांधी के विचारों से असहमत रहने वाले दिग्गज नेताओं का मार्गदर्शन भी स्वामी सहजानन्द के द्वारा किया जाता था। क्रांतिकारी सुभाषचंद्र बोस, समाजवादी राममनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण जैसे दिग्गज नेताओं का अक्सर पटना से सटे बिहटा में स्वामी सहजानन्द के सीताराम आश्रम में आना-जाना इसी कारण हुआ करता था। इसी क्रम में सीताराम आश्रम बिहटा की अपनी यात्रा के उपरांत गांधी और सहजानन्द के परिपेक्ष्य में सुभाष चंद्र बोस ने टिप्पणी की और कहा कि साबरमती के आश्रम में खादी धोती पहने मैंने पूंजीपतियों के एक संन्यासी को देखा, परन्तु भारत का एक सच्चा संन्यासी मुझे सीताराम आश्रम पटना में मिला। सुभाष चंद्र बोस ने सहजानन्द को आधुनिक भारत का 'युग पुरुष' माना है। असल में सहजानन्द इस तमगे के वाजिब हकदार भी हैं। 1939 के रामगढ़ अधिवेशन में सहजानन्द ने ही भारत छोड़ो का नारा दिया था। कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर गांधी के विरोध के बाद भी सुभाष निर्वाचित होने में कामयाब रहे तो पर्दे के पिछे सहजानन्द का कृषक संगठन ही कार्य कर रहा था। दरअसल, गांधी और कांग्रेस से सहजानन्द के टकराव का बड़ा कारण किसान ही थे। जब सहजानन्द ने देखा कि देश की 80 प्रतिशत जनता किसान है, वह जमींदारी के शिकंजे से उत्पीड़ित होकर कराह रही है तो उन्होने इस ओर गांधी समेत अन्य कांग्रेसी नेताओं का ध्यान आकृष्ट करवाने की कोशिश की। माकूल जवाब नहीं मिला तो घूम-घूम कर किसानों को जगाया, लेकिन कांग्रेस में विराजमान कुछ तत्व जमींदारों के ही पक्षधर बन बैठे जबकि स्वामी सहजानन्द साम्राज्यवादी ढांचे को समाप्त कर ऐसे राज्य का निर्माण करना चाहते थे, जो भूमि पर किसानों के अधिकार को स्थायी तौर पर कायम कर सके। 1937 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फैजपुर अधिवेशन में किसान कार्यक्रमों में यह बात शामिल नहीं की गई। इसको लेकर किसान समुदाय को वर्गीय आधार पर संगठित करने वाले सहजानन्द का गांधी से मतभेद हो गया। सहजानन्द का मानना था कि देश की दुर्दशा के लिए अंग्रेजों के समान जमींदार भी जिम्मेवार हैं। उन्होंने जमींदारी प्रथा को दोषी मानते हुए इनके खिलाफ लड़ाई लड़ी और इस लड़ाई का केंद्र बिहार को बनाया। रामगढ़ (पहले बिहार अब झारखंड), फैजपुर (महाराष्ट्र), कोमिल्ला (बंगाल), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) आदि में किसानों का सफल अधिवेशन किया। इसमें देश के लाखों किसान समेत बोस व आचार्य नरेंद्र देव जैसे नेताओं ने भी हिस्सा लिया। यह स्वामी सहजानन्द सरस्वती की ही देन था कि देश जमींदारी से मुक्त हुआ और बिहार ऐसा पहला सूबा बना।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# करोड़ों योनियों का बंधन




संकलित

**दर्शन**

ज्ञानी कहते हैं- संसार माया जाल है। इस जाल में उलझक जीव जन्म जन्मांतर तक भटकता रहता है। हो सकता है कि आपने भी अब तक करोड़ों जन्म लिए हों और अगर इस जन्म में माया के बंधन से प्रयास नहीं किया तो आगे भी करोड़ों योनियों में भटकना पड़ेगा। इन्हीं स्थितियों से निकलने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा है दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया। मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते। 'यह अलौकिक अर्थात अति अद्भुत त्रिगुणमयी मेरी माया बड़ी दुस्तर है परंतु जो पुरुष केवल मुझको ही निरंतर भजते हैं, वे इस माया का उल्लंघन कर जाते हैं अर्थात संसार से तर जाते हैं।' यह जो माया है बड़ी दुस्तर है, इसको तरना बड़ा कठिन है। असंभव नहीं कठिन है। यह तीन गुणवाली है। तामसी आदमी अपना बिगाड़ करके भी दूसरे का बड़ा बिगाड़ करने में खुश होगा। आलस्य, निद्रा, शराब-कबाब में, कलह में वह मजा लेगा- वह माया के तामसी गुण में बंधा है। राजसी आदमी भोग में, संग्रह में- माया के रजोगुण में बंधा है। मरनेवाले शरीर की सुख-संपत्ति और मान-प्रतिष्ठा में अपना जीवन खपा देता है नासमझ! सात्विक आदमी होम-हवन, यज्ञ-याग किया, दान-पुण्य यह-वह... अच्छा काम किया और लोग बोल रहे हैंः 'अच्छे हैं, नेक हैं, आहा...'बोले : 'अच्छा है, अपना घर है, बेटे वेल-सेट हैं, बेटी का विवाह करा दिया, भगवान की दया है मुझ पर...' वह सात्विक व्यक्ति इन्हीं में बंधा है, फंसा है। यह माया का गुण है।

# अनुभव की खान है बुजुर्ग



संकलित

**प्रेरणा**

बूढ़ा आदमी दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। बूढ़े की कांपती हुई गर्दन कहती है कि दुनिया में कुछ भी सार नहीं है उसके कांपते हुए हाथ कहते हैं कि परोपकार और दान करना हो तो आज ही कर लो, वर्ना कल कुछ न कर पाओगे। उसके लड़खड़ाते पैर कहते हैं कि तीर्थ यात्रा आज ही कर डालो, वर्ना हम लाचार हो जाएंगे। दुनिया में ऐसा कोई भी नहीं है जो सदैव युवा रहे। राम, कृष्ण, महावीर सभी को बुढ़ापा आया। लेकिन यह मत समझो कि बुढ़ापा जीवन का अंतिम सफर है। बुढ़ापा तो जीवन का एक सुनहरा अध्याय है। किसी भी बूढ़े को निराश और हताश नहीं होना चाहिए। 20 साल का जवान भी निराशवादी है तो वह बूढ़ा है और यदि 80 साल बूढ़ा भी आशवादी है तो वह जवान है। यह मत सोचना कि बुढ़ापे में कुछ नहीं कर सकते, 70 साल की उम्र में सुकरात साहित्य की रचना करते थे। 80 साल की उम्र में कीरो ने ग्रीक भाषा सीखी थी और 90 वर्ष की उम्र तक पिकासो चित्र बनाते रहे। जब 70 साल की उम्र में महात्मा गांधी देश की आजादी के लिए लड़ सकते हैं तो हम बुढ़ापे से क्यों नहीं लड़ सकते। बुढ़ापे में कभी खाली मत बैठना, कुछ न कुछ करते रहना। जो लोग जवानी में ज्यादा इतराते हैं उन्हे बुढ़ापे में आंसू बहाने पड़ते हैं इसलिए जवानी ढंग से गुजारें, बुढ़ापे में रोना नहीं पड़ेगा।

## सटाका




## आज की पाती

### उपद्रवियों की कारस्तानी से हमसफ़र ट्रेन दुर्घटना होते बची

देश मे कानून व्यवस्था बिगाड़ने और दुर्घनाओं को अंजाम देने केलिए कदम कदम पर शरारती तत्व मौजूद है। आये दिन वंदे भारत ट्रेन पर हमला किया जा रहा था। उपद्रवियों को सरंक्षण मिला हुआ है। यह सोची समझी चाल है । रेल घटना से जानमाल का नुकसान करके सुकून से जीना चाहते हैं। ट्रेनों पर पथराव और नुकसान करना आम बात हो गई है। आनन्द विहार गोरखपुर हमसफ़र को पलटाने के लिए पटरी पर लोहे का भारी भरकम एंगल रखा गया था। हमसफ़र लोहे के एंगल से टकरा गई। लेकिन लोको पायलट की सतर्कता से दुर्घटना से बचा जा सका। यदि ट्रेन पटरी से उतर जाती तो कई लोगो के मरने की पूरी संभावना थी। तेज गति से चल रही ट्रेन को असामाजिक तत्वों ने रेल को पलटाने की कोशिश की। *-कांतिलाल मांडोत सूरत*

## करंट अफेयर

# जापान का नाटो सम्मेलन में नहीं जाना तनाव का संकेत


जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने अमेरिका के ट्रंप प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है : जापान-अमेरिका संबंध बहुत गंभीर स्थिति में हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह इस सप्ताह हेग में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अचानक अपना नाम वापस ले लिया। शिगेरु इशिबा के अलावा भारत-प्रशांत क्षेत्र के दो अन्य नेता- आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग भी शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं। जापानी मीडिया के मुताबिक, इशिबा ने अपनी यात्रा इसलिए रद्द की क्योंकि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होने की उम्मीद नहीं थी और इंडो-पैसिफिक फोर (आईपी4) साझेदार (ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और जापान) की बैठक भी शायद नहीं होती। फिर भी जापान का प्रतिनिधित्व उसके विदेश मंत्री ताकेशी इवाया करेंगे, जो नाटो के साथ अपने सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने की इच्छा दर्शाएंगे। हालांकि, इशिबा के इस बैठक में शामिल नहीं होने से यह पता चलता है कि वाशिंगटन द्वारा जापान पर भारी शुल्क लगाने के बाद जापान ट्रंप प्रशासन के साथ अपने संबंधों को किस तरह देखता है।



## ऑफ बीट

# तनाव से ग्रस्त बेघर जानवरों को शांत करा रहा संगीत

आम तौर पर यह कहा जाता है कि संगीत मानवता की सार्वभौमिक भाषा है। अब ह्यूस्टन का 12 वर्षीय एक लड़का तनाव से ग्रस्त जानवरों को शांत कराने में इसकी शक्ति को परख रहा है। युवी अग्रवाल ने चार साल की उम्र से कीबोर्ड बजाना शुरू किया था और कई साल पहले उसने देखा कि उसके संगीत से परिवार के बेचैन 'गोल्डन डूडल' कुत्ते बोजो को शांति मिलती है। इसके बाद उसे जिज्ञासा हुई कि क्या इससे तनाव से ग्रस्त बेघर जानवरों की भी मदद हो सकती है। अपने माता-पिता की मदद से उसने 2023 में गैर-लाभकारी 'वाइल्ड ट्यून्स' की स्थापना की ताकि पशु आश्रयों में संगीत बजाने के लिए संगीतकारों की भर्ती की जा सके। अब तक उसने ह्यूस्टन, न्यू जर्सी और डेनवर में नौ आश्रय गृहों में संगीत प्रस्तुति के लिए विभिन्न उम्र एवं पृष्ठभूमियों के लगभग 100 स्वयंसेवी संगीतकारों और गायकों को भर्ती किया है। अग्रवाल ने हाल ही में डेनवर पशु आश्रय गृह में अपने पोर्टेबल कीबोर्ड पर बीटल्स के 'हे जूड' और एड शीरन के 'परफेक्ट' जैसे हिट गाने बजाने के बाद कहा, ''संगीत का आनंद लेने के लिए आपको बोल समझने की ज़रूरत नहीं है। बस धुन, सामंजस्य और लय का आनंद लें। इसलिए यह भाषायी बाधाओं को पार करता है।



## ट्रेंड

### संविधान की हत्या



25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप कर देश के संविधान की हत्या कर दी थी। 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### बगोदर के प्रवासी मजदूर



नाइजर में फंसे बगोदर के प्रवासी मजदूरों की सकुशल घर वापसी को लेकर मैं प्रारंभ से ही विदेश मंत्रालय के संपर्क में हूँ। इसी क्रम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिल कर मामले पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री


### इतिहास का काला अध्याय



25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है, जिसकी विभीषिका को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। जेलों में डाले गए निर्दोष नागरिकों की पीड़ा, परिवारों की व्यथा और लोकतंत्र पर क्रूरतम आघात की गाथा इतिहास के पन्नों में अंकित रहेगी।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### मणिपुर जल रहा है



मणिपुर जल रहा है, लेकिन मोदी जी आज तक वहाँ नहीं गए। देश घूम रहे हैं, विदेश घूम रहे हैं, पर मणिपुर में संविधान की धज्जियाँ उड़ रही है, वहाँ नहीं जाते ! क्या मणिपुर के लोग भारत के नागरिक नहीं हैं ?

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





## घंटाघर में दो दुकानें धसकीं, रुक रुक हो रही बारिश

# अगले 48 घंटों में झमाझम बारिश के आसार

जबलपुर।

जबलपुर में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। गुरुवार की सुबह 6 मिमि वर्षा के बाद मौसम खुला, दिन में बादल आते जाते रहे और कुछ देर के लिये धूप भी निकली, जिसके बाद तापमान को हलकी उछाल का मौका मिला और धूप भी निकली। जिसके बाद उमस बढ़ गई थी। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है की अगले 24 घंटे के दौरान जिले के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। रुक रुक कर हो रही वर्षा के बाद कच्चे मकान और दुकानों के छज्जे गिरने के समाचार सामने आ रहे हैं।

### घंटाघर में दो दुकानें धसकीं

हनुमानताल में गिरे पुराने मकान के बाद आज बुधवार को घंटाघर स्थित दो पुरानी दुकानें धीमी गति की बारिश का शिकार होकर बुरी तरह बैठ गईं। इन्ही दुकानों से लगी एक होटल भी गिरने की कगार पर पहुंच गई है।घंटाघर स्थित दुकानदारों ने बताया कि बुधवार की सुबह अब्दुल निजाम की बाबा हीरो हांडा नामक दुकान भरभराकर बैठ गई। इसी दुकान से लगी दूसरी दुकान भी धसक गई है। यहीं सरदार की होटल नाम से मशहूर संगम होटल भी गिरने की कगार पर पहुंच गई है। जैसे ही दुकान गिरी इनसे लगे दूसरे दुकानदार अपना काम छोड़कर दूर भागे।

### इस तरह रहे मौसम के मिजाज

मौसम विज्ञान के केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान कहीं कहीं तेज बारिश हो सकती है। बुधवार की सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच करीब 6 मिमि वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है की बारिश का सिलसिला अभी जारी रह सकता है। बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। इसके बाद तेज बारिश की संभावना बनेगी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 31।3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 23।0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 96 प्रतिशत और सायंकाल 68 प्रतिशत आंकी गई। जबकि पिछले 24 घंटों में 14 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1जून से अब तक कुल वर्षा 96।9 मिलीमीटर (4 इंच) दर्ज की जा चुकी है। दक्षिण-पश्चिमी हवाएं 4 किलो मीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी। कुल वर्षा 35।2 मिमि दर्ज की जा चुकी थी। अगले 24 घंटों के दौरान जिले के अनेक स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

# अधिवक्ता मुकदमे की बेहतर तैयारी कर दिला सकते हैं पक्षकार को न्याय

## अधिवक्ता परिषद, जबलपुर, महाकोशल प्रांत इकाई के कार्यक्रम में बोले हाई कोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी

जबलपुर।

हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी ने कहा कि अधिवक्ता मुकदमे की बेहतर तैयारी कर पक्षकार को न्याय दिला सकते हैं। इसके लिए प्रकरण के सभी पहलुओं से जुड़े विधिक प्रविधानों व न्यायदृष्टांतों आदि का अध्ययन आवश्यक होता है। वे अधिवक्ता परिषद, जबलपुर, महाकोशल प्रांत इकाई के कार्यक्रम में बोल रहे थे। न्यायालयीन प्रक्रिया में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर उन्होंने महत्वपूर्ण दिशा-दर्शन किया।



हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के सभागार में बुधवार को सायं साढ़े चार बजे से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि बतौर अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय आयाम प्रमुख तेज कुमार मोढ़, अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद, हाई कोर्ट इकाई हरीश अग्निहोत्री, अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा, राम मिलन मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता गजेंद्र सिंह ने आभार प्रदर्शन अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा ने किया। प्रारंभ में अतिथि परिचय अधिवक्ता हरीश अग्निहोत्री ने दिया।

## चाकू मारकर हत्या करने वाले को उम्रकैद

अपर सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने लार्डगंज क्षेत्र में चाकू से हमला कर युवक की हत्या करने के आरोपित युवराज करसा को दोषी करार दिया है। इसी के साथ आजीवन कारावास व डेढ़ हजार के जुर्माने की सजा सुना दी। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक केजी तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित युवराज करसा ने 17 जुलाई, 2022 को यादव कालोनी मुक्तिधाम के समीप रहने वाले 24 वर्षीय अजय उर्फ मोनू कनोजिया पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। लार्डगंज पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर चालान अदालत के समक्ष पेश किया। विचारण उपरांत न्यायालय ने आगा चौक निवासी आरोपित 22 वर्षीय युवराज करसा पिता रक्कू उर्फ राकेश कनोजिया को सजा सुना दी गई।

### किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कंसाना के कार्यक्रम.

**जबलपुर**। प्रदेश के किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना का जबलपुर प्रवास के दौरान गुरुवार 26 जून को दोपहर 1 बजे डुमना एयरपोर्ट पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत की अगवानी करेंगे। श्री कंसाना दोपहर 1.30 बजे राइट टाउन स्थित मानस भवन में आयोजित "एक चौपाल-प्राकृतिक खेती के नाम" कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा शाम 4 बजे जबलपुर से कार द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंसाना का आज बुधवार 25 जून की रात 8.30 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा।

# एक-चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम आज

जबलपुर।

रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान एवं प्राकृतिक खेती के लाभ की जानकारी किसानों और आम जनों को मिले और जबलपुर के किसान प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता दे इस हेतु प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आह्वान पर एक - चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम का आयोजन आज गुरुवार 26 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से मानस भवन राइट टाउन में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना होंगे, कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जबलपुर जिले के किसानों को आमंत्रित किया गया है।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया हमारा देश कृषि प्रधान है, हमारी अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ कृषि है किंतु वर्तमान परिदृश्य में हम जिस तरह अन्न, फल या अन्य कृषि उत्पादों का उपभोग कर रहे है वह किसी भी तरह से हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नही है, विभिन्न अध्यनो

**गुजरात के राज्यपाल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कृषि मंत्री कंसाना होंगे शामिल**

और शोध के बाद यह पाया कि आज खेती के लिए हमारे किसान रसायनों पर निर्भर हो रहे है जिससे न केवल भूमि की उर्वरकता कम हो रही बल्कि लोगो की सेहत पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है, तब मन में विचार आया है हमारे क्षेत्र के किसानों को रसायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी होना चाहिए साथ ही विकल्प के तौर पर क्या किया जा सकता है, और अध्यन से पाया कि प्राकृतिक खेती बेहतर विकल्प हो सकता है।

श्री सिंह ने कहा हमारे किसानों को मार्गदर्शित करने प्राकृतिक खेती के सशक्त हस्ताक्षर माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी को आमंत्रित किया है जो प्राकृतिक खेती के लाभ की जानकारी अपने संबोधन में देंगे। साथ ही प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल के साथ वरिष्ठ जन एवं जिले के किसान बंधु शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## खाद संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत किया जाये : कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में एपीसी की बैठक के पूर्व तैयारियों के संबंध में कृषि व कृषि संबंधित विभागों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कृषि, मत्स्य, सहकारिता, उद्यानिकी व पशुपालन विभाग के कार्यों व भावी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा कर एपीसी बैठक के लिए प्रेजेंटेशन बनाने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने उक्त विभागों की योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान विशेष रूप से उन्होंने कहा कि किसानों की खाद संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत किया जाये। खाद के लिए किसान परेशान न हों, इसके लिए उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय, समितियों व सीएम हेल्पलाईन में 12 बजे तक जिन किसानों की मांग व शिकायत है उनका उसी दिन 2 बजे तक निराकरण सुनिश्चित करने की कार्ययोजना बनायें। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता क्रमानुसार खाद वितरण करें या लॉटरी सिस्टम से, लेकिन किसानों को त्वरित रूप से खाद सुनिश्चित हो जाये। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्मर रजिस्ट्री आदि के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

# आपातकाल लगाकर इंदिरा गांधी ने देश को जेल बनाया था

जबलपुर।




**भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गौतम बोले कांग्रेस है लोकतंत्र विरोधी**

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने यहां कहा आरोप लगाया की इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने कदेश को जेल बना दिया था। आपात काल के 50 वीं वर्षगांठ पर जबलपुर पहुंचे दुष्यंत कुमार गौतम पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, नगर अध्यक्ष रत्नेस सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल भी मौजूद थे।श्री गौतम ने यहां कहा कांग्रेस की प्रवृत्ति रही है की जो विरोध करे उसे समाप्त कर दो। नेताजी सुभाष चंद्र बोस कांग्रेस अध्यक्ष रहते इस्तीफा देने के लिये मजबूर रहे। सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे लोकप्रिय नेता को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया। बाबा साहब जैसे महापुरष का लगातार विरोध और अपमान किया गया। उन्होंने कहा कांग्रेस ने अब तक 75 बार संशोधन किये हैं।

### राहुल गांधी ने किया संविधान का अपमान

गौतम ने यहां कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुये कहा की राहुल गांधी संसद में संविधान की प्रति लहराते हैं, लेकिन 2013 में उसी संसद के अध्यादेश को फाड़ कर संविधान की अवमानना की थी। उन्होंने कहा कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, लेकिन इतिहास साक्षी है कांग्रेस ने कई बार बार संविधान को बेरहमी से कुचला है।

### संविधान की रक्षक मोदी सरकार

गौतम ने यहां कहा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता ये चार स्तंभ सिर्फ किताबों में नहीं आज मोदी सरकार में नीति और शासन का आधार बन चुके हैं। कांग्रेस ने इन सिध्दांतों को दिखावे की बाते बनाकर रखा, जबकी मोदी सरकार इन्हें नीति योजना और क्रियान्वयन के स्तर पर सशक्त कर रही है।

## जिलों में भी होंगे इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लाइपेंट कान्क्लेव

### जबलपुर में महाकौशल कॉलेज में होगा आयोजन

**जबलपुर**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार 27 जून को दोपहर 1 बजे रतलाम में इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लाइपेंट कान्क्लेव 2025 का आयोजन किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में भी जिलास्तर पर इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लाइपेंट कान्क्लेव आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जबलपुर का जिला स्तरीय कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित महाकौशल महाविद्यालय में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रतलाम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण किया जाएगा तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मंच से ऋण स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में स्टॉल के माध्यम से शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

## नवीन नलकूप खनन पर प्रतिबंध हटा

**जबलपुर**। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा प्रारंभ होने से पेयजल स्त्रोतों के जल स्तर में हुई वृद्धि को देखते हुए कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में नवीन नलकूप के खनन पर 30 जून की अवधि तक लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया है। श्री सक्सेना द्वारा इस सम्बन्ध में जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## एसडीएम गोरखपुर ने जारी किया आदेश

# गंगासागर तालाब की भूमि की पुराई और निर्माण कार्य पर रोक

जबलपुर।

गंगासागर तालाब की भूमि का सीमांकन की कार्यवाही पूरी होने तक तालाब की पुराई, किसी भी प्रकार के निर्माण और इसके स्वरूप में परिवर्तन आदि पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर ने आज एक आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। आदेश में तहसीलदार गोरखपुर को गंगासागर संबधित पक्षों को नोटिस देकर तालाब की भूमि का सीमांकन करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर अनुराग सिंह ने यह आदेश तहसीलदार गोरखपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया है। तहसीलदार द्वारा सौंपे गये प्रतिवेदन में बताया गया था कि मौजा गंगासागर की तालाब की सीमा से लगे खसरा नम्बर 33, 34, 36/2, 37, 38, 39, 42, 43, 44 तथा 48 की भूमि पर श्रीमती चैताली शाह, हुब्बीलाल, रोहित शाह, चिराग शाह, शम्भु प्रसाद, मनीष दुबे, अनु फौजदार, राजेश प्रवीणचन्द शाह, पीयूष शाह एवं श्रीमति प्रीति विनोद डेढ़िया द्वारा तालाब मद की भूमि के आसपास पानी भराव क्षेत्र में पुराई की जा रही है। जबकि तालाब के



आसपास का यह क्षेत्र टीएनसीपी में एफारेस्टेशन मद में दर्ज है और इसके बड़े हिस्से में पुराई की गई है।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर ने गंगासागर तालाब की भूमि पर पुराई, निर्माण और स्वरूप में परिवर्तन पर रोक लगाने के साथ ही तहसीलदार गोरखपुर को आदेश पारित होने के तीन दिनों में दल का गठन कर और संबंधितों को सूचना देकर राजस्व अभिलेखों के अनुसार सीमांकन करने एवं स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही टीएनसीपी नक्शे अनुसार तालाब के चारों ओर एफारेस्टेशन मद हेतु नियत खसरों के रकबे का चिन्हाकंन भी मौके पर करने कहा गया है।

आदेश में तहसीलदार गोरखपुर को सीमांकन की कार्यवाही पूरी होने के बाद तालाब की भूमि पर पाये गये अतिक्रमणों की सूचना नगर निगम को देने कहा गया है तथा नगर निगम को तहसीलदार से प्राप्त सूचना के आधार पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश के मुताबिक तहसीलदार द्वारा टीएनसीपी एफारेस्टेशन मद हेतु खसरों के चिन्हित स्थलों में प्रयोजन से भिन्न उपयोग किये जाने की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही करने नगर निगम को अवगत कराया जायेगा।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ने आदेश में जिला खनिज अधिकारी को गंगा सागर तालाब के समीपस्थ खसरों में पुराई के उपयोग में लाई गई मिट्टी अथवा मुरूम को जप्त करने के निर्देश दिये गये हैं तथा वैध दस्तावेज न होने की स्थिति में जप्त मिट्टी अथवा मुरम का निस्तारण कर प्राप्त राशि शासन के खाते में जमा करने कहा गया है।

### जल स्त्रोतों के उद्गम स्थल को बेहतर बनाने की मुहिम

# पेयजल का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं नदियां

हरिभूमि जबलपुर।

**नदियाँ हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नदियाँ पेयजल का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं, जो मानव जीवन के लिए आवश्यक है। वहीं कृषि के लिए उपयोगी होने के साथ-साथ नदियों से आर्थिक गतिविधियां संचालित होती है। नदियां हमारे लिए प्राकृतिक वरदान हैं, जो जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में उपयोगी हैं। साथ ही सांस्कृतिक विरासत का एक हिस्सा भी होती हैं।**



जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कुओं, बावडियों और तालाबों जैसी जल संरचनाओं के संरक्षण और प्रबंधन के लिए जबलपुर जिले में प्रभावी कार्य किये जा रहे है। इसके साथ ही जिले में नदियों के उद्गम स्थल को भी बेहतर स्वरूप देने का प्रयास किये जा रहे है। वैसे तो नर्मदा, गौर, हिरन, परियट आदि कई छोटी-बड़ी नदियां है, जो जिले में पेयजल आपूर्ति के साथ कृषि भूमि को भी सिंचित करती है। लेकिन यहां मुख्य रूप से परियट नदी के संबंध में उल्लेख किया जा रहा है। परियट नदी का उद्गम कुंडम विकासखंड के ग्राम पंचायत बैरागी के पोषक ग्राम खाम्हा में एक कुंड से हुआ। वहां से एक पतली जलधारा के रूप में प्रवाहित होते हुए नदी का स्वरूप लेते हुए विभिन्न ग्रामों को पेयजल की आपूर्ति व कृषि भूमि को सिंचित करते हुए लगभग 55 किलोमीटर की यात्रा तय कर हिरन नदी में मिल जाती है। परियट नदी जिले की एक महत्वपूर्ण नदी है, जिसमें ग्राम सुंदरपुर के पास अंग्रेजों ने 1917 से 1926 के बीच एक बांध बनाया था, जिसका जल ग्रहण क्षमता 422.2 वर्गमील है। बांध की ऊंचाई 7406 फुट तथा लंबाई 3900 फुट है। उस समय बांध की लागत मात्र 18 लाख थी। बांध की कुल जल ग्रहण क्षमता 718.54 मिलियन क्यूबिक फिट है। इस बांध के पानी से अंग्रेजों के समय से अभी तक रांझी फिल्टर प्लांट द्वारा जबलपुर के रक्षा संस्थानों व रांझी, शीतलामाई, घमापुर को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होती है। कालांतर में औद्योगिक विकास व प्रगति ने परियट नदी में प्रदूषण का ग्रहण लगा दिया।

नदी किनारे स्थित डेरियों के अवशिष्ट पदार्थों ने परियट को गोबर नदी की संज्ञा तक दे दी। लेकिन कुछ प्रबुद्ध वर्ग व प्रकृतिवादियों द्वारा नदी जल के शुद्धिकरण की दिशा में प्रयास किये गये तथा नदी किनारे वृक्षारोपण और जल संरक्षण की दिशा में कार्य किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लोगों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैल रही है। लोग जल के महत्व को समझ रहे हैं साथ ही जल स्त्रोंतों के संरक्षण व प्रबंधन की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विगत दिन पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने परियट नदी के उद्गम स्थल पहुंचकर पूजन-अर्चन किया तथा उद्गम स्थल के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिये।

### मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# संस्कृत भाषा को अनिवार्य बनाने की मांग

**सिहोरा।** संस्कृत भारती तथा जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी और संस्कृत शिक्षकों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कक्षा 9वीं से 12 वीं तक संस्कृत भाषा को अनिवार्य विषय के रूप में लागू करने की मांग की गई। 'जयतु संस्कृतम्' और 'जयतु भारतम्' के उद्घोष के साथ सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा सूत्र और बहुभाषिकता पर जोर दिया गया है, और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कृत भाषा अत्यंत आवश्यक है।




प्रतिनिधिमंडल ने चिंता व्यक्त की कि विद्यालयी शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा को त्रिभाषा के विकल्प के रूप में लागू किया जा रहा है जो प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से त्रिभाषा नीति के लिए हानिकारक है। उनका तर्क है कि संस्कृत भाषा के स्थान पर व्यावसायिक शिक्षा को महत्व देना उचित नहीं है खासकर जब संस्कृत को भारत की आत्मा माना जाता है। उन्होंने इसे नवीन शिक्षा नीति 2020 के नियमों का उल्लंघन बताया।

ज्ञापन में सुझाव दिया गया है कि इस स्थिति में सुधार के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक संस्कृत भाषा को अनिवार्य किया जाए और व्यावसायिक शिक्षा को सातवें विषय के रूप में स्थान दिया जाए, ताकि संस्कृत भाषा का संरक्षण और संवर्धन हो सके। शिक्षकों ने हरियाणा बोर्ड और दिल्ली बोर्ड का उदाहरण भी दिया जहां संस्कृत विषय को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया गया है, और इसी प्रकार मध्य प्रदेश में भी विद्यालयी शिक्षा विभाग में संस्कृत को अनिवार्य भाषा के रूप में स्थान देने की मांग की। इस अवसर पर डॉ. राधिका प्रसाद मिश्रा, अवधनारायण मिश्रा, सत्यनारायण द्विवेदी, चंद्रावली सोनी, सीमा भसीन, शैलेन्द्र पंडा, सत्येन्द्र कुमार दीक्षित, ओम प्रकाश तिवारी, धीरेन्द्र पाण्डेय, कन्हैया कुमार आर्य, चंचल धाणक, दीपक विनायक, आरती झारिया, रिक्खीराम झरिया, विनोद कोरटकर, अर्पित जैन आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने ली अधिकारियों की बैठक

**जबलपुर।** स्वच्छता के चिन्हित मानकों के आधार पर जिलों को राष्ट्रीय रैंकिंग प्रदान करने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के संबंध में आज बुधवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इस वर्ष आयोजित होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के प्रमुख घटकों कवरेज क्षेत्र एवं रैंकिंग के लिये स्कोरिंग पद्धति की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे के पूर्व एक सर्वे टीम बनाकर वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाए। उन्होंने भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये चेकलिस्ट के अनुसार गैप एनालिसिस करने की हिदायत दी। श्री गहलोत ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक सिटीजन फीडबेक दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी के प्रथम दिन 70 बच्चों की रही सहभागिता

**जबलपुर।** केंद्र सरकार की इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत शासकीय मॉडल हाई स्कूल में आयोजित की जा रही दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का आज बुधवार को भव्य शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी के मुख्य अतिथी के रूप में उपस्थित थे। जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी के प्रथम दिन आज 70 बच्चों द्वारा सहभागिता की गयी। इस दौरान सभी अतिथियों ने सभी बच्चों के प्रोजेक्ट को देखा और उनकी सराहना की। कार्यक्रम में भाजपा के नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकुज विज, संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंगले, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, सूरज कोठारी, योजना अधिकारी रामानुज तिवारी, अजय रजक, कृष्णकांत शर्मा, कविता जावरिया, कौशल किशोर चौबे सहित जिला स्तरीय ज्यूरी के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड योजना एक अत्यंत महत्त्वकांक्षी योजना है, जो केंद्र शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञान एवं इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

## जगद्गुरु शंकराचार्य प्राकट्योत्सव मनाया गया



**जबलपुर।** आदित्य वाहिनी द्वारा पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का प्राकट्योत्सव राइट टाउन स्थित कार्यालय में हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। भक्त जनों द्वारा सर्वप्रथम गुरुदेव का पूजन अर्चन कर आरती की गई। तत्पश्चात हिंदुत्व के लिए गुरुदेव के त्याग और समर्पण को याद किया गया। इस अवसर पर डॉ.एच. पी.तिवारी, जीवेश पांडे, डॉ.श्रद्धा तिवारी,श्रीराम प्यासी,राजेंद्र तिवारी,संतोष दुबे,आशुतोष तिवारी, सुमन शर्मा, मधुबाला शर्मा,सुमन पांडे आदि उपस्थित थीं।

## शिक्षकों के ई-अटेंडेंस के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**सिहोरा।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही "ई-अटेंडेंस" योजना के विरोध में आज मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार शंशाक दुबे को ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि यह योजना केवल शिक्षकों के लिए लागू की जा रही है जो कि राष्ट्र निर्माता कहे जाने वाले शिक्षकों के सम्मान के विरुद्ध है। संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्रदेश में कई ऐसे जिले हैं जहां शिक्षकों को हाजिरी दर्ज कराने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे कई शिक्षक दुर्घटना के शिकार हुए हैं और कुछ की जान भी चली गई है। संघ ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि ई-अटेंडेंस योजना को बंद किया जाए। इस अवसर पर संघ के के.जी.पाठक तहसील अध्यक्ष,संजीव उरमलिया, सुशील दाहिया, मंजीत प्रताप सिंह, योगेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र चतुर्वेदी, संदीप गुप्ता, देवेंद्र पटेल, दिनेश पांडे, बलराम उपाध्याय, संजीव शर्मा, शिवदत्त मिश्र, हेमंत नामदेव, श्रवण गुप्ता, प्रेम प्रकाश चतुर्वेदी, शरद दाहिया, विष्णु पटेल, ओंकार पटेल, जितेंद्र पटेल विनोद पटेल, प्रेमचंद पटेल, अजय पटेल, रामनरेश पटेल, ललित हल्दकार आदि प्रमुख रूप शिक्षक से उपस्थित थे।

## मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 5 जुलाई तक

**जबलपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार द्वारा जिले में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 19 जून से प्रारंभ हो गई है। किसान 5 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के विक्रय के लिये अपना पंजीयन करा सकेंगे। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा रबी वर्ष 2025 में मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रुपये प्रति क्विंटल एवं उड़द का समर्थन मूल्य 7 हजार 400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जबलपुर जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के रकबे के आधार पर तहसीलवार कुल 19 पंजीयन केंद्र स्थापित किये गये हैं। समिति स्तर पर स्थापित इन पंजीयन केंद्रों पर ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिये किसान अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। तहसीलवार स्थापित उपार्जन केंद्रों में जबलपुर तहसील में सहकारी विपणन संस्था मर्यादित जबलपुर, सेवा सहकारी संस्था सिवनी एवं सेवा सहकारी संस्था सहजपुरी में पंजीयन केंद्र बनाये गये हैं। पनागर तहसील में वृहताकार सेवा सहकारी संस्था सिंगौद, नगना एवं उमरिया सोनपुर में किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे। कुंडम तहसील के किसानों का पंजीयन सेवा सहकारी संस्था बघराजी में होगा।

# ब्लेड से गला काटकर महिला ने की आत्महत्या

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत शिवाजी वार्ड पनागर में एक महिला ने ब्लेड से अपना गला काटकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था उसके पहले भी ब्लेड से महिला ने अपनी कलाई काट ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवाजी वार्ड पनागर निवासी 46 वर्षीय पार्वती तिवारी की कोई संतान नहीं है। पार्वती का लगभग 10 वर्ष से मानसिक संतुलन खराब है। जिसका उपचार मनोचिकित्स एवं अन्य डॉक्टर के यहां चल रहा है। गत शाम को पार्वती का पति बबलू उर्फ मंगल तिवारी घूमने गया था और रात लगभग 10.30 बजे घर आया तो घर पर ताला लगा हुआ था, उसके पति ने पड़ोस में बुआ के यहां जाकर देखा तो छत पर उसकी पत्नी प्रीति बेहोश पड़ी थी। जिसने ब्लेड से अपना गला काट ली थी। उसने भतीजे रोहित व मोहल्लें के लोगों के साथ पत्नी प्रीती को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज लेकर गए जहां डॉक्टर ने चैक कर पत्नी पार्वती तिवारी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



# विद्युत लाइन के तार जोड़ने सौंपा ज्ञापन



**पाटन।** ग्राम चपोध बेलखेड़ी के किसान प्रकाश ऊरमालिया द्वारा एक लिखित ग्राम वासियों द्वारा सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बताया गया कि 14 जून की रात्रि करीब 10 बजे हवा तूफान के साथ बारिश हुई और इनके कृषि पंप के 5 पोल के तार टूट गए है जिस कारण से करीब 20 किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है किसानों द्वारा अभी मक्का एवं धान की बुवाई हो गई जिस कारण से कृषि पंप बंद पड़े हुए है इस वास्ते मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड उप संभाग पाटन के सहायक अभियंता को ग्राम वासियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया जिसमें किसान प्रकाश पटेल स्वदेश पटेल संतोष सिंह ठाकुर उत्तम सिंह आनंद पटेल धनीराम दहिया एवं ग्राम च पोध बेलखेड़ी के किसान बंधु शामिल रहे जिसमें सहायक अभियंता को पहले इनके बिजली ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी और आज सोमवार को सहायक अभियंता को लिखित ज्ञापन सौंपा गया ताकि तार टूटे गए हैं उनको जोड़ा जाए।

## बदमाश ने ऑटो चालक पर किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में मुकेश चाय वालें के यहां चाय देने वालें के साथ गालीगलौज कर रहे एक बदमाश को गालियां देने से मना किया तो, बदमाश ने आटो चालक के साथ मारपीट कर चायना चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईसी नगर गोहलपुर निवासी 24 वर्षीय आटो चालक अनीश उर्फ आशू खान गत दोपहर लगभग 1 बजे मुकेश चाय वाले के सामने सवारी के इंतजार में अपने दोस्त मुन्ना ड्रायवर के साथ खड़ा था, फिर उसने मुकेश चाय वाले से चाय मंगवाया जो सभी को डिस्पोजल में चाय देने लगा। वहीं खड़े लक्ष्य उर्फ वासु को डिस्पोजल में कम चाय दिया तो लक्ष्य उर्फ वासु ने चाय वालें और चाय की मांग की, मना करने पर चाय वालें से गाली गलौज करने लगा। अनीश उर्फ आशू खान ने गालियां देने से मना किया तो जान से मारने की नियत से चाईन चाकू से हमलाकर उसके पेट, वायीं जांघ में चोटें पहुॅंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्य उर्फ वासु रैकवार के विरूद्ध धारा 109, 296 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## चोरी की नीयत से घर में घुसा युवक पुलिस के हवाले

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत कंचन परिसर के पास चोरी की एक्टिवा में चोरी करने की नीयत से एक घर में घुसे चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचन परिसर के पास मदनमहल निवासी सचिन गुप्ता के घर गत देर रात लगभग 12.24 बजे दुकान नंबर 48 कृषि उपज मंडी विजयनगर निवासी 20 वर्षीय राजाराम पटेल घर के बाहर खड़ी कार व एक्टिवा को खोलने व चोरी करने का प्रयास किया तथा गेट कूदकर अंदर आकर काफी देर तक घर को इधर उधर से देख रहा था और घर का दरवाजा खोलने की कोशिश किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो घर की बाउण्ड्री के अंदर ही लेट गया। सचिन गुप्ता ने सीसीटीव्ही कैमरे में देखकर यह जानकारी अपने भाई अतुल गुप्ता को दी, तो उसने जाकर देखा तो राजाराम पटेल वहीं लेटा हुआ था। जिसके जेब से एक चाबी मिली और एक एक्टिवा एमपी 04 एसआर 2278 घर के बाहर खड़ी मिली। चोरी की नीयत से घर में घुसे आरोपी राजाराम को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। बताया गया है कि आरोपी ग्राम गौरी मउगंज रीवा का निवासी है जो दुकान नम्बर 48 चंदीलाल प्रवीण कुमार कुशवाहा कृषि उपजमंडी थाना विजयनगर में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी राजाराम के विरूद्ध धारा 331(4), 62 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## कार का दरवाजा खुलते ही अचानक टकराई बुलट, युवक घायल

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत गुलौआ चौक के पहले सुकून स्वीट्स के सामने रोड पर खड़ी स्कोडा कार का अचानक दरवाजा खुलने से उससे एक बुलेट टकरा गई, जिससे बुलेट चालक घायल हो गया और उसकी बुलेट भी क्षतिग्रस्त हो गई। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीटी रोड गढ़ा निवासी 35 वर्षीय विकास भागवत गत शाम लगभग 5.30 बजे अपनी बुलेट क्रमांक एमपी 20 एनके 9299 से गुलौआ चौक होते हुए गौतमजी की मढ़िया मंदिर जा रहा था जैसे ही गुलौआ चौक के पहले सुकून स्वीट्स के सामने पहुॅंचा तभी वहीं रोड़ पर खड़ी स्कोडा कार क्रमांक एमपी 20 सीबी 4734 के चालक ने अचानक कार का दरवाजा खोला जिससे वह कार से टकराकर गाड़ी सहित रोड़ पर गिर गया, जिससे उसके हाथ में चोटें आ गयी और उसकी बुलेट भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। पुलिस ने आरोपी के कार चालक के खिलाफ धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




**श्री दीनदयाल भगत-** मार्बल हाईट्स अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री दीनदयाल भगत (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केशव मरावी-** शारदा कॉलोनी करमेता आरटीओ आफिस के सामने निवासी श्री अर्जुन सिंह मरावी के पुत्र श्री केशव मरावी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गनेश कुसमईया-** दर्शन तिराहा रांझी निवासी श्री भोजराज कुसमईया के पुत्र श्री गनेश कुसमईया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनंतराम झारिया-** प्रेमसागर रोड आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री अनंतराम झारिया (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरोज अग्रवाल-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री रामचंद्र अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज अग्रवाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अरूणा कदम-** हनुमानताल पुलिस क्वाटर्स के पीछे निवासी श्री सुदीप राव कदम की धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा कदम (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री धीरज-** सफेद कुआं पोलीपाथर निवासी श्री अमीर के पुत्र श्री धीरज (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती यशोदा बाई चौधरी-** भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गोविंद प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी यशोदा बाई चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सैनी बाई-** बादशाह हलवाई मंदिर पोलीपाथर निवासी श्री हरि सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सैनी बाई (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राहुल मर्वे-** प्रेमसागर निवासी श्री हरछठ मर्वे के पुत्र श्री राहुल मर्वे (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्री भगवान दास-** गली नं. 19, सदर निवासी श्री भगवान दास (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता देवी बैनर्जी-** न्यू शोभापुर कॉलोनी व्हीकल रोड निवासी श्री केएम बैनर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता देवी बैनर्जी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विजय कौशिक-** नया मोहल्ला मढ़ाताल निवासी श्री विजय कौशिक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मैत्री शुक्ला-** शीतलपुरी बल्देवबाग निवासी श्री रामाधार शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती मैत्री शुक्ला (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम प्रसाद पालीवाल-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री राम प्रसाद पालीवाल (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



## जबलपुर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव, रानी दुर्गावती के सुपुत्र वीरनारायण को पुष्पांजलि दी

# रानी दुर्गावती की समाधि स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री, 462वें बलिदान दिवस पर वीरांगना को अर्पित की श्रद्धांजलि



जनजातीय समाज के आराध्य बड़ादेव की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को जबलपुर के नर्रई नाला स्थित समाधि स्थल पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती के सुपुत्र वीरनारायण को भी पुष्पांजलि अर्पित की तथा जनजातीय समाज के आराध्य बड़ादेव की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील कुमार तिवारी इंदु, अशोक रोहाणी, संतोष वरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे एवं नीरज सिंह भी मौजूद थे।

### सीएम ने किया जनजातीय समाज का अभिवादन व नर्तक दल का उत्साहवर्धन



इससे पहले वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करने समाधि स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समाज के लोगों का अभिवादन किया। समाधि स्थल पर मुख्यमंत्री का स्वागत मंडला जिले के मोहगांव तथा डिंडौरी जिले के करंजिया से आए बैगा जनजातीय नर्तक दल ने बैगा और करमा नृत्य की प्रस्तुति से किया। डॉ. यादव भी इस मौके पर अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने बैगा नर्तक दल के सदस्यों के साथ जमीन पर बैठकर नगाड़ा बजाया। डॉ. यादव बैगा नर्तक दल के सदस्यों से बड़ी ही आत्मीयता से मिले तथा अपने मोबाइल से दल में शामिल सदस्यों के साथ सेल्फी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्तक दल के प्रत्येक सदस्य को पांच-पांच हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी में किए बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर तथा काल भैरव मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 25 वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सहभागिता के लिए वाराणसी प्रवास पर हैं। बैठक में उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी भाग ले रहे हैं।



### खबर संक्षेप

#### जीएमसी से बेसन, मिलन से राजभोग के लिए सैंपल

**भोपाल।** खाद्य अमले ने मंगलवार को जीएमसी के कैंटीन और मिलन रेस्टॉरेंट से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। टीम सबसे पहले मार्ट फूड प्लाजा पहुंची, जहां से विलिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड बॉकेट से सूजी और मुंगफली दाना, ईश्वर बेकरी सुभाष कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा से मैदा, मिलन रेस्टॉरेंट एमपी नगर से राजभोग मिठाई, गांधी मेडिकल कॉलेज स्थित जेडीए कैंटीन से सताइस पर्व बेसन, तारा मेडिकल कोलार से लैक्टोजन, सिद्धि विनायक रिटेल सोल्यूशन बावड़ियां कला से नमकीन, प्रतिमा सुपर स्टोर्स गुलमोहर से सरसों तेल अन्य जगहों से सैंपल लिए। आप्टीकल हल्थ सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कोलार से नेस्टले सेरेलेक, माउण्टेन सेफ रेस्टोरेंट से पनीर व आटा के सैंपल लिए गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव का कहना है कि बारिश को देखते हुए खाद्य पदार्थों की जांच जारी रहेगी। नर्मदा पुरम रोड स्थित ब्रोनी बॉइट्स से कढ़ाई के तेल का नमूना, बाबड़यि कलां स्थित बेल्स अस्पताल से प्रोटीन का नमूना लिया गया। बारिश को देखते हुए खाद्य पदार्थों के निर्माण और विक्रय में स्वच्छता संबंधी सावधानियां रखने की हिदायत दी गई है। टीम ने चार जगहों पर गंदगी मिलने पर नोटिस जारी किए हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज को निर्णायक और सम्मानजनक मान्यता मिली

# मप्र शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश ने न केवल आंतरिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी भारत की आवाज को निर्णायक और सम्मानजनक मान्यता मिली है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रतीक है कि भारत अब अपने नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह विश्वास दिलाया है कि हर भारतीय, चाहे वो कहीं भी हो, भारत सरकार उसकी ढाल बनकर खड़ी है। उन्होंने हमेशा इस बात पर बल दिया है कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की।

बैठक में शामिल होने के लिए मप्र से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अलावा मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव महिला व बाल विकास विभाग रश्मि अरूण शमी, अपर मुख्य सचिव जीएडी संजय दुबे, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी, पर्यटन विभाग के आयुक्त व एमडी पर्यटन इलैया राजा टी के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इन अधिकारियों ने परिषद में प्रदेश की अपने विभाग से जुड़ी समस्याओं को बताया और समाधान के बारे में चर्चा की।

### वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक आयोजित

**खास बात**

- शिन वात्सल्य एवं पोषण 2 .0 के तहत 12 लाख 51 हजार बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला




#### जन्म से 5 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार आया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र शासन शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने में निरंतर प्रयासरत है। स्वास्थ्य, शिक्षा, जनजाति और पेयजल विभागों के विशेष कार्य दल गठन कर जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जन्म से 5 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार आया है। मिशन वात्सल्य एवं पोषण 2.0 के तहत 12 लाख 51 हजार बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिकों को सामान्य सेवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी के लिए सरकार ने ई पंचायत परियोजना शुरू की है।*

**संवेदनशील नेतृत्व और संकल्प की शक्ति ही जीवंत बनाती है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन हो रहा है। हमारा सौभाग्य है कि हम भगवान श्रीराम, आराध्य श्रीकृष्ण की जन्मस्थली और भगवान शिव के प्रिय निवास स्थान उत्तर प्रदेश की पुण्यभूमि बनारस में एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के फेडरल स्ट्रक्चर को केवल संवैधानिक प्रावधान नहीं बल्कि संवेदनशील नेतृत्व और संकल्प की शक्ति ही जीवंत बनाती है।

#### अगले 5 साल में प्रदेश के कम से कम 50% गांव में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियां बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को दूध कैपिटल बनाने की दिशा में हम प्रयासरत हैं। राज्य में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मप्र दुग्ध संघ के बीच समझौता हुआ है। यह एग्रीमेंट डेयरी नेटवर्क को सशक्त करेगा और सांची ब्रांड को मजबूती मिलेगी। अगले 5 साल में प्रदेश के कम से कम 50% गांव में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियां की स्थापना का लक्ष्य है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देश पर प्रदेश में दूध संकलन 10 लाख लीटर से बढ़कर 50 लाख लीटर करने का लक्ष्य है।

#### शीघ्र न्याय के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बच्चों से जुड़े संवेदनशील अपराधों के शीघ्र न्याय के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की गई है। वर्ष 2025 में पास्को में दर्ज प्रकरणों की जांच पूरी करने की दर 70. 87% और एफआईआर मामले के निपटान की दर 61.38% रही है।

#### 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा के जल को संग्रहित करने और पुराने जल स्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में व्यापक सफलता मिली है। प्रदेश के सभी जिलों में जिला प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों, नागरिकों ने अभियान में सहभागिता की।

### 'सीपीपीपी निवेश प्रोत्साहन विंग' का शुभारंभ

## सहकारिता में नई क्रांति लाएगा मध्य प्रदेश का सीपीपीपी मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारी अर्थव्यवस्था में सहकारिता का अहम योगदान है। मध्यप्रदेश के सीपीपीपी मॉडल को पूरे देश में सराहना मिली है। मप्र के सीपीपीपी मॉडल के माध्यम से संपूर्ण सहकारिता जगत में नई क्रांति आएगी। यह बात सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को विंध्याचल भवन स्थित सहकारिता आयुक्त कार्यालय में 'सीपीपीपी निवेश प्रोत्साहन विंग' का शुभारंभ अवसर पर कही।

सारंग ने कहा कि सीपीपीपी विंग सहकारी समितियों, किसानों और निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कार्य करेगा। साथ ही निवेश से जुड़ी अनुमतियों, प्रक्रियाओं और मार्गदर्शन के लिए एकीकृत मंच प्रदान करेगा।



#### सीपीपीपी मॉडल की केंद्र ने प्रशंसा की: मंत्री सारंग

*मंत्री सारंग ने कहा कि सहकारी बैंकों, समितियों, किसानों और निजी उद्यमियों के बीच एमओयू की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा। मंत्री सारंग ने कहा कि मप्र के सीपीपीपी मॉडल की प्रशंसा केंद्र सरकार द्वारा भी की गई है और यह संभावना जताई जा रही है कि भविष्य में इसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा सकता है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक मनोज पुष्प, उप सचिव मनोज सिन्हा सहित रिलाइंस, मैजेस्टिक बासमती राइस, मशरूम वर्ल्ड, प्रतिभा सिंटेक्स कंपनियों के प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।*

## आपातकाल की वर्षगांठ: एक वर्ष तक किया जाएगा कार्यक्रमों का आयोजन

**भोपाल।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में 25 जून से एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। केन्द्र सरकार की ओर से निर्मित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन, प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में विद्यार्थियों, प्रबुद्धजनों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से संगोष्ठियां, संवाद आदि होंगे।

### डोंगरगढ़ के प्रज्ञागिरी पहाड़ी क्षेत्र में गांजा बेचता पकड़ा गया

## योग सिखाने वाला निकला नशे का सौदागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के प्रज्ञागिरी पहाड़ी क्षेत्र में संचालित फार्महाउस योगाश्रम में अवैध गांजा बिक्री की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ा। आरोपी के पास से लगभग दो किलोग्राम (1.993 किग्रा) गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में फार्महाउस से आपत्तिजनक अनैतिक सामग्री भी बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी योगी बाबा कांतिलाल अग्रवाल (45), मूलरुप से डोंगरगढ़ का रहने वाला है। बीते 20 वर्षों से गोवा में योगाश्रम चला रहा था और वहां विदेशी पर्यटकों को योग-ध्यान की शिक्षा देने का दावा करता है। वह खुद को 10 से अधिक एनजीओ का डायरेक्टर और 100 से ज्यादा देशों का यात्री बताता है। डोंगरगढ़ में पिछले दो महीनों से वह फार्महाउस में गोवा की शैली में योगाश्रम निर्माण करा रहा था।

#### मौके पर ही किया गया गिरफ्तार

*मुखबिर से सूचना मिलने के बाद 24 जून को पुलिस ने फार्महाउस में दबिश दी। आरोपी के बरामदे में रखे दीवान से दो पैकेट गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा बेचने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि पुलिस आरोपित के एनजीओ संस्थानों, विदेशी यात्राओं और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की गहन जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी क्षेत्र के युवाओं और पर्यटकों को गांजा बेचकर उनका भविष्य खराब कर रहा था।*

पुलिस ने रांची में किया गिरफ्तार

## पकड़ा गया ट्रिपल मर्डर को अंजाम देने वाला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के साजबहार में हुए तिहरे हत्याकांड के आरोपी प्रमोद गिद्धि को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुलिस से बचने के पड़ोसी राज्य झारखंड भाग गया था। आरोपी प्रमोद ने मृतिका सुभद्रा चौहान और दोनों बच्चों का बेल्ट से गला घोंट कर हत्या करने का अपराध कबूल कर लिया है।

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए पांच टीम गठित की गईं थी। टीमें आरोपी के रिश्तेदार और परिचितों के यहां छापा मार रही थी।

#### मोबाइल फोन ट्रेस

*इस बीच टेक्निकल टीम ने आरोपी के मोबाइल फोन को ट्रेस किया तो पता चला कि वह झारखंड में रांची की ओर भागा है। इस पर एक टीम ने रांची के आसपास डेरा डाल दिया। पुलिस से बचने की फिराक में आरोपी प्रमोद ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था। लेकिन पुलिस मोबाइल को ट्रेसिंग में डाल कर लगातार वॉच कर रही थी। इस बीच रांची के नजदीक बीती रात आरोपी ने अपने मोबाइल को ऑन किया। जिससे पुलिस को उसका लोकेशन मिल गया और रांची में डेरा जमाए जशपुर पुलिस की टीम ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया।*

### फीस लेकर दो साल से नहीं कराई परीक्षा

## विद्यार्थियों के भविष्य से खुलेआम खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पीजीडीसी, डीसीए कंप्यूटर कोर्स कराने के लिए शुल्क लेकर परीक्षा नहीं कराने का मामला सामने आया है। पीड़ित विद्यार्थियों ने इसकी शिकायत बसंतपुर थाने में की है।

विद्यार्थियों ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि कमला कॉलेज रोड स्थित भाषा एजुकेशन हब संस्था ने साल 2023 में पीजीडीसीए, डीसीए करने के लिए प्रवेश लिए थे।



#### बसंतपुर थाने में शिकायत की

संस्था के संचालक द्वारा 12 से 16 हजार रुपए लिया गया, लेकिन दो साल बाद भी संस्था के संचालक ने परीक्षा नहीं कराया। इसके चलते वे मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। वहीं संस्था संचालक भविष्य से खिलवाड़ भी कर रहा है। जमा राशि लौटाने के लिए भी आनाकानी कर रहा है। पहले भी विद्यार्थियों ने संस्था के संचालक ऋषभ मानिकपुरी के खिलाफ बसंतपुर थाने में शिकायत की थी।

#### आश्वासन के बाद भी विद्यार्थियों को नहीं मिली राशि

इसके बाद संस्था संचालक ने मौके पर पहुंचकर विद्यार्थियों को कोर्स के मुताबिक लिए शुल्क को वापस लौटाने का आश्वासन दिया था। वहीं पुलिस को लिखित में भी दिया था, लेकिन संस्था संचालक राशि देने से मुकर गया। पीड़ित विद्यार्थियों ने थाने में लिखित शिकायत कर कार्रवाई व राशि को लौटाने की मांग की है।

### भटगांव के पास शिवनाथ नदी किनारे साढ़े तीन एमएलडी क्षमता वाली इंटकवेल पूर्ण

## आईआईटी भिलाई को जलसंकट से जल्द मिलेगी राहत, अंतिम चरण में 10 करोड़ रुपए की योजना

**परिसर में फिल्टर प्लांट बनाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पानी की समस्या से जूझ रहे आईआईटी भिलाई को जल्द ही समस्या से निजात मिलने वाली है। संस्थान में पानी की समस्या को दूर करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बनाई गई 10 करोड़ रुपए की योजना का काम अब अंतिम चरण में है। भटगांव के निकट शिवनाथ नदी किनारे साढ़े तीन एमएलडी क्षमता वाली इंटकवेल का निर्माण पूरा हो गया है।



**काम सप्ताहभर में होगा पूरा**

नदी से पानी खींचने यहां मोटर पंप लगाने का काम सप्ताहभर में पूरा कर लिया जाएगा। वहीं कुटेलाभाटा स्थित आईआईटी भिलाई के परिसर में फिल्टर प्लांट बनाया गया है। इसका काम भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। स्थापना के साथ ही आईआईटी भिलाई में जलसंकट की स्थिति थी। इस समस्या से निपटने भिलाई निगम व जिला प्रशासन ने साल 2023 में एक वैकल्पिक व्यवस्था बनाई थी, जिसके मुताबिक खनिज न्यास मद से 34.81 लाख रुपए स्वीकृत कर निगम के खम्हरिया भाठा पानी टंकी से आईआईटी तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई।

#### जुलाई से पानी की सप्लाई शुरू होने की उम्मीद

नदी के भटगांव-गनियारी एनीकट पर साढ़े तीन एमएलडी क्षमता वाली इंटकवेल का निर्माण कराया गया है। यहां नदी से पानी खींचने के लिए मोटर पंप लगाने का काम चल रहा है, जिसे सप्ताहभर में पूरा कर लिया जाएगा। इस इंटकवेल से आईआईटी भिलाई तक पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई है। वहीं आईआईटी में फिल्टर प्लांट का निर्माण कराया गया है। इसका काम भी अंतिम चरण में है। शेष काम निर्धारित समयावधि में पूरा हुआ तो जुलाई के अंत तक शिवनाथ नदी से आईआईटी में पानी की सीधी सप्लाई शुरू हो जाएगी।

#### अंतिम चरण में 10 करोड़ रुपए की योजना का काम

चूंकि आईआईटी में पानी की समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर नई योजना बनाए जाने के निर्देश दिए। इस पर शिवनाथ स्थित भटगांव-गनियारी एनीकट पर एक इंटकवेल का निर्माण कर आईआईटी भिलाई तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष पांडेय ने बताया कि करीब 10 करोड़ की इस योजना का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है।

### राजनांदगांव में अब अपराधियों की खैर नहीं

## 'त्रिनेत्र योजना' के तहत लगाए जा रहे 385 सीसीटीवी कैमरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा त्रिनेत्र योजना के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सोमवार को कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे व पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने शहर के विभिन्न स्थानों पर चल रहे कैमरा इंस्टालेशन कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहर की सुरक्षा में तकनीक का उपयोग समय की आवश्यकता है।

त्रिनेत्र योजना से पुलिस को असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने में बड़ी मदद मिलेगी। वहीं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि शहर को सीसीटीवी कवरेज से जोड़ने की दिशा में यह योजना एक मील का पत्थर साबित होगी। यह अपराधियों के मन में डर पैदा करेगी और आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा देगी।




#### पहले चरण में लगाए जाएंगे 385 कैमरें

इस महत्वाकांक्षी योजना के पहले चरण में एक जुलाई 2025 तक कुल 385 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कैमरों को शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों व संवेदनशील इलाकों में स्थापित किया जा रहा है। यह कैमरे सर्वर से जोड़े जाकर रीयल टाइम निगरानी की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

## खबर संक्षेप

### रेपो दर में कटौती से घर खरीदना हुआ आसान




**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में मुंबई घर खरीदने के लिहाज से सबसे कम किफायती है, लेकिन हाल में कर्ज पर ब्याज दरों में कटौती ने इसे 2010 के बाद से सबसे किफायती बना दिया है। रिपोर्ट में कहा कि मुंबई सूचकांक के इतिहास में पहली बार 50 प्रतिशत के स्तर से नीचे आया है, जिसे सामर्थ्य की बाहरी सीमा माना जाता है।

### चीन से आयातित छह उत्पादों पर भारत का डंपिंग-रोधी शुल्क




**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित छह उत्पादों पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), सजावटी कागज और टर्टिएयरी बुटाक्साइड पर लगाया गया है।

### रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 86.07 प्रति डॉलर




**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर में सुधार से बुधवार को रुपये ने अपने शुरुआती लाभ को गंवा दिया और अंत में यह दो पैसे की गिरावट के साथ 86.07 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों के मजबूत प्रदर्शन ने स्थानीय मुद्रा में भारी गिरावट को रोका।

### कंट्री डिलाइट ने नया ओट्स बेवरेज बाजार में उतारा




**नई दिल्ली।** भारत के लोकप्रिय किचन ब्रांड कंट्री डिलाइट ने आज अपने नए ओट्स बेवरेज (पेय) को बाजार में पेश किया है। इस पेशकश के साथ कंपनी ने तेजी से बढ़ते 'प्लांट-बेस्ड पेश खंड'' में प्रवेश किया है। यह नया पेय उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो सेहत के प्रति जागरूक हैं और स्वाद से समझौता किए बिना एक पौष्टिक और विकल्प की तलाश में हैं।

### जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए समाधान योजना पेश




**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के समूह, खनन दिग्गज अनिल अग्रवाल की वेदांता और डालमिया भारत सीमेंट ने दिवाला प्रक्रिया के जरिये जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण के लिए अपनी समाधान योजना प्रस्तुत की हैं। उन्होंने कहा कि जेपी इन्फ्राटेक, जिसे मुंबई स्थित सुरक्षा समूह ने अधिग्रहीत किया है, ने भी बोली लगाई है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ईडी द्विवेदी बने जीएम




**नई दिल्ली।** सरकार ने एक असामान्य कदम के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक (ईडी) पंकज द्विवेदी को पदानवत कर महाप्रबंधक (जीएम) बना दिया है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की 27 मार्च, 2024 की अधिसूचना में कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ईडी के रूप में पंकज द्विवेदी की नियुक्ति को रद्द किया जाता है। सरकार ने उन्हें पंजाब एंड सिंध बैंक में महाप्रबंधक के रूप में उनके पिछले पद पर वापस कर दिया है।

# अंबानी और अदाणी ने दूसरी बार ईंधन बेचने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने एक-दूसरे के ईंधन खुदरा नेटवर्क का लाभ उठाकर वाहन ईंधन बेचने के लिए साझेदारी की है।

- दोनों खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर करेंगे स्थापित

यह दो अरबपति उद्योगपतियों के बीच दूसरा व्यावसायिक सहयोग है। ब्रिटेन की बीपी के साथ अंबानी का ईंधन उद्यम जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर स्थापित करेगा।

## दो अरबपति उद्योगपतियों के बीच दूसरा व्यावसायिक सहयोग

### गुणवत्ता वाले ईंधन की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी

इसमें कहा गया, "इस साझेदारी के तहत, चुनिंदा एटीजीएल ईंधन आउटलेट जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले तरल ईंधन (पेट्रोल और डीजल) की पेशकश करेंगे, जबकि चुनिंदा जियो-बीपी ईंधन आउटलेट एटीजीएल के अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के भीतर एटीजीएल के सीएनजी डिस्पेंसर को एकीकृत करेंगे। इस प्रकार परिवहन उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन की आपूर्ति बढ़ाई जाएगी।"



*पिछले साल मार्च में बिजली के लिए हुआ था करार : हाल के महीनों में यह दूसरी बार है जब देश के दो प्रमुख अरबपति उद्योगपति एक साथ आए हैं। पिछले साल मार्च में, दोनों ने मध्यप्रदेश में एक बिजली परियोजना के लिए अपने पहले सहयोग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।*

### अंबानी ने मप्र में अदाणी पावर में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

अंबानी की कंपनी रिलायंस ने मध्यप्रदेश में अदाणी पावर की परियोजना में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी और संयंत्र की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### जियो-बीपी व एटीजीएल में करार

बयान के अनुसार, "अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) और जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड के परिचालन ब्रांड) ने आज (बुधवार) भारतीय उपभोक्ताओं के लिए वाहन ईंधन खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।"

### सीएनजी डिस्पेंसर भी लगाएगी

बुधवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, अंबानी का ब्रिटेन की बीपी के साथ ईंधन उद्यम- जियो-बीपी, अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की सीएनजी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर लगाएगा। इसके साथ ही, अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज का शहरी गैस वितरण संयुक्त उद्यम - एटीजीएल, जियो बीपी के ईंधन स्टेशनों पर सीएनजी डिस्पेंसर लगाएगा।

### जियो-बीपी के देशभर में 1972 पेट्रोल पंप

इस साझेदारी के तहत समूह की मौजूदा और भविष्य की, दोनों इकाइयां आएंगी। जियो-बीपी के पास देशभर में 1,972 पेट्रोल पंप हैं, जबकि एटीजीएल 34 भौगोलिक क्षेत्रों में 650 सीएनजी स्टेशनों का नेटवर्क संचालित करती है।

## अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत भी शामिल

# भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल : डब्ल्यूईएफ रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच (डबल्यूईएफ) के अध्ययन में वित्तीय प्रौद्योगिकी के लिहाज से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों की सूची में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भारत को भी शामिल किया गया है। चीन के तियानजिन में आयोजित न्यू चैंपियंस की वार्षिक बैठक में जारी विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन में कहा गया कि लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की वृद्धि स्थिर हो रही है।

अध्ययन में पाया गया कि वित्तीय प्रौद्योगिकी के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में ब्रिटेन, भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ब्राजील और इंडोनेशिया शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक में 10 से अधिक कंपनियों का मुख्यालय है और ये वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### महामारी के बाद मजबूत व टिकाऊ वृद्धि

डबल्यूईएफ ने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी का सर्वश्रेष्ठ परिचालन करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, भारत, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, कोलंबिया, मेक्सिको, इंडोनेशिया और जर्मनी शामिल हैं। वैश्विक महामारी के बाद की मंदी के बावजूद, वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र पारंपरिक रूप से वंचित समूहों तक पहुंचते हुए मजबूत व टिकाऊ वृद्धि दिखा रहा है इन 240 वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के वैश्विक सर्वेक्षण में पता चलता है कि ग्राहक वृद्धि 37 प्रतिशत पर स्थिर है।

**लाभप्रदता और समावेशन में मजबूती के बीच स्थिर वृद्धि**

**शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में सिंगापुर ब्राजील और इंडोनेशिया शामिल**

**प्रत्येक देशों में 10 से अधिक कंपनियों का मुख्यालय**

*एमएसएमई का महत्वपूर्ण हिस्सा*

*सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई), निम्न आय वाले व्यक्ति तथा महिलाएं वित्तीय प्रौद्योगिकी के ग्राहक आधार का महत्वपूर्ण हिस्सा (क्रमशः 57 प्रतिशत, 47 प्रतिशत और 41 प्रतिशत) हैं। खासकर उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में जहां ये क्षेत्र वित्तीय प्रौद्योगिकी के लाभ में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।*




### एआई को अपनाने से प्रदर्शन में हो रहा सुधार

सर्वेक्षण में कहा गया कि कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से प्रदर्शन में सुधार हो रहा है। 83 प्रतिशत वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों ने एआई के इस्तेमाल से बेहतर ग्राहक अनुभव हासिल करने की जानकारी दी है और लगभग तीन-चौथाई उत्तरदाताओं ने उच्च लाभप्रदता एवं कम लागत की बात कही है। व्यापक आर्थिक स्थितियां वृद्धि के लिए सबसे अधिक उद्धृत चुनौती बनी रहीं, केवल 18 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उन्हें बाधा के रूप में देखा जो 2024 में 56 प्रतिशत से कम है।

### वित्तपोषण के माहौल को लेकर चिंताएं हुई कम

वित्तपोषण के माहौल को लेकर चिंताएं भी काफी कम हो गई हैं। अब केवल 12 प्रतिशत लोग ही इसे बाधा मानते हैं जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 40 प्रतिशत था। विश्व आर्थिक मंच ने कहा कि इन सुधारों के बावजूद वित्तीय प्रौद्योगिकी के मजबूत विकास को बढ़ावा देने के लिए और अधिक काम किए जाने की जरूरत है। खासकर पूंजी तक पहुंच का विस्तार करने और नियामकीय दक्षता बढ़ाने पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

### राजस्व वृद्धि 40 और लाभ वृद्धि 39 फीसदी

वित्तीय प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है। राजस्व वृद्धि 40 प्रतिशत एवं लाभ वृद्धि 39 प्रतिशत है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के कैम्ब्रिज जज बिजनेस स्कूल में कैम्ब्रिज सेंटर फॉर अल्टरनेटिव फाइनेंस (सीसीएएफ) के सहयोग से आयोजित 'वैश्विक वित्तीय प्रौद्योगिकी का भविष्यः तीव्र विस्तार से सतत विकास तक' अध्ययन में पारंपरिक रूप से वंचित बाजार खंडों तक वित्तीय पहुंच का विस्तार करने में वित्तीय प्रौद्योगिकी की निरंतर भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

# बाजार ने पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स 700 और निफ्टी 200 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई और सेंसेक्स 700 अंक चढ़ गया। निफ्टी भी 200 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट टलने की उम्मीद में कच्चे तेल के कीमतों में नरमी देखी गई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक यानी 0.85 प्रतिशत चढ़कर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 760.8 अंक चढ़कर 82,815.91 अंक पर पहुंच गया था।

निफ्टी भी 200.40 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।



- पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत
- कच्चे तेल के कीमतों में भी नरमी देखी गई

दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

बजाज ब्रोकिंग ने शेयर बाजार पर जारी एक टिप्पणी में कहा, ''मानक सूचकांक ने लगातार दूसरे दिन अपनी तेजी बरकरार रखी। ईरान-इजराइल संघर्ष खत्म होने से भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीदें जगी हैं और निवेशक धारणा को बल मिला है।''

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में खासी तेजी देखी गई थी।

# टाटा प्ले का घाटा बढ़कर 529 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा प्ले का वित्त वर्ष 2024-25 में एकीकृत घाटा बढ़कर 529.43 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 353.88 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। टाटा प्ले का पहले नाम टाटा स्काई था।

वित्त वर्ष 2024-25 में परिचालन आय 5.15 प्रतिशत घटकर 4,082.5 करोड़ रुपये रह गई। कंपनी के बढ़ते घाटे के कारणों का तुरंत पता नहीं चल सका। हालांकि डिशटीवी, एयरटेल डिजिटल टीवी और डीडी फ्री डिश सहित अन्य डीटीएच संचालकों के साथ उसे कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। कारोबार असचूना मंच 'टोफ्लर' द्वारा प्राप्त वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, कुल आय जिसमें अन्य आय भी शामिल है वह पिछले वित्त वर्ष में 5.03 प्रतिशत घटकर 4,109.3 करोड़ रुपये रह गई। वित्त वर्ष 2024-25 में टाटा प्ले का विज्ञापन प्रचार खर्च 29.2 प्रतिशत घटकर 124.28 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2023-24 में यह 175.54 करोड़ रुपये था।




- राजस्व घटकर 4,082 करोड़ रुपए रहा
- टाटा प्ले का पहले नाम टाटा स्काई था

कुल खर्च तीन प्रतिशत घटकर 4,619.22 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपना शुद्ध ऋण एक साल पहले के 4,010.21 करोड़ रुपये से घटाकर 3,445.60 करोड़ रुपये कर दिया। टाटा संस 31 मार्च 2025 तक 60 प्रतिशत शेयर के साथ कंपनी में सबसे बड़ी शेयरधारक था।

## वर्ष 2030 तक भारत में होंगे 98 करोड़ 5जी ग्राहक




**नई दिल्ली।** भारत में 5जी ग्राहकों की संख्या 2030 तक तीन गुना बढ़कर लगभग 98 करोड़ होने का अनुमान है। दूरसंचार गियर बनाने वाली कंपनी एरिक्सन की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 4जी उपयोगकर्ताओं की संख्या 2030 तक लगभग 60 प्रतिशत घटकर 23 करोड़ रह जाने का अनुमान है। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट ने नवंबर में अनुमान लगाया था कि 5जी ग्राहकों की संख्या बढ़कर 97 करोड़ हो जाएगी, जो कुल उपयोगकर्ता आधार का 74 प्रतिशत होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत 2024 में प्रति स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 32 जीबी के डेटा खपत के लिहाज से दुनिया में सबसे आगे था। इसने नवंबर 2024 की रिपोर्ट में अनुमान जताया था कि 2030 तक मोबाइल फोन पर डेटा खपत 66 जीबी तक बढ़ जाएगी, हालांकि ताजा रिपोर्ट में इस अनुमान को घटाकर 62 जीबी कर दिया है।

# आरबीआई ने कॉल मनी के लिए बाजार समय एक जुलाई से दो घंटे बढ़ाया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज यानी 'कॉल मनी' का बाजार समय एक जुलाई से दो घंटे बढ़ाकर शाम सात बजे तक कर दिया जाएगा।



- तात्कालिक वित्तीय जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाले कर्ज है कॉल मनी

जब कोई बैंक अचानक नकदी की जरूरत आने पर किसी दूसरे बैंक से बहुत कम समय (अमूमन एक दिन) के लिए उधार लेता है तो उसे 'कॉल मनी' कहते हैं। आरबीआई ने यह फैसला राधा श्याम राठो की अध्यक्षता में गठित कार्यसमूह की सिफारिशों के आधार पर किया है। यह समूह विनियमित वित्तीय बाजारों के व्यापार एवं निपटान के समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए बनाया गया था। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, ''अब कॉल मनी का संशोधित बाजार समय सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक होगा।''इसके साथ ही मार्केट रेपो और त्रिपक्षीय रेपो (टीआरईपी) के कारोबारी घंटे भी एक अगस्त, 2025 से शाम चार बजे तक बढ़ा दिए जाएंगे।

### दूसरे बाजार के लिए कारोबारी घंटे अपरिवर्तित रहेंगे

आरबीआई ने कहा कि सरकारी प्रतिभूति बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार और ब्याज दर डेरिवेटिव बाजार के लिए कारोबारी घंटे अपरिवर्तित रहेंगे। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने कहा कि कार्यसमूह की अन्य सिफारिशें विचाराधीन हैं और उनपर निर्णय उचित समय पर लिए जाएंगे।

# जियो हॉटस्टार पहुंचा नेटफ्लिक्स के करीब

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऑनलाइन मंच जियोहॉटस्टार ने बुधवार को कहा कि उसके कुल उपभोक्ताओं की संख्या 30 करोड़ को छू गई है। यह आंकड़ा वैश्विक ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स की अंतिम रिपोर्ट में दी गई उपभोक्ता की संख्या 30.163 करोड़ से कुछ ही कम है।




- उपभोक्ता संख्या हुई 30 करोड़

मीडिया की एक खबर के अनुसार, हाल ही में संपन्न हुए टाटा आईपीएल के संस्करण से ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। फरवरी में उपभोक्ता की संख्या मात्र पांच करोड़ थी। जियोस्टार के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (खेल एवं लाइव अनुभव) संजोग गुप्ता ने बताया कि दर्शकों की उच्च संख्या ने राजस्व में भी योगदान दिया।

गुप्ता ने कहा, '' हम इस आईपीएल को इस आयोजन का सबसे अधिक मुद्रीकृत संस्करण बनाने में सफल रहे हैं। विज्ञापन एवं सदस्यता राजस्व के मामले में यह भारत में अब तक का सबसे अधिक मुद्रीकृत खेल आयोजन भी है।''

जियोहॉटस्टार की रिपोर्ट के अनुसार, यह ध्यान देने योग्य बात है कि फरवरी में जियोस्टार के केवल पांच करोड़ उपभोक्ता थे। यह आंकड़ा मई में क्रिकेट लीग की शुरुआत के साथ 28 करोड़ तक पहुंच गया। दिसंबर 2024 के अंत तक नेटफ्लिक्स के पास 190 देशों में 301.6 उपभोक्ता थे, जिनमें अक्टूबर-दिसंबर 2024 में 1.8 करोड़ से अधिक उपभोक्ता जुड़े।

रिपोर्ट के अनुसार, जियोस्टार के लिए डिजिटल और टीवी माध्यमों में आईपीएल की कुल पहुंच 1.19 अरब थी और औसत दैनिक पहुंच टीवी पर 12.1 करोड़ और डिजिटल मंच पर 17 करोड़ तक रही। वहीं 12.9 करोड़ टीवी दर्शक उच्च लागत वाले स्टार स्पोर्ट्स एचडी पर थे और स्टार स्पोर्ट्स पर कुल दर्शकों में से 47 प्रतिशत महिलाएं थीं।

### जियोहॉटस्टार पर 65.2 करोड़ की पहुंच

इसमें कहा गया है कि डिजिटल मोर्चे पर ऑनलाइन मंच जियोहॉटस्टार पर पहुंच 65.2 करोड़ रही जबकि कनेक्टेड टीवी पर 23.5 करोड़ और मोबाइल फोन पर 41.7 करोड़ लोगों ने इसे देखा। कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है कि जियोस्टार को एंड्रॉइड फोन में 1.04 अरब बार डाउनलोड किया गया।

# कोल इंडिया का कोकिंग कोयला उत्पादन मई में नौ प्रतिशत घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोकिंग कोयले का उत्पादन मई में 8.7 प्रतिशत घटकर 45.3 लाख टन रहा है। हालांकि, सरकार आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। पिछले साल मई में सीआईएल का कोकिंग कोयले का उत्पादन 49.6 लाख टन था। अपने 'मिशन कोकिंग कोल' के तहत सरकार का लक्ष्य 2029-30 तक घरेलू कोकिंग कोयला उत्पादन को बढ़ाकर 14 करोड़ टन करने का है, जिससे इस्पात क्षेत्र के लिए आयात पर निर्भरता कम हो सके।



- कोकिंग कोयले का उत्पादन घटकर 45 .3 लाख टन रहा

## बैंकों को अपनी ग्राहक सेवाओं में और सुधार करने की जरूरत



**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने कहा है कि बैंक अब अधिक स्थिर और स्वस्थ हैं, लेकिन ग्राहक सेवा के मामले में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने बुधवार को पंजाब एंड सिंध बैंक के 118वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, "आज बैंक अधिक स्थिर और स्वस्थ हैं। हालांकि, सभी क्षेत्रों में अच्छी ग्राहक सेवाएं दी जा रही हैं, लेकिन हर व्यक्ति के चेहरे पर वास्तविक मुस्कान लाने के लिए अब भी सुधार की गुंजाइश है। इस मौके पर बैंक ने बेहतर ग्राहक अनुभव और निर्बाध डिजिटल सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजायन की गईं नई और स्मार्ट शाखाओं की एक श्रृंखला शुरू की।

## 2016 में रिलायंस जियो के साथ दूरसंचार उद्योग में कदम बढ़ाया

# जियो मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा जोखिम था: अंबानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने 2016 में रिलायंस जियो के साथ दूरसंचार उद्योग में कदम रखने के फैसले को अपने जीवन का ''सबसे बड़ा जोखिम'' बताया है। उन्होंने कहा कि यदि विश्लेषकों की वित्तीय विफलता की भविष्यवाणी सच भी हो जाती तो भी भारत को डिजिटल रूप से बदलने में इसकी भूमिका को देखते हुए यह जोखिम उठाना उचित होता।

- भारत को डिजिटल रूप से बदलने में बड़ी भूमिका निभाई

वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी 'मैकिन्से एंड कंपनी' के साथ साक्षात्कार में एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 4जी मोबाइल नेटवर्क शुरू करने में अपने स्वयं के अरबों डॉलर का निवेश किया था। इसको लेकर कुछ विश्लेषकों का कहना था कि यह वित्तीय रूप से सफल नहीं हो सकता है क्योंकि भारत सबसे उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए तैयार नहीं है।

अंबानी ने कहा, '' लेकिन मैंने अपने निदेशक मंडल से कहा कि सबसे खराब स्थिति यह होगी कि हमें ज्यादा 'रिटर्न' नहीं मिलेगा। तो यह ठीक है, क्योंकि यह हमारा अपना पैसा है लेकिन रिलायंस के रूप में, यह भारत में हमारा अब तक का सबसे बड़ा परोपकारी काम होगा क्योंकि हम भारत का डिजिटलीकरण कर देश को पूरी तरह बदल चुके होंगे।

### 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता

भारत में अब 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, और यह आंकड़ा इसे वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े ऑनलाइन बाजारों में से एक बनाता है। इसने डिजिटल समावेशन को तेज किया क्योंकि किफायती डेटा ने डिजिटल विभाजन को पाटने में मदद की है। ई-कॉमर्स, वित्तीय प्रौद्योगिकी, शिक्षा प्रौद्योगिकी और मनोरंजन जैसी डिजिटल सेवाओं के विकास को बढ़ावा दिया है।




*डेटा के लागत में कमी आई*

*जियो के आने से पहले भारत में मोबाइल इंटरनेट अपेक्षाकृत महंगा था और आबादी के बड़े हिस्से की इस तक पहुंच नहीं थी। इसके आने से कीमतों में उतार-चढ़ाव शुरू हुआ जिससे डेटा की लागत में उल्लेखनीय कमी आई और ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों सहित लाखों भारतीयों के लिए इंटरनेट तक पहुंच सस्ती हो गई। इसका नतीजा यह हुआ कि इंटरनेट की पहुंच बढ़ी।*

### देश के दूरसंचार बाजार में क्रांति ला दी

*जियो को 2016 में पेश किए जाने के बाद से, जियो ने मुफ्त 'वॉयस कॉल' और बेहद कम लागत वाला डेटा प्रदान करके भारतीय दूरसंचार बाजार में क्रांति ला दी है, जिससे प्रतिस्पर्धियों को कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है और देश भर में तेजी से डिजिटल अपनाने को बढ़ावा मिला है।*

### भगवती के साधकों के लिए विशेष महत्व के 9 दिन रहेंगे विशेष

# बड़ी खेरमाई मंदिर में गुप्त नवरात्रि पर मातारानी का होगा विशेष पूजन-अर्चन



**हरिभूमि, जबलपुर।** आज से प्रारम्भ हो रही आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि पर गुप्त शक्तिपीठ माता श्री बड़ी खेरमाई में भगवती का विशेष पूजन-अर्चन नौ दिनों तक किया जाएगा। मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि देवी के साधकों के लिए गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। इसलिए मनोकामना सिद्धि के लिए साधक अखण्ड दीप ज्योति प्रजवल्लित कर घट कलश की स्थापना कर जाप साधना करते हैं। इसलिए मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा इन 9 दिनों के लिए विशेष पूजन-अर्चन आदि की व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई है। नियमित पूजा-अर्चना के साथ मंदिर परिसर में श्रद्धालु मातारानी का दर्शन कर दीप ज्योति और कलश का भी दर्शन लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## बंगाली समाज की रथ यात्रा कल निकलेगी

**हरिभूमि, जबलपुर।** बंगाली समाज की रथ यात्रा शुक्रवार 27 जून को सायं 5.30 बजे से सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन, सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक से प्रारंभ होगी। सिटी बंगाली क्लब से निकाली जाने वाली रथ यात्रा बंगाली समाज की सबसे प्राचीन रथ यात्रा है जो वर्ष 1967 से निकली जा रही है, वर्ष 2022 में जगन्नाथ मंदिर बनवाकर पूरीधाम से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, और सुभद्रा का नया विग्रह लाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई है, साथ ही रथ का विस्तार कर उसे आकर्षक बनाया गया है। इस वर्ष चांदी से निर्मित सोने की पालिश वाले नवीन शुभ झाड़ू से रथ और मार्ग की सांकेतिक सफाई की जाएगी।



### एक से परिधान में शामिल होंगे श्रद्धालु

रथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में महिलाओं के लिए पीली साड़ी लाल किनारे वाली और पुरुष वर्ग के लिए पीला कुर्ता पहनकर आने का आग्रह किया गया है। प्रसाद के रूप में भगवान जगन्नाथ का भात प्रसाद, समोसा, जलेबी का वितरण किया जाएगा। सचिव प्रकाश साहा ने रथ यात्रा में शामिल होने की अपील शहरवासियों से की है।

# कृषिविवि में बीज उत्पादक कंपनी स्थापना पर प्रशिक्षण




**बीजो उत्पादन एवं बीज प्रमाणीकरण हेतु विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी**

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में बिजनिस प्लानिंग एण्ड डेवलपमेंट यूनिट, आईएबीएम द्वारा ''बीज उत्पादक कंपनी की स्थापना" विषय पर ऑनलाइन एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 31 कृषक एवं युवाओं ने हिस्सा लिया।

गौरतलब है कि कृषि एवं कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु कृषकों एवं युवाओं को सरल एवं सुगम माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्येश्य से बीजोउत्पादन एवं बीज प्रमाणीकरण विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. संजय सिंह, वैज्ञानिक, पौध प्रजनन एवं अनुवांशिकी विभाग द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को बीजोउत्पादन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई एवं डॉ. एस.के. धारीवाल, वरिष्ठ बीज प्रमाणीकरण अधिकारी, जबलपुर द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को बीज उत्पादक कंपनी की स्थापना विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई ओर दोनों विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासा भरे प्रश्नों के उत्तर दिये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं ऑनलाईन मंच का संचालन दीपांशु पाटेल, बिजनिस एक्सीकेटिव, जवाहर राबी तथा जय वर्मा, प्रशिक्षण कोऑर्डिनेटर, बिजनिस प्लानिग एण्ड डेवलपमेंट यूनिट का सराहनीय योगदान रहा।

## जबलपुर की कंपनी आईटी ने किया आईटी महाकुंभ का आयोजन



**जबलपुर।** जबलपुर सर्वार्थ द्वारा आईटी महाकुंभ का आयोजन एवं नागरिक सम्मान और मेधावी छात्र सम्मान, पुरस्कार का वितरण किया गया। यूरोप से मुख्य अतिथि के रूप में आए वुल्फ गैंग प्लेट्स ने 12वीं पास और ग्रेजुएशन कर रहे छात्र-छात्राओं को करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया और जबलपुर में आईटी हब बनाने के लिए अपना समर्थन देने की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में सर्वार्थ ग्रुप के संस्थापक वैभव पाटील, सर्वार्थ के ग्लोबल सीईओ कपिल शर्मा, सर्वार्थ जबलपुर के सीईओ अंशुल शुक्ला, सीओओ श्याम मोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुपर 30 में चयनित बच्चों को लगभग एक करोड़ रुपए की राशि निःशुल्क छात्रवृत्ति वितरित की गई। इसके साथ-साथ भिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों नागरिकों का सम्मान भी किया गया। पद्मश्री डॉक्टर एमसी डाबर, मिलेट क्वीन लहरी बाई, डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता, पर्यावरण विशेषज्ञ प्रेम सिंह, शिक्षा की कैलाश शर्मा और कृष्णकांत शर्मा आदि का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम में जबलपुर सर्वार्थ की ओर से सीईओ अंशुल शुक्ला, सीईओ श्याम मोहन शर्मा द्वारा कार्यक्रम मैं पधारे सभी मीडिया कर्मी, अभिभावकगण छात्र-छात्राओं और नागरिकों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## शिक्षाविद डॉ. गुलाब चौरसिया की जन्म जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न



**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 25 जून 2025 को अध्यापक शिक्षा परिषद फाउंडेशन (CTEF), मध्य प्रदेश, शिक्षक संदर्भ समूह मध्य प्रदेश एवं महाविद्यालय के शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वख्यात शिक्षाविद, डॉ. गुलाब चौरसिया की जन्म जयंती एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के संदर्भ में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा (कुलगुरु, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर), विशिष्ट अतिथि, डॉ पंजाब राव चंदेलकर (अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश) विशिष्ट अतिथि, डॉ. के.एम. भंडारकर (राष्ट्रीय अध्यक्ष, CTEF ), विशिष्ट अतिथि डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, (प्राचार्य, पी.एम. श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जबलपुर) विशिष्ट अतिथि, डॉ. दामोदर जैन (समन्वयक, शिक्षक संदर्भ समूह मध्य प्रदेश), विशिष्ट अतिथि, प्रोफेसर निवेदिता पॉल (चेयरमैन शिक्षा विभाग), कार्यक्रम अध्यक्ष, सरदार एमएस चावला (अध्यक्ष श्री गुरु तेग बहादुर खालसा शिक्षा समिति), डॉ. आर.एस. चंडोक (प्राचार्य श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय जबलपुर एवं अध्यक्ष, CTEF मध्य प्रदेश चैप्टर), डॉ संध्या कोष्टा (कार्यक्रम समन्वयक) एवं डॉ. शशि दुबे (कार्यक्रम संयोजक) मंचासीन रहे। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया। इसके उपरान्त प्राचार्य ने अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. गुलाब चौरसिया के शिक्षा जगत में योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. चौरसिया का जीवन, समर्पण एवं शिक्षकीय निष्ठा का प्रतीक है। उनकी सोच थी कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिखा पाराशर, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, प्रकृति विश्वास, डॉ. विपिन राय, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. जीसी राय, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. रत्नेश नामदेव, डॉ. अंबिका तिवारी, डॉ. सिम्मी सिंह, डॉ. सरिता शर्मा एवं अन्य सभी प्राध्यापक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## भारतीय सर्व जनजाति सेना ने रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** भारतीय सर्व जनजातीय सेना के तत्वावधान में भंवरताल पार्क स्थित गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भारतीय सर्व जनजातीय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते, महासचिव शैलेष सिंह, उपाध्यक्ष धनराज सिंह पुसाम, रविसिंह राजगोंड, जगतसिंह परस्ते, घनश्याम यादव, विनोद गोंटिया, दस्सी सैयाम, रामकुमार सैयाम, मानकी उइके, संध्या बरकड़े, पवन भवेदिया, प्रशांत भवेदिया, अर्जुन बरकड़े, प्रमोद पन्द्रे, अशोक नरैती, सतीश कुलस्ते, हिमसागर मरकाम, हेमन्त ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र की जाए, मांग

**जबलपुर।** अतिथि शिक्षक समन्वयक समिति ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर कार्यालय में सौंपा। अतिथि शिक्षकों की मांग है कि उनकी नियुक्ति शीघ्र की जाए, बताया गया शासकीय शालाओं में शिक्षकों की कमी है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही अतिथि शिक्षकों का अनुबंध 12 माह किया जाए व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणा अतिथि शिक्षकों की विभागीय परीक्षा आयोजित कर संवर्ग शिक्षक बनाया जाए तथा वर्तमान में स्थानांतरण से बाहर हुए अतिथि शिक्षकों को अन्य शालाओं में नियुक्त किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय संघ के जिला अध्यक्ष हेमन्त तिवारी, संदीप तिवारी, राजेश राय, राजेश दुबे, सत्यप्रकाश मिश्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



## भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल तिलक वार्ड बूथ क्रमांक 214,215 में महान शिक्षाविद प्रखर राष्ट्रवादी विचारक भारतीय जनसंघ के संस्थापक और हमारे पथ प्रदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अवधेश यादव ने वक्ता के रूप में अपना उद्बोधन दिया। उक्त अवसर पर दीनदयाल मंडल की उपाध्यक्ष बहन अनीता यादव, शक्ति केंद्र संयोजक रोहित शिशुपाल यादव, बूथ अध्यक्ष जतिन यादव, अशोक विश्वकर्मा, सतेन्द्र यादव, गुंजन यादव, प्रतीक यादव, नीतीश यादव, रजनीश यादव, शेरू यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों और उनकी जीवनशैली के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, श्याम प्रसाद जी अमर रहें, जहां दिए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है, उद्घोष के साथ भारत माता की जय, वंदेमातरम के उद्घोष के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान किया।

# फिरोज कंजा और रुखसाना बी हज यात्रा से लौटे, भव्य स्वागत



**जबलपुर।** शहर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित बड़ा मदार छल्ला पानी की टंकी के पास निवासी फिरोज कंजा और रुखसाना बी पवित्र हज यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न कर जबलपुर लौट आए हैं। उनके सकुशल वापसी पर परिवारजनों, मोहल्लेवासियों और शुभचिंतकों ने रेलवे स्टेशन पर उनका भव्य और भावभीना स्वागत किया।

हज यात्रियों के सम्मान में बड़ी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। जैसे ही फिरोज कंजा और रुखसाना बी ट्रेन से उतरे, लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं, इत्र लगाया और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान अल्लाह हु अकबर के नारे भी गूंजते रहे। इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद मातीन अंसारी, कूलर व्यवसायी महफूज अंसारी, बबलू मास्टर, बाबू सलाम, असलम टेलर, जावेद, हैदर, फिरोज सहित कई पारिवारिक सदस्य और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। फिरोज कंजा और रुखसाना बी ने अपनी हज यात्रा के अनुभव साझा करते हुए कहा कि खुदा के घर जाकर उन्होंने शहर, प्रदेश और देश में अमन-चैन, भाईचारे और शांति के लिए दुआएं मांगीं। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रही।

**नाम सुधार सूचना**

मै JASVEER KAUR उम्र लगभग 66 वर्ष पति TARVINDER PAL निवासी- म. नं. 2678, सोहन सिंह डेरी, रावण पार्क, आजाद नगर, थाना रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ मै उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट (M7451442) में मेरा नाम JASVEER KAUR SANGHA दर्ज है, जिसमें मेरा सरनेम SANGHA अतिरिक्त दर्ज हैं। जबकि मेरे आधार कार्ड (8724 2626 7585) में मेरा नाम JASVEER KAUR दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। JASVEER KAUR SANGHA एवं JASVEER KAUR ये दोनो ही नाम मेरे ही है, किसी अन्य महिला के नही है। मुझे मेरे पूरे व सही नाम JASVEER KAUR से जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जावे। इस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है।

# पेंशनर्स ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।**



अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर जबलपुर जिले के पेंशनर्स ने अपनी लंबित मांगों के लिए घंटाघर ओमती में उपस्थित होकर दोपहर 2:00 बजे प्रदर्शन करने के उपरांत देश के प्रधानमंत्री के नाम अपना मांग पत्र कलेक्टर से आग्रह किया है कि वह हमारी मांगों को यथाशीघ्र देश के प्रधानमंत्री को भिजवाने का कष्ट करें। दूसरा मांग पत्र मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को संबोधित है जिसमें मांग की गई है कि राज्य के पेंशनर्स को केंद्र के अनुसार महंगाई राहत का भुगतान हो तथा मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य अधिनियम की धारा 49 (6) को यथाशीघ्र विलोपित करने का प्रस्ताव वर्षा कालीन सत्र में ही लाया जाए और विधानसभा से पारित करवाया जाकर उसे देश के गृहमंत्री को भिजवाने की व्यवस्था की जाए ताकि पेंशनर्स को समय पर महंगाई राहत का भुगतान हो सके। आज के कार्यक्रम में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, मध्य प्रदेश नगर निगम, मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर सेवानिवृत्त, मध्य प्रदेश पेंशनर समाज के अनेक पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रगान कर कार्यक्रम को समाप्त घोषित किया गया। संगठन के अध्यक्ष एचपी उरमालिया, एमएल चौकसे, शेषमणि पांडे, जीएस पांडे, मोहन अग्रवाल, बीपी दुबे, लल्लू पटेल, केसी अवस्थी, एसएन पांडेय, एसके श्रीवास्तव, आरपी चौबे, आरएस सक्सेना, दिनेश चौधरी, आरके अग्रवाल, आरके श्रीवास्तव, डॉक्टर एसपी सिंह, सीएस राठौर, लक्ष्मण प्रसाद प्रजापति, लक्ष्मण प्रसाद बारी, शारदा प्रसाद शुक्ला, सीअल दोहरे, प्रकाश गर्ग, जगदीश प्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।

## जबलपुर में खुले एमपी स्टेट लॉ यूनिवर्सिटी

**जबलपुर।** प्रगतिशील अधिवक्ताओं के संगठन प्रोग्रेसिव एडवोकेट्स ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि जबलपुर में एमपी स्टेट लॉ यूनवर्सिटी स्थापित की जानी चाहिए। संगठन संयोजक आनंद चावला, अधिवक्ता ने प्रेसवार्ता में व्यक्त किया कि जबलपुर समूचे प्रदेश की न्यायधानी है। शासकों द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के निर्माण के समय जबलपुर में राजधानी स्थापित न करते हुए जबलपुर को उच्च न्यायालय की प्रधानपीठ स्थापित की गई, जिसके फलस्वरूप जबलपुर में तीव्र गति से विधि के क्षेत्र में प्रगति हुई। राज्य विधि विश्वविद्यालय की स्थापना से न केवल समूचे प्रदेश के विधि विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली कानून की शिक्षा प्राप्त होगी, बल्कि विधि विद्यार्थियों को अधिवक्ता बनने के अतिरिक्त न्यायाधीश एवं विधि अधिकारी बनने के लिए भी बुनियादी सहायता प्रदान करेगी।

## ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया से शिक्षकों में रोष

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सिर्फ शिक्षा विभाग में ही ई अटेंडेंस प्रक्रिया जारी करने से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। केवल शिक्षकों के लिए ही ई अटेंडेंस को अनिवार्य करना यह बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता है। ना तो कोई अन्य विभाग में ई अटेंडेंस है और न ही उच्च अधिकारी वर्ग के लिए ई अटेंडेंस है, अतः ई अटेंडेंस शिक्षकों के लिए अविश्वास का प्रतीक समझा जा रहा है इसलिए जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ई अटेंडेंस का विरोध करता है तथा मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मांग करता है कि तत्काल प्रभाव से ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया को बंद किया जाना चाहिए। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, दीपेश जैन, डॉ. रश्मि यादव, शबाना खान, स्वाति गढ़वाल, तबस्सुम परवीन, गोपीशाह, सुरेंद्र चौधरी, संतोष चौरसिया, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, रऊफ खान, गुडविन चार्ल्स, रामेश्वर प्रसाद दुबे, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, धनराज पिल्ले, सुधीर अवधिया, मनमोहन चौधरी, आशीष कोरी, देवेंद्र भट, आदि ने मांग की है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2024-25/31
दिनांक:- 25/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमति निर्मला जैन पति स्व. श्री नरेन्द्र जैन (2) रेशु जैन पति नितिन जैन (3) सारिका जैन पति नितेश कुमार जैन (4) अंकिता जैन पति निखिल जैन ने भवन क्र. 699 का भाग वार्ड कस्तूरबा गांधी क्षेत्रफल 3495.13 वर्गफुट भूतल 2350 व्या. प्रथम तल 2350 व्या. द्वितीय तल 2350 आ. विक्रय पत्र माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 699 का भाग पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी (1) श्रीमति लक्ष्मी सिंह पति स्व. जयंत कुमार सिंह (2) अवधेश कुमार सिंह पिता स्व. जयंत कुमार सिंह पिन नं. 1000612431/41002040 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं. 05
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 25-06-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्रेया सराफ पिता श्री जय प्रकाश सराफ ने वार्ड क्रमांक 65 वाड़ का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक फ्लैट नं. 3 थर्ड फ्लोर दत्त आर्केड फेस-2 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000399341 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा तृतीय तल 861 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री ए.एस. पनेसर पिता स्व. सोहन सिंह पनेसर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 25-06-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति श्वेता केशरी पति श्री मुकुंद केशरी ने वार्ड क्रमांक 65 वाड़ का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 14/14 ब्लॉक नं. 35 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398019 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा खाली भूमि 4350 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति पूनम चौपडा पति श्री अरूण चौपडा प्लॉट नं. 14/14 ब्लॉक नं. 35 का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

# केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले आलू और शकरकंद के सतत विकास में तेजी आएगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में 3 अहम फैसलों पर मुहर लगाई। आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया गया और इसकी कड़ी निंदा की गई है। काला दिन बताया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में 3 अहम फैसलों पर मुहर लगाई। आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पास किया। इस प्रस्ताव में 1975 में लगे आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया गया और इसकी कड़ी निंदा की गई है। इसके साथ ही आगरा में एक अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र बनाने और पुणे मेट्रो के फेज-2 को मंजूरी दी गई। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पारित किया। इसकी जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

**रेल मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी**



### आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र की स्थापना होगी

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के आगरा में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (सीएसएआरसी) की स्थापना के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।इस निवेश का मुख्य उद्देश्य आलू और शकरकंद की उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य और पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन को बढ़ाना है। आलू चावल, गेहूं और मक्का के बाद दुनिया की चौथी प्रमुख खाद्यान्न फसल है। भारत में आलू क्षेत्र में उत्पादन क्षेत्र, प्रसंस्करण क्षेत्र, पैकेजिंग, परिवहन, मार्केटिंग, मूल्य श्रृंखला आदि में महत्वपूर्ण रोजगार अवसर पैदा करने की क्षमता है। इसलिए इस क्षेत्र में विशाल संभावनाओं का दोहन और अन्वेषण करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र सिंगना, आगरा, उत्तर प्रदेश में स्थापित किया जा रहा है।

**दक्षिण एशिया में भी आलू-शकरकंद के विकास में तेजी**

सीएसएआरसी द्वारा विकसित आलू और शकरकंद की उच्च उपज देने वाली, पोषक तत्व वाली और जलवायु अनुकूल किस्में, विश्व स्तरीय विज्ञान और नवाचार के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दक्षिण एशिया क्षेत्र में भी आलू और शकरकंद क्षेत्र के सतत विकास में तेजी आएगी।

### पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण वनाज से चांदनी चौक (कॉरिडोर 2ए) और रामवाड़ी से वाघोली/विट्ठलवाड़ी (कॉरिडोर 2बी) को मंजूरी दे दी है। यह चरण-1 के तहत मौजूदा वनाज-रामवाड़ी



कॉरिडोर का विस्तार है। इसकी अनुमानित लागत 3626.24 करोड़ है, जिसे भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार और बाहरी द्विपक्षीय/बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा समान रूप से साझा किया जाएगा। यह रणनीतिक विस्तार पुणे की आर्थिक क्षमता को उजागर करेगा और अर्बन ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाएगा। साथ ही महानगरीय क्षेत्र में सस्टेनेबल और इंक्लूसिव डेवलपमेंट में महत्वपूर्ण योगदान देगा। ये दो एलिवेटेड कॉरिडोर 12.75 किमी क फैले होंगे और इनमें 13 स्टेशन शामिल होंगे, जो चांदनी चौक, बावधन, कोथरुड, खराडी और वाघोली जैसे तेजी से विकसित हो रहे उपनगरों को जोड़ेंगे। इस परियोजना को 4साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

*संशोधित झरिया मास्टर प्लान भी स्वीकृत*

### 5,940 करोड़ से होगा रोजगार और पुनर्वास का समाधान




केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने झारखंड के धनबाद जिले में स्थित झरिया कोयलांचल के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत कुल 5,940.47 करोड़ रखर्च किया जाएगा। योजना का उद्देश्य वआग, भूमि धंसान और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की गंभीर समस्याओं का समाधान करना है। इससे विस्थापित परिवार नए घरों में न रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### स्टार पवन के घर में चोरी लाखों का सामान पार

**आरा।** भोजपुरी सिनेमा में पावर स्टार के नाम से चर्चित एक्टर और सिंगर पवन सिंह के घर में चोरी का



मामला सामने आया है। बिहार में आरा जिले के न्यू मारुति नगर में सिंह का घर है। चोर घर की खिड़की को उखाड़कर घर में घुसे और करीब 15 लाख के जेवर, 15 हजार कैश और लाइसेंसी राइफल की 30 गोलियां लेकर फरार हो गए। कुछ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी ले गए।

### महाराष्ट्र में पांचवीं से शुरू हो हिंदी की पढ़ाई

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य के स्कूलों में



हिंदी पढ़ाए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। पवार ने सूबे में पहली कक्षा से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाने के फैसले का विरोध किया है। उन्होंने इस मुद्दे पर महाराष्ट्र में जारी बवाल के बीच सुझाव दिया कि हिंदी की पढ़ाई पांचवीं कक्षा से शुरू की जानी चाहिए।

### नीतीश के मंत्री अशोक बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी असिस्टेंट प्रोफेसर बनने वाले हैं।



अशोक असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयनित हुए हैं। उनका चयन पॉलिटिकल साइंस के लिए हुआ है। वे विधान परिषद के सदस्य हैं और उन्होंने पीएचडी तक पढ़ाई की है। पॉलिटिकल साइंस के लिए आयोग ने 274 उम्मीदवारों का चयन किया है।

### पॉलीथिन बनाने वाली फैक्टरी से 4 शव बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास एक फैक्टरी में आग लगने का मामला सामने



आया है। घटना मंगलवारकी बताई जा रही है। सूचना मिलते ही दमकल की करीब 16 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया गया। घटनास्थल से 4शव बरामद किए गए हैं। 3लोग आग में झुलस गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### वक्फ की जमीन सरकार नहीं छीन सकेगी

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर वक्फ कानून को लेकर केंद्र सरकार



पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी या मोदी सरकार हमसे वक्फ की एक जमीन नहीं छीन सकेंगे। कर्नाटक का रायचूर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने ये बात कही। ओवैसी ने कहा कि मुसलमानों को ये कानून बनाकर डराया जा रहा है।

## आपातकाल पर पीएम मोदी ने कांग्रेस को घेरा, 'काला चिट्ठा' लाया गया सामने

# संविधान की भावना का मखौल उड़ाया, लोकतंत्र को बना दिया बंधक, गरीबों- दलितों को बनाया निशाना और ढाए गए जुल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। भाजपा देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस पर हमलावर है। उन्होंने आपातकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं। यह वो वक्त था जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी भारतीय कभी नहीं भूल सकता कि किस तरह हमारे संविधान की भावना का उल्लंघन किया गया। संसद की आवाज दबाई गई और अदालतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। 42वां संशोधन उनकी हरकतों का एक प्रमुख उदाहरण है। गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों को खास तौर पर निशाना बनाया गया, जिसमें उनकी गरिमा का अपमान भी शामिल है। पत्रकारों को जेल में डाल दिया गया था। हर भारतीय महिला और पुरुषों पर तरह- तरह के जुल्म ढए गए।

**इमरजेंसी की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस पर हमला**

**42 वां संसोधन उनकी हरकतों का सबूत**

*» संसद की आवाज दबाई गई अदालतों को नियंत्रित किया गया*

*» कोई भी भारतीय कभी नहीं भूल सकता इमरजेंसी के वे दुखद दिन और पीड़ा*



### आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वाले हर व्यक्ति को सलाम करते हैं। ये लोग पूरे भारत से, हर क्षेत्र से, अलग-अलग विचारधाराओं से आए थे जिन्होंने एक ही उद्देश्य से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया।

### गरीबों और वंचितों के सपने पूरे करेंगे

पीएम ने लिखा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने तथा विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएं तथा गरीबों और वंचितों के सपनों को पूरा करेंगे।

### तब मैं आरएसएस का प्रचारक था

आपातकाल के दिनों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब जब आपातकाल लगाया गया था, तब मैं आरएसएस का युवा प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने की अहमियत को फिर से पुष्ट किया।

### 2 मिनट का मौन

केंद्र सरकार ने भी इस मौके पर एक संकल्प लिया है, कैबिनेट बैठक में बाकायदा दो मिनट का मौन तक रखा गया। पीएम मोदी ने भी आपातकाल को लेकर सोशल मीडिया पर पर एक पोस्ट शेयर की। उन्होंने लिखा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं।



### स्वतंत्र भारत के इतिहास का दर्दनाक अध्याय था

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा, संविधान हत्या दिवस पर हम स्वतंत्र भारत के इतिहास के एक दर्दनाक अध्याय को याद करते हैं, जब संस्थाओं को कमजोर किया गया, अधिकारों को निलंबित कर दिया गया और जवाबदेही को दरकिनार कर दिया गया। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है कि हमें संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी है।



### लोकतंत्र का गला घोंटने का कुत्सित प्रयास था

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, भारतीय लोकतंत्र का आपातकाल के माध्यम से गला घोंटने का कुत्सित प्रयास किया गया था। आपातकाल को लोग आज भी भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय के रूप में याद रखते हैं। संविधान को दरकिनार करते हुए जिस तरीके से देश पर आपातकाल थोपा गया वह सत्ता के दुरुपयोग और तानाशाही का बहुत बड़ा उदाहरण है। तमाम विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया।



### 'आपातकाल' कांग्रेस का 'अन्यायकाल' था

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि 'आपातकाल' कांग्रेस की सत्ता की भूख का 'अन्यायकाल' था। आपातकाल में देशवासियों ने जो पीड़ा और यातना सही, उसे नई पीढ़ी जान सके, इसी उद्देश्य से मोदी सरकार ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' का नाम दिया।

**खरगे ने अपने ही नेता थरूर पर कसा तंज**

## कुछ लोगों के लिए देश से पहले मोदी





कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी ही पार्टी के सीनियर लीडर शशि थरूर पर बुधवार को तीखा तंज कसा। आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर खरगे ने मोदी सरकार को निशाने पर लिया। इसके बाद मीडिया ने जब उनसे शशि थरूर को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के लिए देश से पहले मोदी हैं। खरगे ने कहा कि देश हमारे लिए पहले है। कुछ लोगों के लिए मोदी पहले हैं। वहीं शशि थरूर ने भी अपने ही अंदाज में जवाब दिया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें किसी का नाम नहीं लिया है, लेकिन इशारों में बड़ी बात कही है।

*थरूर का जवाब*

### उड़ने की इजाज़त मत मांगो, पंख तुम्हारे अपने हैं और आसमां किसी का नहीं

शशि थरूर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उड़ने की इजाज़त मत मांगो। पंख तुम्हारे अपने हैं और आसमान किसी का नहीं है। शशि थरूर के इस पोस्ट को लेकर माना जा रहा है कि उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे समेत कांग्रेस नेतृत्व को जवाब दिया है कि वह अपनी राय रखने के लिए किसी की परमिशन के मोहताज नहीं हैं। माना जा रहा है कि शशि थरूर का यह रुख कांग्रेस नेतृत्व के लिए स्पष्ट संकेत है और वह किसी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। जयराम रमेश, पवन खेड़ा जैसे नेताओं के बाद अब मल्लिकार्जुन खरगे की बात पर भी उनका दोटूक जवाब मायने रखता है।

### » भाजपा आपातकाल पर ड्रामा कर रही: खरगे

खरगे ने आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल लागू है। उन्होंने भाजपा सरकार पर अपनी प्रशासनिक विफलता को छिपाने के लिए संविधान हत्या दिवस का नाटक करने का आरोप लगाया। पीएम के कटाक्ष पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि जिस सरकार में सहनशीलता नहीं है और जो भाईचारे और आजादी को पनपने नहीं देती, उसे दूसरों को उपदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।जो लोग संविधान के बचाव की बात अब कर रहे हैं, इमरजेंसी की बात बार-बार दोहरा रहे हैं।

**पीएम मोदी के भाई ने प्रेमानंद से पूछा महत्वपूर्ण सवाल**

## यही सदमार्ग दिखाएगा, दर्शन सभी जगह करिए लेकिन ध्यान 'एक ही स्वरूप' का करिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी जब प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे तो माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। अंदर आते ही उन्होंने अपनी भावनाएं शेयर करते हुए कहा कि मां के साथ रहने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्होंने एक ऐसा सवाल कर डाला, जो हर भक्त के मन में कहीं न कहीं उठता है। प्रह्लाद ने प्रेमानंद महाराज से पूछा कि भगवन, हम अलग-अलग मंदिरों में जाते हैं, तो भगवान का स्वरूप अलग-अलग होता है। जब ध्यान-भजन करते हैं तो मन में कन्फ्यूजन होता है। किस स्वरूप का ध्यान करें?

### महाराज ने दिया जवाब



महाराज ने जवाब दिया कि इसमें क्या है कि जब हम आचार्य परंपरा से जुड़ते हैं तो हमारा ध्यान अपने इष्ट पर स्थिर हो जाता है। जैसे हम हैं, तो हम राधा वल्लभ जी का ध्यान करते हैं क्योंकि हम हरिवंश महाप्रभु के शिष्य हैं। गोस्वामी हरिदास जी बांके बिहारी जी का ध्यान करते थे।'महाराज ने बताया कि अगर आप अब तक किसी परंपरा से नहीं जुड़े हैं तो मान लीजिए- मेरे इष्ट बांके बिहारी जी हैं। दर्शन सभी जगह करिए लेकिन ध्यान एक ही स्वरूप का करिए। एक जगह निष्ठा कर लीजिए, वहीं से सच्चा सद्मार्ग खुलता है।

# महिला को खुला के जरिए तलाक लेने का अधिकार जरूरी नहीं किसी मुफ्ती से ही खुलानामा हासिल करे

## तेलंगाना उच्च न्यायालय ने कहा- सलाह मानना बाध्य नहीं

एजेंसी ▶▶ हैजराबाद

मुस्लिम महिलाओं के तलाक लेने के अधिकार पर तेलंगाना हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम फैसला दिया है। जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य और जस्टिस मधुसूदन राव की बेंच ने कहा कि अगर पत्नी अलग होना चाहती है तो उसे पति से खुला लेने का अधिकार है। अगर पति की मर्जी न हो, लेकिन पत्नी साथ नहीं रहना चाहती है तब भी मुस्लिम महिला को यह अधिकार है कि वह खुला के तहत तलाक ले सके। महिला के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह किसी मुफ्ती से ही खुलानामा हासिल करे।

### खुला के अधिकार पर बेंच की अहम टिप्पणी




बेंच ने खुला के अधिकार पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि मुस्लिम महिलाओं को मिला खुला का अधिकार अपने-आप में पूर्ण है और इसमें किसी को भी दखल देने का अधिकार नहीं है। इसमें पति और अदालत की सहमति भी सीमित है।

**यह है खुला** : मुस्लिमों के शादी-विवाह और दूसरे धार्मिक मामलों में आज भी शरिया कानून का पालन होता है। मुस्लिम दंपती में अगर पति अलगाव का फैसला लेता है, तो उसे तलाक लेना कहते हैं। दूसरी ओर अगर पत्नी शादी खत्म करना चाहती है और अलग होने का फैसला लेती है, तो इसे खुला कहते हैं।

**बुलडोजर न्याय का पैटर्न**

### तहसीलदार की सैलरी से काटे जाएं 2 लाख रुपए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा हाई कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन के एक मामले में ओडिशा सरकार से कहा कि वह 10 लाख रुपए का मुआवजा दे और इसमें से 2 लाख रुपए तहसीलदार की सैलरी से काटे जाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बुलडोजर न्याय का पैटर्न बेहद परेशान करने वाला है। बताना होगा कि बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी सख्त दिशा-निर्देश लागू कर चुका है।

**हिमाचल में भारी बारिश से तबाही, आवागमन पूरी तरह से ठप**

# सैंज के जीवानाला में बादल फटा, 20 लोग बहे

एजेंसी ▶▶ कुल्लू

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में झमाझम बारिश का दौर जारी है। कुल्लू जिले में बुधवार दोपहर बाद भारी बारिश से तबाही हुई है। सैंज के जीवानाला में बादल फटने से एनएचपीसी के शेड बह गए हैं। जबकि बिहाली गांव को खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही बंजार के होर्नगाड़ में भी भारी बारिश से नुकसान हुआ है। काथीकुकड़ी नाला और मणिकर्ण की ब्रह्म गंगा नाले में भी बाढ़ आई है। शिमला में भी भारी बारिश दर्ज की गई।जालंधर-अटारी-मंडी एनएच पर धर्मपुर के पाड़च्छू में निर्माणाधीन पुल के लिए डंप की गई मिट्टी के कारण खड्ड का प्रवाह रुक गया। इससे खड्ड ने झील का आकार ले लिया है। इसमें गासिया माता मंदिर, सराय और श्मशानघाट जलमग्न हो गए। धर्मसाला में मणुणी खड्ड में बाढ़ आने से करीब 20 लोगों के बहने की खबर है।

### खड्ड का प्रवाह रुकने से बनी झील, गांवों में खतरा

**5 जिलों में बाढ़ का खतरा**



### चौखंग-नैनगार सड़क अवरुद्ध, बस फंसी

जनजातीय क्षेत्र लाहौल के उदयपुर उपमंडल के तहत में चौखंग-नैनगार मार्ग अवरुद्ध हो गया है। मार्ग पर बीच आने वाले एक नाले का जलस्तर एकाएक बढ़ने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। यहां वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। सड़क बहने से निगम की एक बस भी फंस गई है। चंद्रानदी का जलस्तर बढ़ने से जसरथ गांव के पास झूला टूट गया है और गांव को जोड़ने वाली एक सिंचाई योजना भी ठप हो गई है।

**थुरल में सड़क बनी तालाब** : कांगड़ा के थुरल इलाके में दो घंटे मूसलाधार बारिश से बाजार में जलभराव हो गया। लोअर बाजार की दुकानें सड़क पर पानी भर जाने से बंद करनी पड़ीं।

**पार्वती नदी पर बनी पुलिया बही**

मणिकर्ण घाटी के बलाधी गांव में पार्वती नदी पर बनी अस्थायी पुलिया जलस्तर बढ़ने से बह गई है। एक हिस्सा नष्ट हो गया।

### तवी नदी में उफान, तेज धारा के बीच फंसे शख्स का रेस्क्यू

**जम्मू ।** रातभर हुई बारिश के कारण जम्मू की तवी नदी का जलस्तर बढ़ने से



नदी उफान पर है। तवी नदी की तेज धारा के बीच एक शख्स फंस गया। जिसको बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। एसडीआरएफ की टीम शख्स को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला।

### देश में 24 जून तक मानसून की बारिश सामान्य से 4% अधिक

**नई दिल्ली।** 24 जून तक, देश में मानसून की बारिश दीर्घ अवधि औसत (एलपीए) से 4.0 प्रतिशत अधिक है। यह बारिश के मौसम की सकारात्मक शुरुआत का संकेत है।

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**

## आज मादक द्रव्य निषेध तस्करी रोकथाम दिवस मनाया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग गुरुवार को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश भर में नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए



राष्ट्रीय कार्य योजना के अंतर्गत विभाग ने सभी समर्थित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और सभी गैर सरकारी संगठनों/स्वैच्छिक संगठनों से 1 जून से 26 जून तक जागरूकता कार्यक्रम/कार्यक्रम आयोजित करने और संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा है।

ऋषि परंपरा से प्रेरित ऋषि क्रांति, योग क्रांति और शिक्षा क्रांति का यज्ञ निरंतर जनता को लाभान्वित करता रहेगाः बालकृष्ण

# तीन विश्वविद्यालयों के साथ पतंजलि का ऐतिहासिक एमओयू हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि विवि के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि की ओर से भारतीय इतिहास का पुनर्लेखन, आयुर्वेदिक वनस्पति शास्त्र का विस्तार, निदान ग्रंथों की रचना, विश्व भेषज संहिता सहित अन्य शास्त्रों पर गंभीर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऋषि परंपरा से प्रेरित ऋषि क्रांति, योग क्रांति और शिक्षा क्रांति का यह यज्ञ निरंतर जनता को लाभान्वित करता रहेगा। उन्होंने यब बातें बुधवार को पतंजलि विवि एवं पतंजलि अनुसंधान संस्थान की ओर से तीन विवि के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कार्यक्रम में कही। इस दौरान शिक्षा, चिकित्सा, योग, आयुर्वेद,



कौशल विकास तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर प्रो. इंद्र प्रसाद त्रिपाठी, कुलगुरु, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश, डॉ. संजय तिवारी, कुलगुरु, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं प्रो. भरत मिश्रा, कुलगुरु, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, मध्य प्रदेश जी की उपस्थिति रही। सभी विद्वतजनों ने पतंजलि में हो रहे राष्ट्र निर्माण के कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि द्वारा किए जा रहे इतिहास लेखन, वनस्पति शास्त्र लेखन, निदान ग्रन्थ, विश्व भेषज संहिता सहित अन्य शास्त्रों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि ऋषि क्रांति, योग क्रांति तथा शिक्षा क्रांति का यह सफ़र देश के लाखो लोगो को इसी प्रकार लाभान्वित करता रहेगा ऐसा हमे पूर्ण विश्वास है।



# शिक्षा संबल योजना में निःशुल्क पढ़े सरकारी स्कूलों के 98 प्रतिशत विद्यार्थी नीट में क्वालीफाई

**कोटा।** कॅरियर सिटी कोटा ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार निभाया है। यहां एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से संचालित की जाने वाली शिक्षा संबल योजना के विद्यार्थियों को सफलता मिली है। शिक्षा संबल के तहत कोटा में रहकर पढ़ने वाले 105 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी नीट में क्वालीफाई हुए हैं, योजना के 98 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। एल.एन. माहेश्वरी परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि वर्ष 2024 में शुरू की गई शिक्षा संबल योजना के तहत मध्य भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के हिन्दी माध्यम के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए। परीक्षा में प्रदर्शन की वरीयता के आधार पर 81 छात्राएं तथा 45 छात्रों का नीट-2025 की तैयारी के लिए चयन किया गया। विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से एलन कोटा के बारां रोड नया नोहरा स्थित सुपथ कैम्पस में निःशुल्क कोचिंग दी गई। इसके साथ ही एल.एन. माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निकट के हॉस्टल्स में निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की गई। पढ़ाई की शुरुआत के कुछ महीनों में विभिन्न कारणों से कुछ विद्यार्थी घर लौट गए। इसके बाद 105 विद्यार्थियों ने सालभर रहकर पढ़ाई की। नीट की परीक्षा में शामिल हुए। शामिल हुए 105 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने नीट काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई किया है। काउंसिलिंग के माध्यम से स्टेट रैंक, कैटेगिरी रैंक के आधार पर विद्यार्थी एमबीबीएस, डेंटल, आयुर्वेद व अन्य कोर्सेज में प्रवेश ले सकेंगे। निःशुल्क नीट-2026 की तैयारी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई से - डॉ.माहेश्वरी ने बताया कि कोटा का यह सामाजिक सरोकार सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। अब नीट-2026 के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए परीक्षा 20 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई रखी गई है।

2027 तक प्रति वर्ष 10 अरब डॉलर का सामान खरीदना हमारा लक्ष्य

# भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से सालाना 10 अरब डॉलर की खरीद हमारा लक्ष्यः वॉलमार्ट सीईओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वॉलमार्ट ग्लोबल के सीईओ और प्रेसिडेंट डग मैकमिलन ने कहा कि भारत आपूर्तिकर्ताओं से 2027 तक प्रति वर्ष 10 अरब डॉलर का सामान खरीदना हमारा लक्ष्य है। अपनी भारत यात्रा पर मैकमिलन ने कहा कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को इतनी तेजी से बढ़ते देखना दुर्लभ है। आयोजित एक कार्यक्रम में मैकमिलन ने कहा कि एक यात्रा में भारत में क्या हो रहा है, इसकी केवल एक झलक मिल सकती है। भारत की कहानी को समझने के लिए उन्होंने बार-बार यात्राएं की हैं। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में हम केवल कुछ ही श्रेणियों के उत्पादों को भारत से खरीदते थे, लेकिन जब हमने यहां पर ध्यान केंद्रित किया तो हमारा सोर्सिंग बिजनेस देश में काफी तेजी से बढ़ा और यह आज प्रतिवर्ष 10 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचने के करीब है, जो कि एक बड़ा लक्ष्य है।वॉलमार्ट ने दिसंबर 2020 में भारत से प्रतिवर्ष 10 अरब डॉलर से उत्पादन सोर्स या खरीदने की घोषणा की थी। मैकमिलन ने कहा कि वॉलमार्ट का भारत के प्रति दीर्घकालिक दृष्टिकोण है। मैकमिलन ने कहाकि हम इतने सालों से यहां हैं और आप उम्मीद कर सकते हैं ।
कि यह जारी रहेगा और हमें पूरी दुनिया में व्यापार करने का मौका मिलता है और इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था का इतनी तेजी से बढ़ना और इतने सारे लोगों के लिए इतने अवसर पैदा करना दुर्लभ है।

## मप्र, उप्र से एमएसपी पर दालों की खरीदी करेगी केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाने के अपने प्रयासों के तहत मध्य प्रदेश से मूंग और उड़द तथा उत्तर प्रदेश से उड़द की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करेगी। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय कृषि मंत्री ने दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ बैठक की और मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत खरीद को मंजूरी दी। इस योजना के तहत खरीद तब की जाती है, जब बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे चले जाते हैं। चौहान ने कृषि मंत्रियों के साथ खरीद लॉजिस्टिक्स पर भी चर्चा की और नेफेड, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और राज्य के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। नेफेड और एनसीसीएफ केंद्र सरकार की ओर से फसलों की खरीद करते हैं।

## केईसी इंटरनेशनल को मिला 1,236 करोड़ रुपए का ठेका

नई दिल्ली। केईसी इंटरनेशनल को भारत में सिविल परियोजनाओं के लिए 1,236 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। इनमें रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा पश्चिमी भारत में ऊंची आवासीय परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें 50 लाख वर्ग फुट से अधिक आवासीय भवनों के साथ-साथ संबंधित सुविधाओं का विकास शामिल है।
केईसी इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विमल केजरीवाल ने कहा, '' यह प्रीमियम आवासीय क्षेत्र में हमारे रणनीतिक कदम में एक बड़ी उपलब्धि है, जिसमें इमारतें जी+70 मंजिलों तक ऊंची हैं। इसने हमारी सिविल ऑर्डर बुक को काफी मजबूत किया है...''
केईसी इंटरनेशनल एक वैश्विक बुनियादी ढांचा इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) प्रमुख कंपनी है।

## महिंद्रा यूनिवर्सिटी और इटैलियन इंस्टीट्यूट ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** महिंद्रा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट ने इटली के पाक कला और आतिथ्य के प्रमुख संस्थान कास्ट एलिमेंटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस गठबंधन से भारत में पाक कला शिक्षा के मानकों को नई ऊंचाई मिलने जा रही है जहां विद्यार्थियों को प्रामाणिक इतालवी भोजन और गहन अंतरराष्ट्रीय शिक्षण अनुभव का सीधा लाभ मिलेगा। इस एमओयू पर महिंद्रा यूनिवर्सिटी के कुलपति डा.यजुलू मेदुरी और कास्ट एलिमेंटी के सीईओ क्रिस्टियन कैंटालुप्पी ने औपचारिक तौर पर हस्ताक्षर किए।

## टाटा एसयूवी हैरियर ईवी की बुकिंग 2 से शुरू

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की स्वदेशी इलेक्ट्रिक एसयूवी हैरियर ईवी की बुकिंग 2 जुलाई से शुरू होगी। इसके रियर-व्हील ड्राइव वेरिएंट की कीमतें घोषित कर दी गई हैं, जिनकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 21.49 लाख है। क्वाड-व्हील ड्राइव वेरिएंट की कीमतें 27 जून को घोषित की जाएंगी। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवास्तव ने कहाकि हैरियर ईवी यह यह सब कुछ आईसीई वाहनों के बराबर कीमत पर उपलब्ध कराता है। और प्रदर्शन, तकनीक व सुरक्षा में उन्हें पीछे छोड़ देती है।

चांदी ने पछाड़ा सोने को

# चांदी की चमक ने निकाली सोने के भाव की हेकड़ी

## सालभर में सोना 26 हजार तो चांदी 18 हजार रुपए से अधिक बढ़ी





नवनीत अग्रवाल



संजीव गर्ग (गांधी)

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सामान्यतः सोने के भाव से 20 प्रतिशत नीचे भाव पर रहने वाली चांदी मौजूदा समय में सोने को पछाड़ दिया। पूर्व सालों में जहां 10 ग्राम सोने के बदले सवा किलो चांदी मिल जाती थी, लेकिन अब दस ग्राम सोने के बदल एक किलो चांदी भी नहीं मिल रही है। कुल मिलाकर सोना जहां सोणा हुआ है तो चांदी चमक इतनी बढ़ी है कि इसने सोने के भाव को मात देते हुए आगे निकल गई और निवेशकों के बीच सुरक्षित

### इंडस्ट्री में बढ़ गया इस्तेमाल

*जानकारों के अनुसार चांदी का इस्तेमाल पिछले कुछ समय से इंडस्ट्री में काफी बढ़ गया है। इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी ,ग्रीन टेक्नोलॉजी और 5जी टेक्नोलॉजी में हो रहा है। इसलिए इसकी डिमांड रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। साल 2024 में चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड 680.5 मिलियन औंस के नए शिखर पर पहुंच गई। जानकारों के मुताबिक लगातार 5वें साल चांदी का प्रोडक्शन डिमांड से कम है। इसकी इंडस्ट्री डिमांड 56फीसदी तक पहुंच चुकी है।*

### सोने-चांदी ने 25 फीसदी से अधिक का रिटर्न से भर दी निवेशकों की झोली

*स्थानीय सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल के अनुसार 25 जून 2024 को स्थानीय सराफा चौक बाजार में प्रति 10 ग्राम सोना 74100 रुपए और चांदी 88800 रुपए प्रति किलो ग्राम के भाव पर थी, लेकिन आज 25 जून 2025 को स्थानीय सराफा चौक बाजार में सोना 100350 रुपए प्रति ग्राम और चांदी 107000 रुपए प्रति किलो ग्राम के भाव पर सौदे काटे। अतः साल पर में सोना 26250 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 18200 रुपए प्रति किलो ग्राम की बढ़त दर्ज की। कुल मिलाकर सोने और चांदी ने 25 फीसदी से अधिक का रिटर्न देते हुए निवेशकों की झोली मुनाफे से भर दी।*

### 6 महीने चांदी का रिटर्न करीब 15 फीसदी रहा

*सराफा व्यापारी संजीव गर्ग (गांधी) के अनुसार चांदी को सोने का सस्ता भाई भी कहा जाता है। कारण है कि जो लोग सोना नहीं खरीद सकते, वे चांदी से काम चला लेते हैं। हालांकि बात जब भी रिटर्न की आती है तो हमेशा से सोने को ही तवज्जो दी गई है, लेकिन पिछले कुछ साल से इसमें काफी बदलाव आया है। अब रिटर्न के मामले में चांदी भी सोने को टक्कर देने लगी है। चांदी की कीमत एक लाख सात हजार रुपए प्रति किलो पहुंच गई। इस साल के शुरुआती 6 महीनों (एक जनवरी से लेकर 20 जून तक) चांदी का रिटर्न करीब 15 फीसदी रहा है।*

### सोने और चांदी की कीमत में रेस, बाजी चांदी ने मारी

*उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से सोने और चांदी की कीमत में रेस लगी हुई है। इस रेस में बाजी चांदी ने ही मारी है। एक साल पहले जो दोनों की कीमत (सोना 10 ग्राम और चांदी 1 किलो के अनुसार) में अंतर था, वह अब लगभग खत्म हो गया है। चांदी की कीमतों में तेजी आने के कई कारण हैं। पहला इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ रही है। दूसरा, सप्लाई कम है। तीसरा, अभी का माहौल सुरक्षित निवेश के लिए अच्छा है। जानकारों के मुताबिक जियोपॉलिटिकल टेंशन के कारण सुरक्षित निवेश की डिमांड बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने के साथ चांदी में भी निवेश कर रहे हैं।*

## लेखा निकाय संगठन एसीसीए ने की प्रमुख स्वर्ण मानक योग्यता में बदलाव करने की घोषणा

**भोपाल ।** लेखा निकाय एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) ने लेखा (अकाउंटेंसी) पेशे की उभरती और विस्तारित भूमिका के अनुरूप अपनी प्रमुख स्वर्ण मानक योग्यता में बदलाव करने की घोषणा की है। यह नया स्वरूप दिखाता है कि कैसे अकाउंटेंट अब व्यवसायों को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहे है। न केवल मुनाफा कमाकर, बल्कि नैतिकता, स्थिरता, नई तकनीक और आर्थिक बदलावों को संभालने पर ध्यान केंद्रित कर भी। सार्वजनिक क्षेत्र में भी इसी तरह के बदलाव हो रहे हैं। यह घोषणा दुनिया भर में मौजूदा एसीसीए सदस्यों, नियोक्ताओं और शिक्षण प्रदाताओं के साथ-साथ युवाओं के साथ व्यापक परामर्श के बाद की गई है। पुनः डिज़ाइन की गई योग्यता 2027 के मध्य से लागू की जाएगी। एसीसीए की मुख्य कार्यकारी हेलेन ब्रांड ने कहाकि अकाउंटेंसी को नया स्वरूप दिया जा रहा है।

आवश्यकता

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 8929595380 (रायपुर /27/जून 25)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपढ़ से 12-वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, सैलरी 22500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 09211591851 (रायपुर /26/जून 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## एमपी के आईआईटीयन केशरवानी ने ब्रेसलेट जीता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के चाकघाट से ताल्लुक रखने वाले 31 वर्षीय आदित्य केशरवानी ने पोकर बाजी के प्रतिष्ठित द मनीमेकर टूर्नामेंट में जीत हासिल कर अपने कॅरियर की एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। 1000 से अधिक प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए, पूर्व आईआईटीयन ने अपना पहला प्रतिष्ठित ब्रेसलेट खिताब और 15 लाख रुपए की इनामी राशि अपने नाम की। आदित्य की यात्रा जितनी कौशल की है, उतनी ही व्यक्तिगत अनुशासन की भी है। आदित्य ने भारत के कुछ बेहतरीन पोकर विशेषज्ञों से प्रशिक्षण लिया है।

# पेट्रोल-डीजल और सीएनजी बेचने अंबानी-अडाणी ने मिलाया हाथ

**मुंबई।** देश के दो बड़े दिग्गज गौतम अडानी और मुकेश अंबानी एक कारोबार के लिए साथ आ गए हैं। दोनों ने इसके लिए एक समझौता किया है। इसका फायदा आम इंसान को भी होगा। दरअसल अडाणी की कंपनी अडाणी टोटल गैस लिमिटेड और मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस बीपी मोबिलिटी के ब्रांड जियो बीपी ने आपस में हाथ मिलाया है।





दोनों कंपनियां मिलकर अपने ईंधन की बिक्री को बढ़ाएंगी। भारत का ईंधन बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। यह लगभग 150 अरब डॉलर का है। इस साझेदारी के अनुसार एटीजीएल के कुछ पेट्रोल पंप पर जियो बीपी का पेट्रोल और डीजल मिलेगा। वही जियो बीपी के कुछ पेट्रोल पंप पर एटीजीएल के सीएनजी स्टेशन लगाए जाएंगे। यह सुविधा एटीजीएल के तय किए गए इलाकों में ही मिलेगी। अडानी टोटल गैस ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है। दोनों की इस साझेदारी के बाद ग्राहकों को एक कंपनी के पेट्रोल पंप पर ही पेट्रोल, डीजल और सीएनजी मिल सकेंगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी सरकारी कंपनियों से 3 रुपए प्रति लीटर तक कम कीमत पर पेट्रोल-डीजल बेच रही हैं। इससे वे बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रही हैं। अप्रैल-मई में डीजल की बिक्री में प्राइवेट कंपनियों की हिस्सेदारी 9.6 फीसदी से बढ़कर 11.5 फीसदी हो गई। पेट्रोल में यह हिस्सेदारी 9 फीसदी से बढ़कर 10 फीसदी हो गई।

## राशिफल

**मेष** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** – अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** – कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**धनु** – विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** – कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5909



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

### शब्द पहेली -5908 का हल



## सूडोकु नवताल- 5919

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5918 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789





**डॉक्टर सजेशन**

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब लूज मोशन के साथ पेट में हो दर्द-ऐंठन



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। तमाम तरह की सावधानी और संयमित खान-पान के बावजूद हर 10-15 दिन के अंतराल पर मुझे लूज मोशन और पेट दर्द होता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सोनेलाल, रोहतक**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका खान-पान बैलेंस रहता है लेकिन कई बार सामान्य तौर पर लोग बाहर की कोई चीज खा लेते हैं या पानी पी लेते हैं, जो पेट में इंफेक्शन पैदा कर देता है, जिस वजह से ऐसी समस्या आ जाती है। आप इस बात पर भी ध्यान दें कि बाहर की कोई भी चीज खाने से परहेज करें। घर की बनी डिशेज ही खाएं। बाहर का पानी भी ना पिएं। इस तरह के बदलाव से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। मेरे पैर की अंगुलियों के बीच अकसर फफोले पड़ जाते हैं। बरसात के मौसम में ऐसा अधिक होता है। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-गौतम, रायपुर**

आपकी परेशानी सुनकर ऐसा लग रहा है कि बारिश के मौसम में जब उमस बढ़ती है, तब इंफेक्शन होता है और फफोले पड़ जाते हैं। इसके लिए कोशिश करें कि जब बाहर से वापस घर लौटें तो पैरों को डेटॉल से अच्छी तरह साफ करें और सुखा लें। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान दें कि पैरों की अंगुलियों में पसीना बना ना रहे। जब भी पसीना आए उसे पोंछते रहें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी गर्दन पर दाद निकल आए हैं। कई तरह के क्रीम और लोशन ट्राई करने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रहा। प्लीज बताएं कि ये दाद कैसे ठीक होगा?**

**-राजेश, बिलासपुर**

दाद ऐसी जगह होता है, जहां पसीना आता है और सूख नहीं पाता। इस मौसम में गले में कई बार पसीना आता है और सूख नहीं पाता, जिससे संक्रमण हो जाता है और खुजली शुरू हो जाती है। इसके लिए बेहतर होगा कि आप पसीने को लगातार पोछते रहें और दिन में एक बार डेटॉल से जरूर धुलें। ज्यादा दिक्कत होने पर डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही कोई क्रीम या पावडर का इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर ही फफोले निकल आते हैं, जिससे खाने-पीने में काफी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-सौरभ, मटियारी**

जीभ में फफोले की समस्या कई बार पेट से जुड़ी होती है। पेट ठीक से साफ नहीं होता तो इस तरह के फफोले पड़ जाते हैं। लेकिन अगर आपका पेट रेग्युलर साफ हो रहा है, इसके बावजूद भी फफोले पड़ रहे हैं तो आपको जरूर एक बार ईएनटी के डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वे चेक कर लेंगे, जिससे कारण पता चल जाएगा फिर उपचार किया जाएगा।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरा वजन अचानक से कम होना शुरू हो गया है। जबकि मेरी डाइट और डेली रूटीन पहले की तरह ही है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजेंद्र, बलौदा बाजार**

आपको सबसे पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। कई बार शुगर होने पर भी वजन कम होना शुरू जाता है तो कई बार थायरॉइड की समस्या इसका कारण बनता है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। आप डॉक्टर से संपर्क करके एक बार जांच करवा लें। इसके बाद ही कारण का पता चलेगा और उपचार किया जा सकेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**


**मेंटल हेल्थ**

**डॉ. राखी आनंद**
सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट
इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली

**स्पेशलः पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर डे, 27 जून**

पीटीएसडी एक गंभीर मानसिक स्थिति है। यह मनःस्थिति ऐसे लोगों में मिलती है, जो जीवन में किसी भयावह, दर्दनाक या दुखद घटना का शिकार हुए हों या उसके चश्मदीद गवाह बने हों। ऐसे में व्यक्ति अपना सामान्य ढंग से जीवन नहीं जी पाता है। यहां हम आपको बता रहे हैं, इसके कारण, लक्षण और उपचार के बारे में।

# पीटीएसडी समुचित उपचार के साथ अपनों का सपोर्ट भी है जरूरी





हाल ही में अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया विमान क्रैश की दुर्घटना ने देश-विदेश के लोगों को सकते में डाल दिया। जिसमें मरने वालों के परिवार न केवल शोकाकुल अवस्था का सामना कर रहे हैं बल्कि उस हादसे के चश्मदीद गवाहों के दिलो-दिमाग पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। क्रैश के भयावह दृश्य बार-बार उनके सामने आ जाते हैं, जिसकी वजह से वो गंभीर मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। डॉक्टरों की माने तो इससे उबरने में उन्हें काफी समय लग सकता है। वैज्ञानिक भाषा में इस स्थिति को पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर (पीटीएसडी) कहा जाता है।

## क्या है पीटीएसडी

पीटीएसडी के पेशेंट में दर्दनाक घटनाओं की यादें फ्लैशबैक की तरह उसके मन में बार-बार घूमती रहती हैं, डराती हैं और असहाय बना देती हैं। पीड़ित व्यक्ति दुखद घटनाओं के सदमे से बाहर नहीं निकल पाता है। इनमें से कई मरीज परिवार की सपोर्ट, समुचित देखभाल से कुछ समय बाद ठीक हो जाते हैं और सामान्य जिंदगी गुजारने लगते हैं। लेकिन कुछ मरीजों के दिलो-दिमाग में दुखद घटनाओं का फ्लैशबैक इतना ज्यादा होता रहता है कि उनका सदमे से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

## प्रमुख लक्षण

पीटीएसडी के लक्षण कभी-कभी एकाएक, कभी धीरे-धीरे दिखते हैं या कम-ज्यादा होते रहते हैं। इनमें शामिल हैं-

- छोटी-छोटी बातों को लेकर हमेशा परेशान रहना, अनचाहे ही दिमाग में दुखद घटना की पुरानी बातें याद आना, बहुत ज्यादा घबराहट और डर महसूस करना, किसी भी काम को ठीक से न कर पाना, भूख-प्यास और नींद की कमी आना, बुरे सपने आना, नींद में भी घबरा कर उठ जाना, पसीने से तर-बतर होना, दिल की धड़कन तेज होना, ब्लड प्रेशर बढ़ जाना, चक्कर आना। डेली रूटीन के काम ठीक से न कर पाना। दर्दनाक घटना से जुड़ी बातों के बारे में सोचने या बात करने से बचने की कोशिश करना। व्यवहार में चिड़चिड़ापन आना, डिप्रेशन होना। सोच और मनोदशा में नकारात्मक बदलाव आना, घटना के लिए खुद को जिम्मेवार ठहराना, आत्महत्या करने के विचार आना।



## रोग के प्रमुख कारण

- पहले घटी दुर्घटना से एंग्जाइटी या डिप्रेशन होने की हिस्ट्री रही हो।
- हिंसक माहौल में पलने या बचपन में यौन दुर्व्यवहार झेलने वाले बच्चे।
- शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न या बलात्कार या अपहरण का शिकार हुए लोग।
- करीबी व्यक्ति रिलेटिव की मौत का सदमा।
- परिवार, दोस्तों या रिलेटिव्स के सपोर्ट की कमी।
- एल्कोहल और दवाओं का अत्यधिक सेवन करना।
- दुखद घटनाओं जैसे- सड़क दुर्घटना, विमान दुर्घटना, हिंसक वारदात, सैन्य संघर्ष, आतंकवादी हमला, बाढ़, भूकंप, सुनामी आदि से पीड़ित या इसके साक्षी लोग।

## कब करें डॉक्टर को कंसल्ट

आमतौर पर ये लोग समय के साथ अपने आप ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर पीटीएसडी के लक्षण अधिक गंभीर होते जाएं और एक महीने से ज्यादा समय तक बने रहें, तो स्थिति गंभीर हो सकती है। मरीज को पीटीएसडी के लक्षण पता चलने पर जितना जल्दी हो सके, मनोचिकित्सक या क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक से कंसल्ट करना चाहिए। समुचित उपचार और देखभाल मिलने पर भी ऐसे मरीजों को दुखद घटनाओं की यादों से निकलने में 6 महीने से ज्यादा वक्त लग जाता है।



## उपचार का तरीका

पीटीएसडी मरीज का इलाज साइकोथेरेपी से किया जाता है। इसमें शामिल हैं-

**एक्सपोजर थेरेपीः** इसमें मरीज को घटना जानबूझकर याद कराई जाती है। डॉक्टर काउंसलिंग में साकारात्मक बातचीत करके उसका मनोबल बढ़ाते हैं और बुरे ख्यालों से छुटकारा दिलाते हैं। ताकि उसकी तकलीफ कम हो सके।

**कॉगनिटिव बिहेवियर थेरेपी (सीबीटी):** इसमें मरीज से बातचीत कर बिहेवियर को समझा जाता है।

**सपोर्टिव टॉक थेरेपीः** इसमें मरीज को जिस घटना से आघात पहुंचा है, उसके बारे में बात की जाती है। नकारात्मक विचार के कारण जानकर उसे दूर करने की कोशिश की जाती है।

**मेडिसिन भी हैं सहायकः** स्थिति के हिसाब से मरीज की एंग्जाइटी को नियंत्रित करने के लिए मूड स्टैब्लाइज़र और सेलेक्टिव सेरोटोनिन रीअपटेक इनहिबिटर (एसएसआरआई), एंटीसाइकोटिक्स, ट्राइसाइक्लिक एंटीड्रिप्रेसेंट जैसी मेडिसिन दी जाती हैं। मरीज को ब्लड प्रेशर और घबराहट को नियंत्रित करने और बुरे सपनों के लिए भी कुद मेडिसिन दी जाती हैं।

*प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

## इन बातों का रखें ध्यान

**पीटीएसडी पेशेंट** को अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तो के सपोर्ट, धैर्य और मदद की जरूरत होती है। ऐसे में जरूरी है कि वह अपने रिश्तेदारों, दोस्तो से मेलजोल बढ़ाए और यथासंभव उनके साथ समय बिताए। उनसे अपनी परेशानी शेयर करे ताकि उसका स्ट्रेस कम हो सके।

- नकारात्मक विचारों वाले लोगों से दूर रहें।
- रोजाना समय पर भोजन करें, जिसमें पोषक तत्वों से भरपूर बैलेंस डाइट लें।
- नियमित रूप से एक्सरसाइज, योगासन या मेडिटेशन करें। रिलैक्स होने के लिए मन-पसंद म्यूजिक सुनें।



**अवेयरनेस**

**डॉ. रेश्मा टी. विश्नानी**
डर्मेटोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

सफेद दाग रोग का न अब तक सटीक कारण ज्ञात हुआ है न इसका स्थायी उपचार उपलब्ध है। लेकिन सही ट्रीटमेंट के जरिए इस त्वचा रोग को कंट्रोल किया जा सकता है। कल ही वर्ल्ड विटिलिगो डे था, इस मौके पर इसके बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# विटिलिगो संभव है इसका नियंत्रण



विटिलिगो को सफेद दाग या ल्यूकोडर्मा भी कहा जाता है। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें त्वचा की रंगत चली जाती है, जिससे सफेद धब्बे बन जाते हैं। विटिलिगो को ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है, जिसका आशय है कि यह समस्या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा त्वचा की रंगद्रव्य कोशिकाओं (मेलेनोसाइट्स) पर हमला करने के कारण होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो विटिलिगो एक ऐसा रोग है, जिसमें त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। यह तब होता है, जब त्वचा में मेलेनिन नामक वर्णक बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। मेलेनिन त्वचा को रंग देता है, और जब यह कम हो जाता है, तो त्वचा पर सफेद धब्बे दिखाई पड़ने लगते हैं।

**क्या हैं कारणः** विटिलिगो के होने का प्रमुख कारण अज्ञात है, लेकिन इसे एक ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है। विटिलिगो के कारणों के बारे में शोध-अध्ययन जारी हैं। यह ऐसा त्वचा रोग है, जिसके अनेक कारण हो सकते हैं।

**आनुवंशिक कारकः** कुछ लोगों में विटिलिगो विकसित होने की संभावना अधिक होती है। खासकर यदि उनके परिवार में अतीत में किसी को विटिलिगो हो चुका है।

**तनावः** कुछ मामलों में अत्यधिक तनाव विटिलिगो को ट्रिगर कर सकता है या इसे और बदतर बना सकता है।

**पर्यावरणीय कारकः** अत्यधिक धूप में रहने से भी विटिलिगो की समस्या बढ़ सकती है या जो लोग पहले से ही इस समस्या से ग्रस्त हैं, उनकी स्थिति बदतर हो सकती है। सनबर्न जैसे पर्यावरणीय कारक भी विटिलिगो को ट्रिगर कर सकते हैं।

**अन्य बीमारियांः** थायरॉइड संबंधी समस्या, टाइप 1 मधुमेह और एडिसन रोग आदि भी विटिलिगो की समस्या बढ़ा सकते हैं या उत्पन्न कर सकते हैं।

**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षण यहां बताए जा रहे हैं। जब त्वचा पर यहां बताए जा रहे कुछ लक्षण या फिर त्वचा के किसी भाग पर रंगहीन पैच दिखाई दें, तब शीघ्र ही डर्मेटोलॉजिस्ट से परामर्श लें।

- त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे शरीर के किसी भी भाग पर हो सकते हैं।
- आमतौर पर चेहरे, गर्दन, हाथों और पैरों पर सफेद धब्बे अधिक दिखाई देते हैं।
- धब्बे आमतौर पर शरीर के दोनों तरफ दिखाई देते हैं।
- त्वचा का रंग पैच में बदल जाता है।

**रखें ध्यानः** विटिलिगो के बारे में कुछ बातों को समझना आवश्यक है।

- विटिलिगो सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर सकता है।
- यह रोग पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से प्रभावित करता है।
- विटिलिगो के कारण होने वाले सफेद धब्बे सूर्य की किरणों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसलिए धूप से बचाव करना महत्वपूर्ण है।

**उपचार के तरीकेः** विटिलिगो का स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विधियों से इस त्वचा रोग को नियंत्रित किया जा सकता है, जिनसे त्वचा के रंग को वापस लाया जा सकता है। विटिलिगो के उपचार के विकल्पों में शामिल हैं-

**टॉपिकल उपचारः** विशेषज्ञ डॉक्टर आमतौर पर 'टॉपिकल कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स' या गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसेंट आदि से उपचार शुरू करते हैं। टॉपिकल कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स दवाएं सूजन कम करने और त्वचा के रंग को वापस लाने में मदद करती हैं। वहीं गैर-स्टेरॉयडल विकल्प लंबे समय तक उपयोग के लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि स्टेरॉयड्स की तुलना में उनके कम दुष्प्रभाव होते हैं, खासकर बच्चों के लिए या शरीर के संवेदनशील भागों के उपचार में।

**फोटोथेरेपीः** इस थेरेपी के अंतर्गत विशेष प्रकाश किरणों का उपयोग करके त्वचा के विकारों या खामियों को दूर किया जाता है।

**दवाएंः** अतीत में उपचार के विकल्प काफी कम थे, लेकिन अब ओरल कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स से लेकर नए गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसिव और इम्यूनोमॉडुलेटरी दवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। दवा का चयन पूरी तरह से त्वचा रोग विशेषज्ञ पर निर्भर करता है। दवाओं को नियमित लेना जरूरी है। इन दवाओं का त्वचा रोग विशेषज्ञ के परामर्श से उपयोग किया जाए तो वे विटिलिगो के बढ़ने को काफी हद तक रोक सकती हैं।

**सर्जिकल विकल्पः** अनेक मामलों में सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है, जहां अन्य उपचार असरदार नहीं होते। विटिलिगो के उपचार के लिए, त्वचा रोग विशेषज्ञ से परामर्श करना महत्वपूर्ण है,जो मरीज की स्थिति का मूल्यांकन कर उपयुक्त उपचार योजना बना सकता है। स्थिर विटिलिगो वाले मरीजों के लिए, पंच ग्राफ्टिंग, सक्शन ब्लिस्टर ग्राफ्टिंग और एडवांस्ड नॉन-कल्चर्ड मेलानोसाइट सस्पेंशन तकनीक सहित कई सर्जिकल उपचार उपलब्ध हैं।

पंच ग्राफ्टिंग विटिलिगो के उपचार की एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें शरीर के स्वस्थ हिस्से से त्वचा के छोटे-छोटे टुकड़े लेकर विटिलिगो से प्रभावित क्षेत्र में प्रत्यारोपित किए जाते हैं। इस प्रक्रिया से त्वचा के रंग को बहाल करने और विटिलिगो के धब्बों को कम करने में मदद मिलती है।

*प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

## दूर करें गलतफहमियां

**मिथः** एक गंभीर बीमारी है विटिलिगो।
**तथ्यः** विटिलिगो गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन यह व्यक्ति के शारीरिक सौंदर्य को प्रभावित कर सकती है।
**मिथः** विटिलिगो एक संक्रामक रोग है।
**तथ्यः** विटिलिगो संक्रामक नहीं है। इस कारण यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।
**मिथः** विटिलिगो कैंसर का कारण बनता है।
**तथ्यः** विटिलिगो का कैंसर से कोई संबंध नहीं है।
**मिथः** विटिलिगो केवल गोरी त्वचा वाले लोगों को होता है।
**तथ्यः** विटिलिगो किसी भी उम्र या किसी भी रंग की त्वचा वाले व्यक्ति को हो सकता है।
**मिथः** विटिलिगो का कोई इलाज नहीं है।
**तथ्यः** फिलहाल विटिलिगो का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विकल्प मौजूद हैं जो इस बीमारी के लक्षणों को प्रबंधित या नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।
**मिथः** मछली और दूध एक साथ खाने से विटिलिगो होता है।
**तथ्यः** यह गलत धारणा है। विटिलिगो एक ऑटोइम्यून बीमारी है और इसका खाद्य पदार्थों से कोई संबंध नहीं है।







## 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' : दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा मैच

# शार्दुल के प्रदर्शन से टीम निराश, दूसरे टेस्ट में कुलदीप को मिल सकती है जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा।

दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं।



### स्पिनरों की मदद के लिए कुलदीप की मांग

इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि अंतिम एकादश में कुछ बदलाव तय है। विशेषज्ञों ने श्रृंखला के पहले मैच में कुलदीप यादव को शामिल करने की मांग की थी और अब बर्मिंघम में स्पिनरों की मदद करने वाली पिच पर शार्दुल की जगह उन्हें शामिल किए जाने की संभावना है।

### शार्दुल की गेंदों में धार नहीं थी

शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना। भारत को इस पांच दिवसीय मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाये रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा।

### कुलदीप को टीम में होना चाहिए : वेंगसरकर

पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने कहा, ''कुलदीप को टीम में होना चाहिए। चार तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का कोई मतलब नहीं है। शार्दुल या प्रसिद्ध में से कोई भी उनके लिए जगह बना सकता है।' इंग्लैंड में टीमें अक्सर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरते रहीं हैं लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रविंद्र जडेजा दोनों अंतिम एकादश में जगह बना सकते हैं।

### शतरंज टूर्नामेंट

# ललित बाबू ने मुंबई ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता




एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के ललित बाबू ने बुधवार को यहां बेहतर टाई ब्रेक स्कोर के आधार पर आर्मेनिया के मामिकोन घरिबयान को पछाड़कर मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

ग्रैंडमास्टर ललित बाबू ने शीर्ष वरीय जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लाविन पेंटसुलिया के खिलाफ अपनी नौवें और अंतिम दौर की बाजी जीतकर आठ जुटाए। मामिकोन ने भी भारतीय ग्रैंडमास्टर नीलोत्पल दास के खिलाफ अपनी बाजी जीती और उनके भी आठ अंक रहे। ललित बाबू ने हालांकि मामिकोन के 54 के मुकाबले 54.5 के बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण खिताब जीता। उन्हें चार लाख रुपये की इनामी राशि मिली। दूसरे स्थान पर रहे मामिकोन को तीन लाख रुपये मिले। पांचवें स्थान पर रहे भारत के दीपन चक्रवर्ती को एक लाख 25 हजार रुपये की इनामी राशि मिली। जूनियर वर्ग में भारत के कैंडिडेट मास्टर मधेश कुमार अंतिम दौर में व्योम मल्होत्रा को हराकर चैंपियन बने। उन्होंने कुल आठ अंक जुटाए। मधेश को दो लाख रुपये की इनामी राशि मिली। अद्विक अग्रवाल उप विजेता रहे और उन्हें डेढ़ लाख रुपये मिले। शीर्ष वरीय अंश नेरुरकर को तीसरे स्थान पर रहने के लिए एक लाख रुपये की इनामी राशि मिली।

### सानिधी सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई

सानिधी भट को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने ट्रॉफी और 45 हजार रुपये की इनामी राशि मिली। रचित गुरनानी और मिशा परवेज को मुंबई के खिलाड़ियों के बीच क्रमशः सर्वश्रेष्ठ लड़का और लड़की चुना गया। दोनों को 30 हजार रुपये और ट्रॉफी मिली।

### भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल एक प्रमुख ऑनलाइन मंच पर आयोजित 'अर्ली टाइटल्ड ट्यूजडे' शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। हाल ही में अंडर-नौ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उपविजेता रहे आरित ने पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन को हार के कगार पर पहुंचा दिया था लेकिन समय समाप्त होने और घड़ी में केवल कुछ सेकंड बचे होने के कारण यह युवा भारतीय खिलाड़ी अपनी बढ़त को भुनाने में असमर्थ रहा और उसे ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा। आरित ने जॉर्जिया के अपने होटल से इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह वर्तमान में अंडर-10 विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से दी मात

# चार देशों के टूर्नामेंट में भारतीय जूनियर टीम तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया को कप्तान टोबी मेलोन ने दूसरे हाफ में बढ़त दिलाई जिसके बाद रोहित ने 45वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया।

अजीत यादव ने 52वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच शुरुआत से ही कड़ी टक्कर देखने को मिली और शुरुआती दो क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया ने अंततः तीसरे क्वार्टर में मैच के 40वें मिनट में टोबी के मैदानी गोल से बढ़त बनाई।

ऑस्ट्रेलिया की टीम हालांकि अधिक समय तक जश्न नहीं बना सकी क्योंकि पांच मिनट बाद ही रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने इसके बाद अंतिम क्वार्टर में अजीत के गोल से बढ़त बनाई और जीत सुनिश्चित की।

### काश मैने बेहतर प्रदर्शन किया होता : नीरज

**ओस्ट्रावा।** भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने भले ही पदार्पण के साथ गोल्डन स्पाइक खिताब जीत लिया हो लेकिन पूर्व ओलंपिक चैम्पियन अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। चोपड़ा ने 85 . 29 मीटर के थ्रो के साथ नौ खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता । जीत के बाद उन्होंने कहा ,'' मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता ।''उन्होंने कहा ,'' मैं बचपन में यह टूर्नामेंट देखा करता था । मैने जान जेलेंजी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा । आज वह सपना सच हो गया है ।''नीरज ने हालांकि कहा ,'' मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिय है । दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला ।

### निशानेबाजी लीग के लिए 400 खिलाड़ियों का पंजीयन

**नई दिल्ली।** आगामी भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) में भाग लेने के लिए अभी तक दुनिया भर के 400 से अधिक खिलाड़ी पंजीकरण करा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेनेडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के निशानेबाजों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग, जबलपुर**
तहसील चौक, अम्बेडकर भवन के पास, जबलपुर (म.प्र)
(E-mail: eeresjabalpur@mp.gov.in)

पत्र क्रमांक 710 / स्था / ग्रास / 2025 — जबलपुर, दिनांक - 23/06/2025

**वाहन किराये पर लगाने हेतु निविदा आमंत्रण**

कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जबलपुर के अंतर्गत निर्मित एवं निमाणाधीन कार्यो के निरीक्षण हेतु 01 (एक) डीजल वाहन (स्कार्पियो या समकक्ष वाहन जिसका Ground clearance 185 mm & above, 6 Airbag हो ) जिसका रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 या बाद का हो, वाहन टैक्सी परमिट एवं जी.पी.एस. ट्रैकर सहित अच्छी कंडीशन मे हो, ड्रायवर सहित प्रतिमाह किराये पर आवश्यकता है। शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन कार्य अवधि मे किया जा सकता है, एवं निविदा प्रपत्र एवं शर्ते नगद राशि रुपए 100/- के भुगतान पर दिनांक 30/06/2025 सायं 5 :30 बजे तक इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबंद निविदाएं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 01/07/2025 अपरान्ह 3 :00 बजे तक है। निविदा बंद लिफाफे मे कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जबलपुर के नाम से किसी भी शेड्यूल कमर्शियल बैंक की एफ. डी. रुपए 5000 /- एवं वाहन के रजिस्ट्रेशन, बीमा, टैक्सी परमिट, नये वाहन की स्थित मे 3 माह के अंदर गाडी का रजिस्ट्रेशन, पैन नम्बर, ड्रायवर का नाम तथा लायसेंस आदि का विवरण एवं वित्तीय आफर प्रस्तुत करना अनिवार्य है । निविदाएं दिनांक 01/07/2025 को अपरान्ह 3 :30 बजे निविदाकार अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी । आफर स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जबलपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

(सुमित शुक्ला )
कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
G-14778/25 "स्वच्छता ही सेवा" जबलपुर संभाग जबलपुर



**निविदा आमंत्रण सूचना ( ई - पद्धति)**
**मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म. प्र. )**

ज्ञाप क्र. 11/ 79 /सा-2/2025-26 — दिनांक 23/06/2025

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है –

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में ) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 07/ सा./मु.अ./ 2025-26 दिनांक 24/06/2024 (द्वितीय आमंत्रण) | बरगी से बरगी नगर डामरीकृत एप्रोच रोड की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 10.650 कि.मी. के मध्य पेंच वर्क, मरम्मत अनुरक्षण एवं लघु मूल कार्य । | रू. 371.52 लाख (रू. तीन सौ इकहत्तर लाख बावन हजार मात्र) (एम.पी.आर.आर.डी.ए. दिनांक 01/01/2024 एवं पी.डब्ल्यू. डी. एस. ओ. आर, 25 / 03 / 2022 से प्रभावशील ) | रू.372000/- (रु. तीन लाख बहत्तर हजार मात्र) | रू.15000/- (रू. पन्द्रह हजार मात्र ) | 03 माह वषार्काल छोड़कर |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in. का अवलोकन करें ।2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है ।3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनाँक एवं समय दिनांक 07.07.2025, 17.30 बजे तक ।4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दशार्या जायेगा ।समाचार पत्र में नहीं ।

(जे. एस. कुसरे)
मुख्य अभियंता
G-14812/25 "स्वच्छता ही सेवा" रानी अवती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR**
**SHORT TENDER, NOTICE**

No. E.E./Tender/2025/546 — Dated-25/06/2025

Sealed tender are invited from Registered Contractor/ Firm in PWD/MES/CPWD by **Registered post /Speed post** only for Various Repair & Renovation work of Girls Hostel at College of Agriculture, Ganj Basoda under JNKVV Jabalpur. The detailed specification and tender document can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1,000/-.

**The last date of issue of the tender document - 04/07/2025 up to 5.00PM.**
**The last date of submission of tender document - 11/07/2025 up to 5.00PM.**
**Date of opening of the tender - Next working day.**

IPRO/EE/2025/37 — **Executive Engineer**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T.No./PWD//PRO No. 274 — **निविदा सूचना** — Dated 25/06/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_432932_1 30/06/25 | संभाग क्र. 08 अंतर्गत शीतलामाई सामुदायिक भवन में विभिन्न आवश्यक कार्य हेतु | 04 माह 8.46 लाख | 2000/- 8464/- | 15/07/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर



**E Auction Sale Notice under IBC, 2016**
**M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation**
**CIN : U13100MH2010PTC263990**
**Liquidator's Office :** 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz **M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation** ('Corporate Debtor'), through e-auction on **"as is where is basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis".** Sale will be done by the undersigned through E-Auction service provider **eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com).**
The bidding shall take place through online e-auction service provider eBKray.

Amount in Rs.

| Sr. No. | Description of Asset | Date and Time of auction | Reserve Price | EMD | Bid Incremental Value |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Industrial Land & Building Standing on -** Lease hold land at Plot No. 13,14,52,51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 16th July 2025. 11.00 A.M. to 01.00 P.M | 1,38,61,239 | 13,86,123 | 50,000 |

**Last date to submit the EOI & all documents as per E-Auction Process document:** 10th July 2025
**Date of Inspection:** Till 12th July 2025 with prior intimation to the liquidator.
**Last date of submission of EMD:** 14th July 2025 till 6.00 P.M.
**Terms & Conditions of the sale is as under:**
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on **"AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS"** as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider eBKray **(website: https://ibbi.baanknet.com)**
2. Contact person on behalf of Liquidator: **Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919**
3. The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at **https://ibbi.baanknet.com**
4. Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through their own e-wallet account on the **https://ibbi.baanknet.com** portal.
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof.

**CMA Srigini Rajat Naidu,**
**Date: 26/06/2025** — **Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)**
**Place: Nagpur** — **IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513**



**कार्यालय नगरपालिका परिषद मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक/नि.शा./2025/ 1250 — मण्डला, दिनांक 25/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य/सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _433028_1 दिनांक 25/06/2025 | वार्ड क्रमांक 22 हनुमान जी वार्ड में प.ज.ला.ने.न.उच्च.मा.शाला महाराजपुर के विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू. 202539.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 4051.00 | 14/07/2025 |
| 2 | 2025_UAD _433020_1 दिनांक 25/06/2025 | वार्ड क्रमांक 22 हनुमान जी वार्ड में प.ज.ला.ने.न.उच्च.मा.शाला महाराजपुर के पुराने भवन की छत का प्रोफाइल निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू. 594705.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 11894.00 | 14/07/2025 |
| 3 | 2025_UAD _433031_1 दिनांक 25/06/2025 | वार्ड क्रमांक 22 हनुमान जी वार्ड में नेहरू शाला से प्राथमिक शाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू. 326391.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 6527.00 | 14/07/2025 |
| 4 | 2025_UAD _433032_1 दिनांक 25/06/2025 | वार्ड क्रमांक 22 हनुमान जी वार्ड में प.अ.ला. ने.न.पा. उच्च मा.शाला महाराजपुर में शिक्षक कक्ष एवं हॉल में फर्श एवं फिनिशिंग कार्य। | 02 माह राशि रू. 246283.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 4925.00 | 14/07/2025 |
| 5 | 2025_UAD _433033_1 दिनांक 25/06/2025 | वार्ड क्रमांक 12 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में स्थित फिल्टर प्लांट में बने नये पंप हाउस के पास स्टेयर कैस एवं शेड निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू. 398731.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 7975.00 | 14/07/2025 |
| 6 | 2025_UAD _433036_1 दिनांक 25/06/2025 | वार्ड क्रमांक 12 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में फिल्टर प्लांट में नये क्लेरीफ्युलेटर के पास सीढियों एवं शेड निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू. 317303.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 6346.00 | 14/07/2025 |
| 7 | 2025_UAD _433038_1 दिनांक 25/06/2025 | वार्ड क्रमांक 20 तिलक वार्ड में जगन्नाथ स्कूल से कलेक्ट्रट नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू. 631579.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 12632.00 | 14/07/2025 |
| 8 | 2025_UAD _433040_1 दिनांक 25/06/2025 | वार्ड क्रमांक 20 तिलक वार्ड में अलोक उपाध्याय के मकान से नई तहसील कार्यालय तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू. 154617.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 3092.00 | 14/07/2025 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला



**कार्यालय वसूली अधिकारी-।**
**ऋण वसूली अधिकरण-।।, दिल्ली**
चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

टीआरसी सं. 41/2022 — दिनांक : 11.06.2025

**सिंडिकेट बैंक बनाम मीनाक्षी फर्टिलाईजर प्रा. लि.**

दिनांक 11.06.2025 के आदेशानुसार निम्नांकित सम्पत्ति की सार्वजनिक ई-नीलामी दिनांक 06.08.2025 उल्लेखित ऋण वसूली प्रमाण पत्र में नीलामी बिक्री
वेबसाइट https://www.bankeauction.com के माध्यम से ''ऑनलाईन ई-नीलामी'' होगी
नीलामी की तिथि व समयः 06.08.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे के बीच
(दोपहर 12.00 बजे के बाद 5 मिनट प्रत्येक की अवधि के विस्तार के साथ, यदि अपेक्षित है)

**सम्पत्ति का विवरण**

| लॉट सं. | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि (ईएमडी) |
|---|---|---|---|
| 1. | प्लॉट सं. 72, क्षेत्रफल 79,500 वर्ग फीट, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिचाई, जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित | रु. 2,21,00,000/- (रु. दो करोड़ इक्कीस लाख) | रू 22,10,000/- (रुपये बाईस लाख मात्र) |
| 2. | प्लॉट सं. 72 (पीछे की तरफ), क्षेत्रफल 24,750 वर्ग फीट, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिचाई, जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित | रु. 64,50,000/- (रु. चौसठ लाख पचास हजार) | रू 6,45,000/- (रुपये छः लाख पैतालीस हजार मात्र) |
| 3. | उपरोक्त परिसर में स्थित संयंत्र और मशीनरी | रु. 13,00,000/- (रु. तेरह लाख मात्र) | रू 1,30,000/- (रुपये एक लाख तीस हजार मात्र) |

1. नीलामी बिक्री वेबसाइट **https://www.bankeauction.com** के माध्यम से ''ऑनलाईन ई-नीलामी'' होगी।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को धरोहर राशि **पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रुप में जो कि "Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi खाता T.R.C No. 41/2022"** के पक्ष में अधोलिखित खाता **केनरा बैंक,** आरटीजीएस विवरणः आईएफएससी कोड **CNRB0003038,** बयाना धन जमा खाता संख्या **209272434** में देययोग्य हो। उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर या एन ई एफ टी/आर टी जी एस द्वारा ईएमडी भुगतान का मूल साक्ष्य, स्व-प्रमाणित पहचान साक्ष्य (वोटर आई डी कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/ पासपोर्ट) **वसूली अधिकारी-।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में दिनांक 04.08.2025 को सांय 5.00 बजे से पहले जमा कराना होगा और धरोहर राशि इसके पश्चात स्वीकार नही की जायेगी।**
3. धरोहर राशि वाले लिफाफे के ऊपर टी.आर.सी नं. **41/2022** अंकित होना चाहिए और बोलीदाता का पूर्ण पता, ई-मेल आई डी और मोबाईल न. भी अंकित होना चाहिए।
4. **सम्पत्ति को ''जहाँ है जैसा है आधार'' पर बेचा जाएगा**
5. बोलीदाताओं को अपनी बोली देने और ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री हेतु नियम तथा शर्तों के लिए वेबसाइट **https://www.bankeauction.com** देखने **तथा/अथवा श्री मनोज कुमार, मुख्य प्रबंधक/एआर, मो. 8826933887,** ईमेलः **cb3038@canarabank.com से सम्पर्क करने की सलाह दी जाती है।**
6. इच्छुक बोलीदाताओं को हमारे ई-नीलामी सर्विस प्रोवाईडर के पास पहले पंजीकृत कराना होगा और ई-नीलामी में भाग लेने के लिए यूजर आई डी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, और **मेसर्स सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उद्योग विहार फेज-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, प्लॉट नंबर 301, गुड़गांव-122015 (हरियाणा), संपर्क नंबर 0124-4302020, 91-7080804466, ई-मेल- support@bankeauctions.com संपर्क व्यक्तिः श्री मिथिलेश, संपर्क नंबर 7080804466 के साथ सम्पर्क करने की सलाह दी जाती है।**
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी सर्विस प्रोवाईडर **मेसर्स सी-1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उद्योग विहार फेज-2, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, प्लॉट नंबर 301, गुड़गांव-122015 (हरियाणा), संपर्क नंबर 0124-4302020, 91-7080804466, ई-मेल- support@bankeauctions.com** संपर्क व्यक्तिः **श्री मिथिलेश, संपर्क नंबर 7080804466 के साथ सम्पर्क** करके ऑन लाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।
8. इच्छुक बोलीदाता सम्पत्ति का निरीक्षण स्थल पर दिनांक **23.07.2025** और **24.07.2025** को **पूर्वा. 10.30 बजे से अर्पा. 04.00 बजे तक**
9. पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट या एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से धरोहर राशि जमा करने के पश्चात ही, वेलिड यूजर आई डी और पासवर्ड धारक बोलीकर्ता ही ई-नीलामी में भाग ले सकेंगें।
10. इच्छुक बोलीदाताओं जिन्होंने अपनी बोली (आरक्षित मूल्य से कम नही), **दिनांक 04.08.2025 तक** से पहले जमा कर दी है, वे ही **दिनांक 06.08.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक** होने वाली ई-नीलामी में भाग ले सकते है। बोली यदि ई-नीलामी समाप्ति हेतु निर्धारित समय के अंतिम 5 मिनट में प्रस्तुत की जाती है तो उस दशा में ई-नीलामी बंद होने का समय 5 मिनट स्वतः बढ़ जायेगा।
11. **बोलीदाता अपनी बोली क्रमशः रु. 1,00,000/- (रुपए एक लाख मात्र) (प्रत्येक लॉट) के गुणकों में बढ़ाएंगे।**
12. असफल बोलीदाता अपनी धरोहर राशि **ई-नीलामी** बिक्री प्रक्रिया बंद होने के तत्काल बाद सीधे **वसूली अधिकारी-।, डी आर टी-।।, दिल्ली / सी एच बैंक, अर्थात केनरा बैंक,** से प्राप्त कर सकते है।
13. सफलतम/उच्चतम बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत राशि **वसूली अधिकारी-।, डी आर टी-।।,** दिल्ली, **खाता टी आर सी न. 41/2022 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर के द्वारा ऑन लाईन निलामी बंद होने के 24 घण्टे के अंदर तैयार करना होगा** और धरोहर राशि को समायोजित करने के पश्चात यह ऑनलाईन निलामी के बंद होने से **24** घंटों के भीतर वसूली अधिकारी-।, डी आर टी-।।, दिल्ली के कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए, ऐसा ना करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जाऐगी।
14. सफलतम /उच्चतम बोलीदाता सम्पत्ति बिक्री मूल्य का बकाया **75 प्रतिशत** राशि वसूली अधिकारी-।, डी आर टी-।।, दिल्ली, खाता **टी.आर.सी. नं. 41/2022** के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर के द्वारा सम्पत्ति की बिक्री की तिथि (उस दिन को छोड़कर) से 15वें दिन या उससे पहले वसूली अधिकारी-।, डी आर टी-।।, दिल्ली के समक्ष जमा करेगा और यदि 15वें दिन रविवार या अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस पर (15 दिन के पश्चात) ऐसा किया जाऐगा। एवं 2 प्रतिशत रु. 1000/- तक और उसके बाद शेष राशि पर 1 प्रतिशत की दर से पाउण्डेज फीस का भुगतान रजिस्ट्रार, ऋण वसूली अधिकरण-।।, दिल्ली के पक्ष में जमा करवाना होगा (75 प्रतिशत शेष जमा राशि के मामले में यदि पोस्ट के माध्यम से भेजा जाता है तो उपरोक्तानुसार में वसूली अधिकारी तक पहुँच जाना चाहिए)। उपरोक्त समयावधि में भुगतान ना करने पर, उक्त सम्पत्ति की पुनः बिक्री नई उद्घोषणा जारी करके की जाएगी। उस स्थिति में चूककर्ता क्रेता के द्वारा जमा राशि को अधोहस्ताक्षरकर्ता यदि उचित समझता है तो विक्रय के खर्चे समायोजित किये जाने के पश्चात सरकारी खाते में जब्त कर ली जायेगी एवं उस स्थिति में चूककर्ता क्रेता के उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में या राशि के किसी भाग के सम्बंध में प्राप्त समस्त अधिकार जब्त हो जायेंगे।
15. सफलतम/उच्चतम बोली लगाने वाले को इस मंच के समक्ष जमा की जाने वाली प्रस्तावित नीलामी राशि पर लागू टीडीएस का भुगतान करने के लिए आयकर अधिनियम की धारा 194-IA के प्रावधानों का पालन करने की स्वतंत्रता होगी। ऐसी स्थिति में, सफल/उच्चतम बोली लगाने वाले को शेष बिक्री आय का भुगतान करते समय इस फोरम के समक्ष उक्त राशि जमा करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
16. उपरोक्त समयावधि में भुगतान ना करने पर, उक्त सम्पत्ति की पुनः बिक्री नई उद्घोषणा जारी करके की जाएगी। उस स्थिति में चूककर्ता क्रेता के द्वारा जमा राशि को अधोहस्ताक्षरकर्ता यदि उचित समझता है तो विक्रय के खर्चे समायोजित किये जाने के पश्चात सरकारी खाते में जब्त कर ली जायेगी एवं उस स्थिति में चूककर्ता क्रेता के उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में या राशि के किसी भाग के सम्बंध में प्राप्त समस्त अधिकार जब्त हो जायेंगे।
17. CHFI/CH बैंक को निर्देशित किया जाता है कि वे दस्ती, पंजी. एडी पोस्ट/स्पीड पोस्ट और संपत्ति के विशिष्ट हिस्से पर चस्पा के माध्यम से सीडी को बिक्री उद्घोषणा की सेवा की जाए और इसके आसपास के क्षेत्र में ड्रम की बीट और उसी की एक प्रति ट्रिब्यूनल में नोटिस बोर्ड पर लगाई जाए।
18. बिक्री उद्घोषणा/आदेश अंग्रेजी में समाचार पत्रों के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषा जिसका पर्याप्त रूप से व्यापक प्रसार होता है, में भी प्रकाशित कि जाए।
19. CHFI/CH बैंक को निर्देश दिया जाता है कि वे समाचार पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की पुष्टि करें तथा प्रकाशन के मूल सबूत अगली सुनवाई से पहले दाखिल करें।
20. यदि कोई, बोली या सभी बोलियाँ अस्वीकार्य पाई जाती हैं तो वसूली अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए कभी भी, किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिक्री प्रास्थगित या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार हैं तथा उसका निर्णय अंतिम होगा।

**सम्पत्तियों की अनुसूची**

| बेची जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर राजस्व जिसका मूल्यांकन किया गया है | किसी भी प्रकार के भार का विवरण जिसके लिए सम्पत्ति उत्तरदायी है | दावा अगर कोई है जो कि सम्पत्ति के सम्बंध में आगे आया है एवं अन्य कोई ज्ञात विशिष्टियां जोकि इसके मूल्य एवं प्रकृति प्रभाव रखता है। |
|---|---|---|---|
| प्लॉट सं. 72, क्षेत्रफल 79,500 वर्ग फीट, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिचाई, जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |
| प्लॉट सं. 72 (पीछे की तरफ), क्षेत्रफल 24,750 वर्ग फीट, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिचाई, जबलपुर, मध्य प्रदेश में स्थित | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |
| उपरोक्त परिसर में स्थित संयंत्र और मशीनरी | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

ई-नीलामी विक्रय सूचना की सेवा का शपथ पत्र भरने हेतु प्रकरण **27.06.2025** को सूचीबद्ध किया जाये सेवा के प्रमाण के साथ (स्पीड पोस्ट और कूरियर के लिए ट्रैक्ट परिणाम सहित) और दस्ती, समाचार पत्र में प्रकाशन के मूल प्रमाण और ई-नीलामी के प्रयोजन के लिए वेबसाइट सहित व्यापक संपत्ति।

(वात्सल्य कुमार)
वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली

### भाजपा विधायक सुशील तिवारी इंदू की छवि धूमिल करने का आरोप

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को एमपी-एमएलए कोर्ट का नोटिस

हरिभूमि जबलपुर।

एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को नोटिस जारी किया है। मामला पनागर के भाजपा विधायक सुशील तिवारी इंदू की छवि धूमिल करने के आरोप से संबंधित है। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी।

परिवादी जबलपुर निवासी विधायक सुशील तिवारी इंदू का पक्ष अधिवक्ता अभिजीत अवस्थी, जय कुमार द्विवेदी व रोहित रघुवंशी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रदेश कांग्रेस के महासचिव व मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 15 मई, 2024 को एक पत्रकारवार्ता आयोजित की थी। इस दौरान विधायक तिवारी पर यह आरोप लगाया गया कि सार्वजनिक वितरण के लिए जो अनाज आता है, उसमें से 50-60 प्रतिशत कालाबाजारी कर मार्केट में विक्रय किया जाता है। प्रेस वार्ता को इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया, जिससे पार्टी के सदस्यों व मतदाता के बीच परिवादी की छवि खराब हुई और उनके पक्ष में मतदान में कमी आई।

विशेष अदालत ने तर्क सुनने के बाद कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के नए प्रविधान अनुसार पंजीयन पर संज्ञान के समय अनावेदक दिग्विजय सिंह, वर्तमान राज्य सभा सदस्य को सुना जाना आवश्यक है। धारा 223 बीएनएसएस के प्रविधानों को दृष्टिगत रखते हुए अनावेदक को सुनवाई हेतु नोटिस जारी हो।



प्रकरण पंजीयन पर सुनवाई के लिए 21 जुलाई को नियत किया जाता है। प्रकरण परिवादी के शेष साक्षियों के परीक्षण हेतु नियत है। परिवादी साक्षी गौरव कोरी के कथन अंकित किए गए। परिवादी के अधिवक्तागण द्वारा अन्य किसी साक्षी को परीक्षित न करना प्रकट करते हुए परिवादी साक्ष्य समाप्त घोषित की व लेख्य प्रमाण सूची अनुसार दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। प्रकरण में परिवादी सुशील उर्फ इंदू तिवारी, सोहेल फैजल खान का परीक्षण पूर्व में हो चुका है।

### हाई कोर्ट के पूर्व आदेश की अवहेलना का आरोप

## नगर निगम आयुक्त को अवमानना नोटिस

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की अवहेलना के आरोप पर संजीदगी दर्शाई। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने नगर निगम, जबलपुर की आयुक्त को अवमानना नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब कर लिया है। अवमानना याचिकाकर्ता नगर निगम, जबलपुर में कार्यरत कर्मी कृष्ण कुमार बडगैंया की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा, शिवम शर्मा व जितेंद्र गर्ग ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता 1985 से दैनिक वेतनभोगी बतौर कार्यरत है। उसे आज तक 27 हजार 280 रुपये वेतन मिलता है। पीएफ ती हजार 800 रुपये कटता है। मध्य प्रदेश शासन की सात अक्टूबर, 2016 की नीति के अनुसार विनियमितिकरण का लाभ दिया गया है। बावजूद इसके कि याचिकाकर्ता उमादेवी के न्यायदृष्टांत की रोशनी में नियमितिकरण का पात्र था। आलम यह है कि 1988 के पूर्व मूं समस्त कर्मियों की वरिष्ठता सूची 21 जनवरी, 2009 को तैयार की गई थी। जिसमें याचिकाकर्ता का सरल क्रमांक-304 था। अन्य कर्मी, जिनका सरल क्रमांक-354 व 384 था, उन्हें अपेक्षाकृत कनिष्ठ होने के बावजूद नियमितिकरण का लाभ दे दिया गया। इसके साथ ही लाखों रुपये एरियर्स का भुगतान किया गया। श्रम न्यायालय ने 20 सितंबर, 1990 की नीति के अंतर्गत नगर निगम के जल प्रदाय विभाग के 31 दिसंबर, 1988 से पूव्र के कर्मियों को नियमित करने का आदेश पारित किया था। यह लाभ न मिलने पर याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट की शरण ली थी। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने छह जनवरी, 2024 को उसके हक में आदेश पारित किया था। 90 दिन के भीतर अभ्यावेदन निराकृत करने निर्देश दिया गया था। ऐसा न होने पर अवमानना याचिका दायर की गई है।


### कंपनियां बरत रही कोताही खामियाजा भुगत रहे उपभोक्ता

# बिजली कंपनियां नहीं कर रही ठीक से मेंटेनेंस का काम

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियां मेंटेनेंस में कोताही बरत रही हैं। इंदौर की पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को छोड़ दें तो जबलपुर की पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और भोपाल की मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने करोड़ों रुपये मिलने के बावजूद मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं दिया, लिहाजा लगभग आधी राशि ही खर्च कर पाए। नतीजा हल्की वर्षा, हवा में बिजली बंद हो रही है। लोड बढने पर उपकरण खराब हो रहे हैं। वर्षा सीजन शुरू होते ही बिजली ट्रिपिंग और फाल्ट की संख्या में इजाफा हो गया है। यह खुलासा बिजली वितरण कंपनियों द्वारा मप्र विद्युत नियामक आयोग को भेजी गई जानकारी से हुआ है।

बता दें कि पिछले चार साल से जबलपुर की पूर्व क्षेत्र और भोपाल की मध्य क्षेत्र वितरण कंपनी मेंटेनेंस की पूरी राशि खर्च नहीं कर पाई है। 2023-24 में पूर्व क्षेत्र विद्युत



वितरण कंपनी को मेंटेनेंस के लिए 289 .64 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे उसमें सिर्फ 192.10 करोड़ रुपये खर्च कर सकी। वहीं मध्य क्षेत्र वितरण कंपनी ने 50 प्रतिशत और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 101 प्रतिशत राशि खर्च की। आयोग की ओर से प्रत्येक विद्युत वितरण कंपनी को उपभोक्ताओं की उचित सेवा, उपकरणों, बिजली लाइनों का रखरखाव और जरूरी मेंटेनेंस व कर्मचारियों लाइनमेनों आदि को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने के लिए यह राशि दी जाती है, लेकिन उसका पूरा उपयोग नहीं हो रहा है। वर्ष 24-25 के आंकड़े अभी नहीं आए हैं। इसे लेकर मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि आयोग ने रखरखाव के लिए जो राशि आवंटित की थी उसमें सिर्फ पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पूरा खर्च किया है। इस वजह से वहां उपभोक्ता सेवा में सुधार आया। मध्य और पूर्व क्षेत्र कंपनी ने पैसा खर्च नहीं किया इस वजह से उपभोक्ता मेंटेनेंस के बाद भी बिजली आपूर्ति को लेकर परेशान हो रहे हैं। इस मामले में आयोग में आपत्ति लगाई जा चुकी है।

#### बिजली कंपनी में ऐसे होता है मेंटेनेंस

बिजली विभाग में दो तरह का मेंटेनेंस होता है। एक शेड्यूल दूसरा, अनशेड्यूल मेंटेनेंस। शेड्यूल मेंटेनेंस साल में दो बार होता है। प्री-मानसून और पोस्ट मानसून। देशभर में बिजली विभाग ने इसे लागू किया हुआ है। अनशेड्यूल मेंटेनेंस में जब कभी भी वर्षा, आंधी से और अचानक जहां भी संभावित खराबी होती है। अचानक ट्रांसफार्मर और बिजली उपकरण खराब हो जाते हैं तो उसे दुरुस्त किया जाता है।

### हाईकोर्ट ने कटनी जिला अदालत के स्टेनोग्राफर की याचिका की निरस्त


## परीवीक्षा अवधि में की गई सेवा लगातार असंतोषजनक पाई गई

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जिला व सत्र न्यायाधीश कटनी के उस फैसले को सही ठहराया, जिसके तहत एक स्टेनोग्राफर के प्रोबेशन पीरियड में किए गए कार्य को संतोषजनक नहीं पाते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस डीके पालीवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता के परीवीक्षा अवधि में की गई सेवा लगातार असंतोषजनक पाई गई। इस मत के साथ जिला न्यायाधीश के फैसले पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कर्मचारी की याचिका खारिज कर दी।

मुरैना निवासी बृजरानी ने याचिका दायर कर 5 जनवरी 2015 को उन्हें कटनी न्यायालय में स्टेनोग्राफर के पद पर प्रोबेशन पर नियुक्ति मिली थी। दिसंबर 2019 में उनकी परिवीक्षा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाई गई। परिवीक्षा अवधि के दौरान उनकी सेवा को असंतोषजनक पाया गया। जिला न्यायाधीश कटनी ने 15 जुलाई 2020 को याचिकाकर्ता की सेवा समाप्त कर दी। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में हाईकोर्ट प्रशासन के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। हाईकोर्ट प्रशासन ने 5 मार्च 2025 को अभ्यावेदन निरस्त कर दिया। इसलिए जिला न्यायाधीश कटनी के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

## मुहर्रम का चांद नजर आने की उम्मीद

**जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार 26 जून मुताबिक 29 जिल हिज्जा को मुहर्रम का चांद नजर आने की उम्मीद है। लिहाजा शाम मगरिब की नमाज के वक्त चांद देखने की पूरी कोशिश करें। चांद नजर आने पर मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 9302256729 पर फौरन इत्तिला दें, ताकि राबता कायम करने में आसानी हो और चांद का एलान किया जा सके।



### दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया

# अचानक धूं-धूं कर जलने लगी कार

**जबलपुर।** कटंगी मार्ग पर एक कार में अचानक आग भड़क उठने से हड़कंप मच गया। बताया गया है कि अचानक कार में आग भभक उठी। ग्रामीणों ने पानी और मिट्टी डालकर आग को बुझाने की कोशिश की जब आग पर काबू नहीं पाया गया तो फायर ब्रिग्रेड को सूचना दी गई। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान पूरे मार्ग में आवागमन बंद कर दिया गया था। जिसके चलते लंबा जाम लग गया था। पुलिस ने बताया कि जबलपुर - कटंगी मार्ग स्थित बायो एनर्जी प्लांट के समीप खड़ी कार में आग लग गई थी। कार प्लांट में कार्यरत आयुष अग्रवाल की बताई जा रही है। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।



### 100 से 500 रुपए तक की करते थे अवैध रुप से वसूली...!

## ट्रेनों में यात्रियों से वसूली करते किन्नर गिरफ्तार

**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर रुट की ट्रेनों में अवैध वसूली करने वाले 50 से ज्यादा किन्नरों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। ये किन्नर पहले जनरल कोच में घुसते इसके बाद् लीपर कोच में भी यात्रियों से वसूली करते रहे। यहां तक कि जो यात्री इनकी मांग पूरी नहीं करते तो उनके साथ अभद्रता करते रहे। आरपीएफ द्वारा करीब एक सप्ताह से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते कार्रवाई की गई है। आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि जबलपुर से कटनी, इटारसी की ओर करीब 35 से ज्यादा ट्रेनें रोजाना आती-जाती है। इन ट्रेनों में घुसकर किन्नरों द्वारा यात्रियों से जबरन रुपया वसूलते रहे। जो इन्हे रुपया नहीं देता उनके साथ अभद्रता करते। तीन-तीन के गुरप में बंटे किन्नरों द्वारा 100 से 500 रुपए तक अवैध रुप से वसूली करते। जो भी व्यक्ति इनका विरोध करता तो उनके साथ मारपीट करने से भी पीछे नहीं हटते। कुछ यात्रियों के साथ जब किन्नरों ने अभद्रता की तो आरपीएफ को खबर दी गई। जैसे ही ट्रेन जबलपुर में आकर रुकी तो आरपीएफ ने किन्नरों को गिरफ्तार कर लिया। यात्रियों का कहना है कि पहले ये पैसेंजर ट्रेन के जनरल कोच में ही दिखते थे। लेकिन अब स्लीपर-एसी सहित किसी भी कोच में घुसकर अवैध वसूली करते हैं। कुछ समय से ट्रेनों में यात्रियों को परेशान करने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

### बनारस-दादर एक्सप्रेस में टीटीई के पास मिले 1080 रुपए अधिक

## जबलपुर स्टेशन पर विजिलेंस टीम की छापेमारी

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे की विजिलेंस टीम ने बनारस से चलकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली गाड़ी संख्या 12168 के जबलपुर स्टेशन पहुंचने के देर शाम अचानक छापेमारी की। इस दौरान छिवकी से जबलपुर के बीच चलने वाले टिकट चेकिंग स्टाफ की जांच की तो उसके पास से 1080 रुपए अधिक मिले, जिस पर विजिलेंस टीम ने संबंधित टीटीई के खिलाफ केस बना कर जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों को सूचित किया है। इस कार्यवाही के दौरान स्टेशन पर रेल स्टाफ के बीच हड़कंप मचा रहा। बताया जाता है कि गाड़ी संख्या 12168 देर शाम प्लेटफार्म पर पहुंची तो पहले से विजिलेंस टीम के निरीक्षक मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने ट्रेन में प्रयागराज छिवकी से जबलपुर तक ड्यूटी करने वाले टिकट चेकिंग स्टाफ की जांच शुरू की। इस दौरान सिकंदर सिंह नामक टीटीई के पास 1080 रुपए अधिक मिले, जिसके बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, लिहाजा विजिलेंस टीम ने उसके खिलाफ मामला बनाकर, वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

### 75 हजार रुपए के बच्चों के खेल बैंक के नोट थमाए, आरोपी

# जादू टोना से 6 गुना करने का प्रलोभन देकर ठगी

हरिभूमि जबलपुर।

गोहलपुर में लोगों की सतर्कता से कई लोग ठगी का शिकार होने से बच गए। एक शातिर ठग ने जादू टोना से रुपए 4 से 6 गुना करने का प्रलोभन देकर एक युवक से 15 हजार रुपए की ठगी कर उसे 75 हजार रुपए बोलकर गड्डियां थमा दी और चलता बना। नोटो की जांच करने पर पीड़ित ने पाया कि नोटों के बंडल में ऊपर नीचे 5 सौ रुपए के असली और बीच में 148 नोट बच्चों के बैंक के नकली नोट थे। पीड़ित ने स्थानीय जनों की मदद से आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया हैं।

पुलिस के अुनसार इस मामले में मंगलवार दोपहर आनंद नगर थाना टाउन जिला भोजपुर निवासी 18 वर्षीय अनिकेत राय अपने साथी शिवलगन के साथ आरोपी ग्राम कंजई लालबर्रा जिला बालाघाट



निवासी 27 वर्षीय विनय उर्फ विनू रहंगडाले पिता नितिन को लेकर थाने पहुंचे। अनिकेत ने पुलिस को बताया कि एक लड़के ने उसके मोबाइल पर कॉल कर बताया कि वह जादू टोना के माध्यम से रुपय 4 से 6 गुना कर देता हैं। मंगलवार सुबह 9 बजे अनिकेत अपने साथी शिवलगन के साथ लेमा गार्डन आरोपी से मिलने आया था और उसकी बातों में आकर आरोपी को 15 हजार रुपए दे दिए। आरोपी विनय उर्फ विनू ने इसके बाद कुछ तंत्र-मंत्र विधाएं की और रुपयों की मोटी गड्डी निकालकर उसे दे दी। गड्डी देते हुए आरोपी विनय उर्फ विनू ने कहा कि उसने उसकी 15 हजार रुपए 75 हजार रुपए में बदल दिए हैं। रुपए की गड्डी के आगे और पिछले हिस्से में 5-5 सौ रुपए के असली नोट लगे थे। आरोपी विनय उर्फ विनू गड्डी देते ही जाने लगा उसी समय अनिकेत और अन्य ने गड्डी में चारों तक से लिपटी पन्नी को खोलकर देखा तो गड्डी में आगे पीछे के नोट तो असली से जबकि बीच के शेष 148 नोट बच्चों के खेलने में काम आने वाले भारतीय बच्चों के बैंक के 5-5 सौ रुपए के नकली नोट थे। अनिकेत और साथी ने तलाश की तो आरोपी विनय उर्फ वीनू अमखेरा रोड, गोहलपुर में मिला। जिसे अनिकेत ने अपने साथी की मदद से पकड़ा। रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी विनय उर्फ विनू रहंगडाले पिता नितिन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम कंजई लालबर्रा जिला बालाघाट को अभिरक्षा में लेते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया।

### सितंबर से ही केंद्र सरकार ने कर दिया है पोर्टल बंद

## मप्र का बीपीएल कोटा पूरा, नए नाम जोडऩा बंद

**जबलपुर।** मप्र का बीपीएल कोटा फुल होने के कारण सितंबर महीने से बीपीएल में नए नाम जुडऩा बंद हो गया। इस कारण इस श्रेणी में आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। उन्हें राशन से लेकर आरटीई के तहत एडमिशन और पीएम बीमा का लाभ भी नहीं मिल रहा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही नए नाम जुडऩा शुरू हो जाएंगे। असल में सितंबर में कोटा पूरा होने के बाद केंद्र सरकार ने मप्र के लिए पोर्टल बंद कर दिया है। इस कारण नए नाम ऐड नहीं हो पा रहा है। नए नाम रजिस्टर्ड हो रहे हैं, लेकिन वे जुड़ नहीं रहे हैं। पुराने सभी आईडी की 31 मई तक ई केवाईसी की गई है। इसके माध्यम से अपात्र से लेकर डुप्लीकेट और डेड आईडी को डिलीट किया गया है। ऐसे आईडी चिन्हित किया जिनसे छह महीने से रोशन नहीं लिया गया। माना गया कि इन्हें इसकी जरूरत नहीं है। कुछ लोगों की मृत्यु हो चुकी है। कुछ की शादी हो गई है तो कुछ घर छोडक़र भी चले गए हैं। जिस कारण इनके ई केवाईसी नहीं हुई और नाम खुद व खुद कट गए।







### पत्थर और डंडे से मारपीट, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

# समधी, समधन और दामाद आपस में झगड़े

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत झामनदास चौक नटबाबा की पहाड़ियां में घरेलू विवाद को लेकर समधी समधन के बीच जमकर मारपीट हो गई। बताया गया है कि समधी की लड़की ने समधन के लड़के से प्रेम विवाह किया था बाद में दोनों के बीच घरेलू विवाद होने लगा। पिता होने के नाते समधन को समझाईश देने पर एतराज था जिस पर मारपीट शुरु हो गई और पत्थर व डंडे के हमले में समधी समधन दोनों घायल हो गए।

घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झामनदास चौक नटबाबा की पहाड़िया निवासी 50 वर्षीय सूरज समन की बेटी नंदनी समन का प्रेम विवाह गोलू चौधरी से हुआ है। नंदनी एवं गोलू का घरेलू वाद विवाद चलता था जिसे वह दोनों को समझाता था। गत रात लगभग 11।30 बजे नंदनी अपने भाई साहिल के जन्मदिन पर मायके आई थी तभी गोलू चौधरी नंदनी को बुलाने लगा, तो नंदनी ने कहा कि खाना खाकर आ रही हूं, इसी बात को लेकर गोलू चौधरी नंदनी



को गालियां देने लगा, तो नंदनी अपने पिता सूरज समन के साथ घमापुर थाने पहुंची जहां दोनों पक्षों का समझाकर घर भेज दिया था। जैसे ही घर के पास पहुंचे, उसी समय गोलू चौधरी, गोलू चौधरी की मां लाड़ली चौधरी दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो गोलू चौधरी ने पत्थर उठाकर सूरज के सिर पर हमला कर दिया वहीं लाड़ली चौधरी ने मारपीट कर दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी मां बेटे के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

वहीं दूसरे पक्ष झामनदास चौक निवासी 45 वर्षीय श्रीमति लाडली चौधरी के बेटे गोलू और बहू नंदनी के बीच घरेलू विवाद चला रहा है, नंदनी यह कहते हुये कि भाई का जन्मदिन है भाई के घर चली गयी थी बेटा गोलू सब्जी का ठेला बंद कर घर आया एवं फोन लगाकर नंदनी को घर बुलाया, नंदनी घर आयी तथा दोनों में लड़ाई होने लगी उसने दोनों को समझाया, तो सूरज समन नंदनी को थाने लेकर आ गया, तो वह भी पीछे पीछे आयी। दोनों आपस में बात कर घर जा रहे थे, जैसे ही सूरज के घर के पास पहुंचे तभी सूरज समन गालीगलौज कर डण्डे से मारपीट करने लगा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी सूरज समन के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# हत्या के 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह बाघेला की अदालत ने भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या के आरोप में तीन आरोपियों का दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक गत 10 जून 2020 की रात 11 बजे आरोपी अमित सोनकर, पवन सोनकर व दुर्गेश ने मिलकर स्वदीप पटेल पर उस वक्त जानलेवा हमला किया, जब स्वदीप अपने दोस्त आशीष पटेल के आफिस में बैठकर खाना खा रहा था। अभियोजन के मुताबिक मृतक और आरोपी के बीच रेत के व्यवसाय को लेकर रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने गालीगलौज की और अमित सोनकर ने स्वदीप के सीने में चाकू घोप दिया। अन्य दो आरोपी पवन सोनकर और दुर्गेश ने मिलकर मारपीट की। इस हमले में घायल स्वदीप को उसका मित्र पवन पटेल इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भेड़ाघाट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 302 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से श्रीमती बविता कुल्हारा नागदेव विशेष लोक अभियोजक द्वारा पैरवी की गई, जिनके तर्को से सहमत होकर अदालत ने आरोपियों को दोष सिद्ध पाया उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुना दी और 2-2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240